3 राजधानी
13 करोड़ की कोकीन जब्त, महीला गिरफ्तार

6 अभिमत
प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक अमेरिका यात्रा

10 विदेश
उत्तर कोरिया ने फिर शुरू किया मिसाइल परीक्षण

11 राष्ट्रीय
आप विधायक पर मकान हड़पने का आरोप लगाया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 221
नई दिल्ली, शनिवार, 17 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

इंडोनेशिया ओपन से श्रीकांत हुए बाहर
स्पोर्ट्स-12

केंद्रीय मंत्री का घर जलाने की कोशिश

मणिपुर में कई स्थानों पर तोड़फोड़ व आगजनी, पूर्व आईएएस अधिकारी का गोदाम भी खाक

- रास्ते अवरुद्ध होने से राज्य के कई हिस्सो मे शिशु आहार, दवाओ की आपूर्ति प्रभावित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/इंफाल

केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह के आवास में जले हुए सामानों पर पानी डालता एक कर्मचारी।

इंफाल के पैलेस कंपाउंड में शुक्रवार को उपद्रवियों ने एक पुराने गोदाम को आग लगा दी।

जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं फिर तेज हो गई हैं। राजधानी इंफाल में शुक्रवार को उपद्रवियों ने केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री आर के रंजन सिंह के आवास में तोड़फोड़ की और उसे फूंकने की कोशिश की। भवन के बाहरी हिस्से में गाड़ी समेत काफी सामान जल गया। इसके अलावा एक पूर्व आईएएस अधिकारी के गोदाम को भी आग के हवाले कर दिया गया।

हिंसा के चलते राज्य के कई हिस्सों में शिशु आहार और दवाओं सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बुरी प्रभावित हो गई है। रास्ते अवरुद्ध किए जाने से कई जगहों पर सुरक्षा बल नहीं पहुंच पा रहे हैं। मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने लोगों से अपील की है कि वे सामान्य स्थिति बहाल करने की सरकार की कोशिशों पर भरोसा करें। बीते बुधवार को कुकी गांव के बाहर दो गुटों की मुठभेड़ में नौ लोगों की मौत के बाद स्थिति को और तनावपूर्ण बना दिया है। राज्य की राजधानी इंफाल सहित अन्य स्थानों पर भीड़ को हिंसा के लिए उकसाया। इंफाल में बृहस्पतिवार और फिर शुक्रवार को कई स्थानों पर झड़पें हुईं और मकानों को आग के हवाले कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि शहर में आम लोगों की भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच बृहस्पतिवार देर रात झड़पें हुईं। मंत्री रंजन सिंह ने आवास में तोड़-फोड़ की घटना के बाद एजेंसी से कहा कि वह तीन मई को जब राज्य में जातीय संघर्ष शुरू हुआ था, तभी से शांति स्थापित करने और हिंसा रोकने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी के एक समारोह के लिए कोच्चि गए केंद्रीय मंत्री अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर इंफाल लौट गए हैं। उन्होंने कहा कि यह दो समुदायों के बीच गलतफहमी का मामला है। उन्होंने कहा कि यदि यह धर्म का मामला है, तो मैं एक हिंदू हूं। हमलावर हिंदू हैं, तो यह धर्म का भी मामला नहीं है। यह बस एक भीड़ है। सरकार ने एक शांति समिति (शेष पेज 9)

शांति बहाली में जुटा केंद्र, कांग्रेस ने उठाई सर्वदलीय बैठक की मांग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मणिपुर में कई उपायों के जरिए सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि इन उपायों में सुरक्षा बलों द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों और अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कड़ी निगरानी शामिल है। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्थिति का आकलन करने और केंद्रीय बलों के बेहतर इस्तेमाल और समन्वय के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक एस. एल. थाउसेन को मणिपुर भेजा है।

सूत्रों ने बताया कि वर्तमान में, राज्य पुलिस बलों के अलावा मणिपुर में लगभग 30,000 केंद्रीय सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। इन बलों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की लगभग आठ बटालियन, सेना की 80 टुकड़ियां (कॉलम) और असम राइफल्स की 67 टुकड़ियां शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी पिछले महीने मणिपुर का दौरा किया था। कांग्रेस ने मणिपुर में हिंसा को लेकर शुक्रवार को फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने ट्वीट (शेष पेज 9)

बिपारजॉय ने जमकर मचाई तबाही

- गुजरात में एक हजार घरों में बिजली नहीं, पेड़ उखड़े, मकान क्षतिग्रस्त
- अधिकारियों के मुताबिक किसी व्यक्ति की मौत न होना सबसे बड़ी उपलब्धि

एजेंसी। अहमदाबाद

गुजरात के पोरबंदर में शुक्रवार को चक्रवात बिपारजॉय की चपेट में आने से उखड़ा पेड़।

चक्रवाती तूफान बिपारजॉय के कारण तेज हवाएं चलने और भारी बारिश होने से गुजरात के कच्छ और सौराष्ट्र के इलाकों में भारी तबाही हुई है। तूफान से बिजली के सैंकड़ों खंभे क्षतिग्रस्त हो गए और 1,000 से अधिक गांवों में अब भी बिजली नहीं है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चक्रवात के कारण राज्य में किसी व्यक्ति की मौत नहीं हुई, जो 'सबसे बड़ी उपलब्धि' है।

बिपारजॉय का बांग्ला भाषा में अर्थ है आपदा। चक्रवाती तूफान के जखौ बंदरगाह के निकट पहुंचने की प्रक्रिया बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े छह बजे शुरू हुई और शुक्रवार को तड़के दो बजकर 30 मिनट तक चली। इस दौरान पूरे कच्छ जिले में भारी बारिश हुई। चक्रवात के कारण 140 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलीं और भारी बारिश से बड़ी संख्या में पेड़ तथा बिजली के खंभे उखड़ गए और समुद्र का पानी निचले इलाके के गांवों में भर गया। राज्य राहत आयुक्त आलोक कुमार पांडे ने संवाददाताओं से कहा, चक्रवाती तूफान बिपारजॉय से अभी तक किसी के जान जाने की सूचना नहीं है। यह राज्य के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

यह हमारे सम्मलित प्रयासों से संभव हो सका। उन्होंने कहा कि तूफान से राज्य की बिजली कंपनी पश्चिम गुजरात विज कंपनी लिमिटेड को भारी नुकसान हुआ है और बिजली के 5,120 खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि कम से कम 4,600 गांवों में बिजली नहीं थी लेकिन 3,580 गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

अधिकारियों ने बताया कि कम से कम 600 पेड़ उखड़ गए हैं और राज्य के तीन राजमार्गों में टूट-फूट तथा पेड़ गिरने से यातायात ठप हो गया। चक्रवाती तूफान से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 23 लोग घायल हो गए वहीं कई मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। तेज बारिश के बीच भावनगर में (शेष पेज 9)

राजस्थान के कई इलाकों में भारी बारिश

जयपुर। चक्रवाती तूफान बिपारजॉय का असर राजस्थान के कुछ इलाकों में भी देखने को मिला जहां जालोर और बाड़मेर जिले में कई जगह भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जालोर में आज सुबह तक 69 मिमी बारिश हो चुकी है और बारिश जारी है। इसी के साथ जैसलमेर, जोधपुर, पाली, व सिरोही के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश की संभावना है।

समय से पहले हो सकते हैं आम चुनाव: नीतीश

- कहा- विपक्षी एकता के प्रयासों में तेजी आने से चिंतित भाजपा उठा सकती है यह कदम
- मांझी पर भाजपा के लिए विपक्षी दलो की जासूसी का लगाया आरोप

पायनियर समाचार सेवा। पटना

पटना में शुक्रवार को राजभवन में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जदयू विधायक तथा मंत्री रत्नेश सदा के शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर।

देश में समय पूर्व लोकसभा चुनाव कराए जाने का अनुमान व्यक्त करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि इसकी संभावना विपक्षी एकता के उनके अभियान के जोर पकड़ने से सत्तारूढ़ भाजपा के डर के कारण पैदा हुई है।

संवाददाताओं से यहां बातचीत में नीतीश ने सत्तारूढ़ महागठबंधन से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को निकाले जाने का बचाव करते हुए आरोप लगाया कि हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संस्थापक वस्तुत: भारतीय जनता पार्टी के लिए विपक्षी दलों की जासूसी कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, समय पूर्व चुनाव की बात मैंने ऐसे ही कही थी, लेकिन इसकी प्रबल संभावना है। जो लोग केंद्र की सत्ता में बैठे हैं, उन्हें इस बात की भनक है कि विपक्षी खेमे में काफी गतिविधि चल रही है। विपक्षी एकता के प्रयास के तहत भारतीय जनता पार्टी के विरोधी विभिन्न दलों के नेता यहां 23 जून को एक बैठक के लिए जुटेंगे। जद(यू) के शीर्ष नेता पार्टी विधायक रत्नेश सदा के मंत्री पद की शपथ लेने के बाद राजभवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

मंत्रिमंडल में यह जगह मांझी के बेटे संतोष सुमन के इस्तीफे से खाली हुई थी, जो प्रदेश सरकार में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) कल्याण विभाग संभाल रहे थे। रत्नेश सदा को एससी और एसटी कल्याण विभाग के आवंटन की पुष्टि करने वाली कैबिनेट की अधिसूचना उनके शपथ ग्रहण के तुरंत बाद आई। मांझी ने हाल (शेष पेज 9)

कश्मीर में पांच आतंकी ढेर घुसपैठ की कोशिश नाकाम

पायनियर समाचार सेवा। जम्मू/ कुपवाड़ा

- सुरक्षा बलों द्वारा 2021 के बाद नाकाम किया गया घुसपैठ का यह सबसे बड़ा प्रयास

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को पांच हथियारबंद विदेशी आतंकवादियों को मार गिराया और कहा कि यह 2021 के बाद नाकाम किया गया घुसपैठ का सबसे बड़ा प्रयास था।

उसी साल भारत और पाकिस्तान ने संघर्षविराम समझौता लागू किया था। सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा जुटाई गई विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर बृहस्पतिवार केरन सेक्टर के जुमागुंड क्षेत्र में एक अभियान शुरू किया। मीडिया को संबोधित करते हुए सेना की 28वीं डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर (शेष पेज 9)

नेहरू संग्रहालय का बदला नाम कांग्रेस और भाजपा में घमासान

- विपक्षी दल ने केंद्र सरकार पर संकीर्ण सोच और प्रतिशोध से काम करने का आरोप लगाया
- सत्ताधारी पार्टी ने कहा-प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने वाले अपने नेताओं का भी अपमान करने से नहीं हिचकती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फाइल चित्र

राजधानी दिल्ली के तीन मूर्ति भवन परिसर में स्थित नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी (एनएमएमएल) का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी कर दिया गया है। इसे लेकर विपक्षी कांग्रेस और सत्तारूढ़ भाजपा के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया है।

कांग्रेस ने जहां इस मुद्दे पर केंद्र सरकार पर संकीर्ण सोच और प्रतिशोध से काम करने का आरोप लगाया, वहीं सत्तारूढ़ भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने वाले अपने नेताओं का भी अपमान करने से नहीं हिचकती। गौरतलब है कि सोसाइटी का नाम बदले जाने से एक साल पहले, देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का आधिकारिक आवास रहे तीन मूर्ति भवन परिसर में प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन किया गया था। संस्कृति मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सोसाइटी के उपाध्यक्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एनएमएमएल की विशेष बैठक में इसका नाम बदलने का फैसला किया गया है।

कांग्रेस ने एनएमएमएल का नाम बदले जाने को लेकर केंद्र सरकार पर संकीर्ण सोच और प्रतिशोध से काम करने का आरोप लगाया और कहा कि इमारतों के नाम बदलने से विरासतें नहीं मिटा करतीं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

मोदी 20 से 25 तक अमेरिका मिस्र की यात्रा पर जाएंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 से 25 जून तक अमेरिका और मिस्र की राजकीय यात्रा करेंगे। इस दौरान वह दोनो देशो के साथ पहले से ही मजबूत संबंधो को और प्रगाढ़ बनाने पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, मोदी की अमेरिका की यात्रा न्यूयॉर्क से शुरू होगी, जहां वह 21 जून को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय मे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की अगुवाई करेंगे। ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसंबर 2014 मे एक प्रस्ताव पारित करके 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। विदेश मंत्रालय के बयान मे कहा गया है, इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी वाशिंगटन डी.सी. जाएंगे, जहां 22 जून को व्हाइट हाउस मे उनका पारंपरिक स्वागत किया जाएगा और वह अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ अपनी उच्च स्तरीय वार्ता के क्रम को जारी रखते हुए उनसे मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन 22 जून की शाम प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान मे राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर केविन मैकार्थी और सीनेट के स्पीकर चार्ल्स शूमर समेत कई सांसदो के निमंत्रण पर 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे।

आईपीएस अफसर यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी करार

एजेंसी। विल्लुपुरम (तमिलनाडु)

तमिलनाडु में विल्लुपुरम की एक अदालत ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के निलंबित अधिकारी राजेश दास को एक महिला अधीनस्थ अधिकारी से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले में शुक्रवार को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) ने दास को तीन साल कैद की सजा सुनाई और उन पर 20,500 रुपए का जुर्माना लगाया। मामले की जांच तमिलनाडु पुलिस की अपराध जांच शाखा (सीआईडी) ने की थी और जांच एजेंसी ने चेंगलपट्टू के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) कन्नन के खिलाफ भी मामला दर्ज किया था, जिन्होंने दास के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए चेन्नई जाते समय महिला को कथित तौर पर रोका था। सीजेएम ने कन्नन पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया। हालांकि, अदालत ने (शेष पेज 9)

स्वस्थ व प्रसन्न रहने के लिए योग दुनिया को जोड़ता है: मोदी

- 21 जून को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की अगुवाई करेंगे प्रधानमंत्री मोदी
- कार्यक्रम में महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी भी लेंगे भाग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग के वैश्विक स्तर पर और अधिक लोकप्रिय होने की कामना करते हुए शुक्रवार को कहा कि तन-मन से स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए योग दुनिया को जोड़ता है।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी योग दिवस से कुछ दिन पहले आई है। वह अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान 21 जून को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की अगुवाई करेंगे। इस समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अध्यक्ष साबा कोरोसी भी भाग लेंगे। कोरोसी ने एक ट्वीट में कहा, मैं अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ संयुक्त राष्ट्र में होने वाले नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेने के लिए उत्साहित हूं। उनके इस ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में आपसे मिलने के लिए उत्सुक हूं। आपकी भागीदारी कार्यक्रम को और भी विशेष बनाती है। योग तन-मन से स्वस्थ व प्रसन्न रहने की दिशा में दुनिया को एक साथ लाता है। विश्व स्तर पर योग और अधिक लोकप्रिय हो। प्रधानमंत्री मोदी ने एक और ट्वीट के जरिए लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

उन्होंने विभिन्न आसनों को दर्शाते हुए एक वीडियो भी साझा किया। उन्होंने कहा, योग शरीर और मन दोनों को बहुत लाभ पहुंचाता है। यह मजबूती, लचीलापन और शांति को बढ़ावा देता है। आइए, हम योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और तन-मन से स्वस्थ और प्रसन्न रहें। इससे शांति भी मिलती है। मोदी की अमेरिका की यात्रा न्यूयॉर्क से शुरू होगी, जहां वह 21 जून को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की अगुवाई करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसंबर 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था।

गुजरातः अदालत ने गोधरा बाद के दंगों के मामलों में 35 आरोपियों को किया बरी

हालोल। गुजरात के पंचमहल जिले में हालोल शहर की एक अदालत ने 2002 के गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के चार अलग-अलग मामलों में सभी 35 आरोपियों को बरी कर दिया है। इन चार मामलों में, तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हर्ष त्रिवेदी की अदालत ने 12 जून को अपना फैसला सुनाया, जो 15 जून को उपलब्ध हुआ। अदालत ने दंगों को सुनियोजित बताने को लेकर छद्म धर्मनिरपेक्ष मीडिया और नेताओं की आलोचना की। डेलोल गांव में कलोल बस पड़ाव और डेरोल रेलवे स्टेशन क्षेत्र में 28 फरवरी, 2002 को हिंसा फैल जाने के बाद 35 लोगों को हत्या एवं दंगा फैलाने का आरोपी बनाया गया था। एक दिन पहले ही गोधरा में साबरमती ट्रेन में आग लगा दी गई थी। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि घातक हथियारों से तीन लोगों की हत्या कर दी गई और सबूत नष्ट करने के इरादे से उनके शव जला दिए गए।

प्राधिकरण बिल्डरों से जब्त फ्लैटों की जल्द शुरू करेगा नीलामी

नोएडा स्थित गुलमोहर सोसाइटी के बिल्डर पर 30 करोड़ रुपये का बकाया, पांच फ्लैट होंगे नीलामः एसीईओ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण डिफॉल्टर बिल्डरों की सील हो चुकी परियोजनाओं को जल्द नीलाम करने जा रहा है। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से तैयारियां भी शुरू हो चुकी है। नोएडा प्राधिकरण ने पहली बार एक सोसायटी के पांच फ्लैट को ई-नीलामी करने की योजना निकाली है।

इन सभी फ्लैट को नोएडा प्राधिकरण जल्द नीलाम करेगा। नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभाष कुमार ने बताया कि सेक्टर 44 में गुलमोहर सोसाइटी है। इस बिल्डर पर प्राधिकरण के करीब 30 करोड़ रुपये बकाया हैं।

कई बार नोटिस देने के बाद भी बिल्डर द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की जा रही है। यह सोसायटी अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन को हैंडओवर भी की जा चुकी है। एओए ने भी बकाया राशि प्राधिकरण के कार्यालय में जमा करने से मना कर दिया था। ऐसे में अब इन फ्लैट को नीलाम करने की योजना प्राधिकरण ने तैयार की है। पांच फ्लैट को नीलाम करने की योजना नोएडा प्राधिकरण जल्द लेकर आ रहा है। नीलामी के दौरान जो भी खरीदार सबसे ऊंची बोली लगाएगा। उनको फ्लैट आवंटित किया जाएगा। वहीं, बकाया नहीं देने वाले बिल्डरों पर लगातार प्राधिकरण की तरफ से सख्ती बरती जा रही है। हाल ही में सेक्टर 70 स्थित पैन रियलटर्स की पैन ओसिस सोसायटी के एक निर्माणाधीन टावर को सील किया गया है। उसके खिलाफ बकाया वसूली करने के लिए आरसी जारी की गई है। इस परियोजना पर प्राधिकरण के 470 करोड़ रुपये बकाया है।

टॉप-20 डिफॉल्टरों के आवंटन होंगे निरस्त

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ईकोटेक 16 में वेयर हाउसिंग स्कीम लांच करेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने औद्योगिक विभाग की समीक्षा करते हुए इस बाबत निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने टॉप-20 डिफॉल्टरों के आवंटन भी तत्काल निरस्त करने को कहा है। सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने कहा कि जिन आवंटियों ने अभी तक न तो उद्योग लगाया है और न ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का पैसा दे रहें, ऐसे आवंटियों का अब और इंतजार न करें। अगर आवंटी को अंतिम नोटिस भेजी गई है तो समय सीमा पूरी होते ही उनके आवंटन निरस्त कर दिए जाएं। प्लॉट को कब्जे में लेकर स्कीम के जरिए अन्य निवेशकों को आवंटित करें, ताकि उन भूखंडों पर उद्योग लग सकें और युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सके। बैठक में प्राधिकरण के एसीईओ आनंद वर्धन, ओएसडी विशु राजा सहित अन्य मौजूद रहे।

मां-बाप सोते रहे गहरी नींद, मासूम की 8वीं मंजिल से गिरकर मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-78 स्थित हाइड पार्क सोसाइटी में 8वीं मंजिल की बॉलकनी से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, साफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत चौहान अपने परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार की सुबह करीब पौने छह बजे परिवार के सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे कि प्रशांत का 5 साल का बेटा अक्षत चौहान नींद से जाग गया। उठने के बाद वह फ्लैट की बालकनी में पहुंच गया।

बताया जाता है कि अचानक मासूम बालक अक्षत नीचे आ गिरा। सुबह की सैर पर निकले लोगों ने नीचे गिरे बालक को उठाया। इसके बाद सोसायटी के गार्ड ने प्रशांत और उसके परिवार को हादसे की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। आनन फानन में परिवार बालक को मदरलैंड अस्पताल लेकर गए, जहां से बालक की हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन बच्चे को कैलाश अस्पताल ले गए। कैलाश अस्पताल में डाक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

4-5 फीट की है रेलिंग

जिस बॉलकनी से बच्चा गिरा उसमें लगी रेलिंग 4-5 फीट की है। रेलिंग में गैप भी काफी है। आशंका जताई जा रही है कि बच्चा इसी रेलिंग के बीच से गिरा होगा। फिलहाल पुलिस मौके पर है और जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं परिवार सदमे में है उनका रो-रो कर बुरा हाल है।

प्रकाशन
प्रपत्र सं. 3
खविनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें,
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओए/230/2023
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 18022
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
राजेश रंजन वर्मा

सेवा में,
(1) राजेश रंजन वर्मा
डी/डब्ल्यू/एस/ओ- चंदेशर प्रसाद वर्मा, राजेश रंजन वर्मा पुत्र श्री चंदेशर प्रसाद वर्मा, निवासी मकान नंबर 315/1 गली नंबर 4, चौहान कालोनी, पल्ला नंबर 1, अमर नगर, फरीदाबाद हरियाणा-121002.
पैन नंबर एआईओपीवी0827ए
फरीदाबाद, हरियाणा
अन्य पता :
सी/ओ टॉयज ऐंड गिट्स शॉप नंबर 30, सेक्टर-46, फरीदाबाद, हरियाणा
अन्य पता :
रंजन वर्मा पुत्र श्री चंदेशर प्रसाद वर्मा, सी/ओ टॉयज ऐंड गिट्स शॉपनंबर 30, सेक्टर-46, फरीदाबाद, हरियाणा-121001.
फरीदाबाद, हरियाणा 121001
अन्य पता :
रंजन वर्मा पुत्र श्री चंदेशर प्रसाद वर्मा, आवासीय प्लॉट नंबर 4226, द्वितीय तल, सैनिक कालोनी, सेक्टर-49, फरीदाबाद, हरियाणा-121012
फरीदाबाद, हरियाणा-121012
(2) रंजू कुमारी
पत्नी श्री राजेश रंजन वर्मा, मकान नंबर 3 15 ऑफ 1 वार्ड नंबर 16, ग्राम मदपुर राजीव नगर
अन्य पता :
सी/ओ मकान नंबर 315 ऑफ 1 गली नंबर 4, चौहान कालोनी नंबर 1, अमर नगर फरीदाबाद, हरियाणा
अन्य पता :
आवासीय प्लॉट नंबर 4226, द्वितीय तल, सैनिक कालोनी, सेक्टर-49, फरीदाबाद, हरियाणा

सम्मन

जबकि, ओए/230/2023 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 06-05-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 51,77,890/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरुद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 27-10-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 29-05-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

कार्यकारिणी चुनाव को लेकर आपसी सहमति का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

निगम बोर्ड की पहली बैठक 22 या 23 जून को हो जाएगी। बोर्ड बैठक में ही कार्यकारिणी के 12 सदस्यों का चुनाव भी होना है। इसके लिए भाजपा और विपक्षी दलों में आपसी सहमति पर चर्चा चल रही है।

नगर निगम विभाग की ओर से बोर्ड की पहली बैठक बुलाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। बोर्ड की पहली बैठक किसी भी सूरत में 23 जून तक होनी है। बैठक में जो प्रस्ताव पास होंगे उन प्रस्तावों को तीस जून से पहले शासन के अनुमोदन के लिए भेजा जाना है। यूपी सरकार ने इस संबंध में पहले ही एक आदेश जारी कर दिया था। भाजपा की रणनीति यही है कि कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव आपसी सहमति से हो जाए। क्योंकि यदि चुनाव की नौबत आई तो संख्या बल के आधार पर भाजपा विपक्ष पर भारी पड़ जाएगी।

मेयर सुनीता दयाल चाहती हैं कि कार्यकारिणी में विपक्ष की भी भागीदारी होनी चाहिए। उनका मानना है कि नगर निगम में सत्ता पक्ष और विपक्ष मिलकर काम करेगा तो शहर के लिए बहुत अच्छा होगा। मेयर सुनीत दयाल अंतिम समय तक आपसी सहमति पर अडिग हैं। हालांकि देखना यह होगा विपक्ष शामिल होगी या नहीं।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड,लैंडमार्क, रेस कोर्स सर्किल, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई). मुम्बई-400051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 7, कम्युनिटी सेंटर एस.डी. टावर, सेक्टर-8, रोहिणी, नई दिल्ली-110085

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथा कि उसके अतिरिक्त, यहां नीचे वर्णित उक्त कर्जदारों की सूचना के प्रयोजनार्थ, उक्त कर्जदारों को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	LADEL00041935749/उबेद अहमद/बी-12, तृतीय तल, अमर कालोनी/लाजपत नगर-4/दिल्ली - 110024	स्विट/वीएक्सआई एएमटी/ एमबीएचसीजैडसी63एसएलजी608187	2-Mar-23 Rs.3,92,568/-	08-09-2022
2.	LAGUR00037103934/सतपाल सिंह/कृष्ण हंस/10/19 हंस एन्क्लेव एनएच-8, निकट दिनेश/ जैन कॉम्प्लेक्स, गुरूग्राम-122001	हेक्सा/एक्सटीए/ एमएटी614752एचआरके11000	2-Mar-23 Rs. 3,59,720.4/-	09-11-2021
3.	PGUR00041619254/सतपाल सिंह/कृष्ण हंस/10/19 हंस एन्क्लेव एनएच-8, निकट दिनेश जैन कॉम्प्लेक्स, गुरूग्राम-122001	हेक्सा/एक्सटीए/ एमएटी614752एचआरके11000	2-Mar-23 Rs. 7,49,094/-	09-11-2021
4.	LAGUR00037955107/सुनीता/रवि यादव/ग्राम बमरोली सिकंदरपुर बढ़ा (109)/ गुरूग्राम-122001	स्विट/वीडीआई/ एमबीएचसीजैडसी03एसजेएच239319	2-Mar-23 Rs. 2,49,473/-	31-10-2020
5.	LUGUR00041161263/सुनीता/रवि यादव/ग्राम बमरोली सिकंदरपुर बढ़ा (109)/ गुरूग्राम-122004	स्विट/वीडीआई/ एमबीएचसीजैडसी03एसजेएच239319 टीपी	2-Mar-23 Rs. 2,12,161/-	31-10-2020
6.	LAGHZ00037826260/दीपक अग्रवाल/लैट 5/1, बिल्डिंग 679/शुभम अपार्टमेंट/शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1/गाजियाबाद-201005	डेल्टा/पेट्रोल/ बलेनो/डीएल8सीएवी2641	8-Mar-23 Rs. 3,25,039/-	31-12-2020
7.	LADEL00041743456/मनीष कुमार रोशन/प्लॉट नंबर 127, चतुर्थ तल, फ्लैट नंबर 401/गली नंबर 14, जैन रोड भगवती गार्डन/एक्सटेंशन द्वारका मोड़/दिल्ली-110059	वीएक्सआई/स्विट/डीएल8सीएजैड9 869	8-Mar-23 Rs. 4,32,224/-	06-05-2022
8.	LADEL00040770742/मनोज कुमार/एच नंबर डी-57 गली नंबर 8ए/दशरथपुरी/दिल्ली-110045	सेल्टोस/जीटीएक्स प्लस स्मार्टएसटीआरएम जी1.4 टी-जीडीआई 6 एमटी/ एमजैडबीईटी811एलकेएन009219	2-Mar-23 Rs. 8,02,552/-	10-12-2022
9.	LANOD00041782980/राहुल गिरि/195ए/विकास एन्क्लेव सेक्टर-4/ओल्ड हैबतपुर/गाजियाबाद-201009	बलेनो/सिग्मा 1.2/ एमबीएचईडब्ल्यूबी22एसएलजी491072	2-Mar-23 Rs.3,44,484/-	25-07-2021
10.	LANOD00041446016/निधि खुल्लर/बी-162/सेक्टर-51, निकट एसबीआई बैंक/नोएडा/बड़ौत-201301	जीप कम्पास/ स्पोर्ट/ एमसीएएजेपीएएच7जेएफए528975के	2-Mar-23 Rs. 7,51,730/-	14-05-2022
11.	LAGUR00042534299/गोड्डू कुमार/एच नंबर 5, मारूति कुंज रोड वाटिका कुंज/भोंडसी, 168, गुरूग्राम-122001, हरियाणा	वैगन आर 1.0/एलएक्सआई/ एमए3जेएमटी31एसएलके363376	2-Mar-23 Rs. 3,88,699/-	27-05-2021
12.	LAGUR00040566010/एमडी मंसूर आलम/57 रूम नंबर 21 ग्राम नाथूपुर डीएलएफ फेज-3, गुरूग्राम-122010	ईको/सीएनजी 5 एसटीआर/ एमए3ईआरएलएफ1एस00731077	2-Mar-23 Rs. 3,15,424.4/-	12-01-2021
13.	LANOD00040971811/रोहित चौहान/मकान नंबर 21, शाहपुर गिवर धानपुर/सेक्टर-128, नोएडा/नोएडा-201304	बलेनो/जेटा/ पेट्रोल/ एमबीएचईडब्ल्यूबी22एसकेके373159	2-Mar-23 Rs. 6,18,433.8/-	02-04-2022
14.	LAGHZ00038416965/मिथिलेश तिवारी/आरसी 872 गली नंबर 6/वंदना एन्क्लेव खोड़ा कालोनी/गाजियाबाद-201012	स्विट/एलएक्सआई/ एमबीएचसीजैडसी63एसजेएल315604	2-Mar-23 Rs. 2,40,935/-	18-08-2021
15.	LADEL00038903733/नितिन/सावित्री/104/1 सेक्टर-1 पुष्प विहार/मालवीय नगर/हौज खास/ /दिल्ली-110017	ऑल्टो 800/एलएक्सआई/ एमए3ईयूए61एस00ई13713	2-Mar-23 Rs. 2,34,363/-	06-05-2022
16.	LADEL00039461426/धर्मेन्द्र सिंह/252-1 6/एफ मुनीरका ग्राम/साउथ वेस्ट दिल्ली/ /दिल्ली-110067	ऑल्टो 800/एलएक्सआई/ एमए3ईयूए61एस00ई47660	2-Mar-23 Rs. 2,35,678.22/-	14-09-2021
17.	LANOD00041524877/मुस्ताक अली/ग्राम-हरोला सेक्टर-5/जीबी नगर/नोएडा-201301	बलेनो/सिग्मा 1.2/ एमबीएचईडब्ल्यूबी22एसएलजी435925	2-Mar-23 Rs.3,55,929/-	03-01-2022
18.	LANOD00041176523/विश्वदीप/डी 4 गली नंबर 17 हिंडन विहार/नोएडा/जीबी नगर/नोएडा-201301	स्विट/एलएक्सआई/ एमबीएचसीजैडसी63एसकेएल525810	2-Mar-23 Rs.3,22,916/-	03-06-2022
19.	LADEL00043299051/राजेन्द्र प्रसाद शर्मा/केएच नंबर 993, भू तल, कादी विहार/ग्राम कादी पुर/दिल्ली-110036	स्विट/एलएक्सआई/ एमबीएचसीजैडसी63एसएमए723206	2-Mar-23 Rs. 4,01,941/-	03-08-2022
20.	LADEL00041306128/राज कुमार/डी-6/231 /1 सेक्टर-6, रोहिणी/दिल्ली-110085	वैगन आर 1.0/एलएक्सआई सीएनजी/ एमए3जेएमटी31एसकेएल250851	2-Mar-23 Rs.3,96,961/-	08-02-2022
21.	LANOD00041959814/कपिल कुमार/एच नंबर 75/ग्राम आनंदपुर/दादरी/नोएडा-201307	क्रेटा/1.5 एसएक्स (ओ)/ एमएएलपीए813एलएलएम039237	2-Mar-23 Rs.6,79,426/-	08-08-2022
22.	LAGUR00042299531/नृपेन्द्र सिंह/एच. नंबर 13 बसई एन्क्लेव/गली नंबर 1/गुरूग्राम/एलनाबाद-122001	वैगन आर 1.0/एलएक्सआई सीएनजी/ एमए3जेएमटी31एसएलके357001	2-Mar-23 Rs. 3,34,630/-	05-03-2022
23.	PGUR00044106784/सुरभि/हिमांशु चावला/एच. नंबर 870/27, गली नंबर 10, मदनपुरी जीजीएन/गुरूग्राम -122001	वेर्ना/1.6 सीआरडीआई एसएक्स/ एमएएलसी841डीएलजेएम064204	2-Mar-23 Rs. 8,73,064/-	11-08-2022
24.	LADEL00038468072/गुरमीत सिंह राणा/एच नंबर 10 गली नंबर 1 शहीद भगत सिंह/कालोनी वेस्ट करावल नगर, दिल्ली/दिल्ली-110094	आई 20/मैग्ना ऑप्शन 1.4/ एमएएलए851सीएलजेएम945439	2-Mar-23 Rs. 2,60,642/-	14-11-2022
25.	LADEL00044847549/गुरमीत सिंह राणा/एच नंबर 10 गली नंबर 1 शहीद भगत सिंह/कालोनी वेस्ट करावल नगर, दिल्ली/दिल्ली-110094	आई 20/मैग्ना ऑप्शन 1.4/ एमएएलए851सीएलजेएम945439	2-Mar-23 Rs. 4,35,728/-	14-11-2022
26.	SPNOD00042372880/दयाराम सिंह/ग्राम-डेरिन खेड़ा चौगानपुर/गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश/201306/नोएडा-201305	थंडर बर्ड/ यूपी16बीवी7374	24-Aug-22 Rs. 7,34,954/-	11-04-2023
27.	LAXB I00041523926/देवेन्दर कुमार/ग्राम नया गांव, बहादुरगढ़-124507	ऑल्ट्रांज/एक्सएम-पेट्रोल/ एचआर13क्यू1071	2-Jun-22 Rs.3,44,514/-	13-12-2021
28.	LADEL00013783653/सुदर्शन कंसोलिडेटेड लिमिटेड/304-305, शिवम हाउस करमपुरा/कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली/जुनावादाज/दिल्ली-110011	सिटी/जैडएक्स 1.5 जीएक्सआई/ डीएल4सीएएच6689	27-Apr-23 Rs. 29,98,439/-	11-01-2021
29.	LADEL00013783717/सुदर्शन कंसोलिडेटेड लिमिटेड/304-305, शिवम हाउस करमपुरा/कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली/जुनावादाज/दिल्ली-110011	सिटी/जैडएक्स 1.5 जीएक्सआई/ डीएल4सीएएच6558	27-Apr-23 Rs. 28,09,265/-	11-01-2021
30.	LAXB I00041512544/रवि/एच नंबर 5 ग्राम कर्नौदा तहसील बहादुरगढ़/बहादुरगढ़-124507	एक्सयूवी 300/एक्सयूवी 300 डब्ल्यू4/	30-Nov-22 Rs.8,49,491/-	06-05-2021
31.	LAXB I00042581100/जीत/एस ओ खजान सिंह एच नंबर 402/ बहादुरगढ़/बहादुरगढ़-124507	एचआर13क्यू3270 ग्लांजा/ग्लांजा वी सीवीटी/एचआर13आर2031	30-Nov-22 Rs. 10,47,850/-	11-01-2022

उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के बाद वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 17 जून, 2023
स्थान : दिल्ली
हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

81 गांवों के किसानों का प्राधिकरण पर हल्ला बोल

- मुआवजे की मांग को लेकर प्रशासन और किसानों की कई दौर की वार्ता हो चुकी है विफल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पिछले करीब डेढ़ वर्षों से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष कर रहे किसानों ने अब प्राधिकरण के खिलाफ आर-पार का मोर्चा खोल दिया है। करीब 81 गांवों के सैकड़ों की संख्या में किसान नोएडा के सेक्टर 5 स्थित हरौला के बारात घर में एकत्रित हुए।

यहां किसानों ने प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों का आरोप है कि डेढ़ साल पहले 122 दिन के प्रदर्शन में मांगों को लेकर सांसद और विधायक के सामने प्राधिकरण के अधिकारियों ने समझौता किया था। लेकिन, प्राधिकरण ने किसानों के साथ किए समझौते के आधार पर एक भी मांग को अब तक पूरा नहीं किया। वहीं, किसानों ने हौला के बारात घर से नारेबाजी करते हुए प्राधिकरण के कार्यालय की तरफ कूच किया।

इस दौरान पुलिस प्रशासन ने किसानों को रोकने के लिए प्राधिकरण के कार्यालय के चारों तरफ बैरिकेडिंग लगा रखी थी।

पुलिस प्रशासन ने प्राधिकरण का गेट भी बंद करवा दिया। जिससे किसान प्राधिकरण के कार्यालय में प्रवेश ना कर सके। प्राधिकरण के कार्यालय के बाहर पुलिस फोर्स भारी संख्या में तैनात रही। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने बताया कि पिछली बार सैकड़ों किसानों और महिलाओं ने 122 दिनों तक प्राधिकरण पर धरना-प्रदर्शन किया था। कई दौर की वार्ता भी अब तक हो चुकी है। अंतिम वार्ता में प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारियों ने वादा किया था कि सभी मांगों का समाधान कर दिया जाएगा। लेकिन, कई महीने गुजरने के बाद भी किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। अब मजबूरन उन्हें दोबारा धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। इस बार समाधान के बिना किसान किसी भी सूरत में हटने वाले नहीं है।

इसके लिए किसान हर कुर्बानी देने को तैयार है। सांसद और विधायक ने भी उन्हें समाधान का भरोसा दिया था। लेकिन, सांसद और विधायक की तरफ से भी किसी भी प्रकार का कोई कदम नहीं उठाया गया। इस बार किसान आर-पार का आंदोलन करने जा रहे हैं।

सांड ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

नोएडा। रबूपुरा क्षेत्र के गांव तिरथली में एक सांड ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की शाम रबूपुरा क्षेत्र में गांव तिरथली में एक सांड ने 80 वर्षीय बशीर पुत्र दुल्ला को टक्कर मार दी। वह किसी से जा रहे थे कि सड़क पर घुम रहे एक आवारा पशु ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बशीर गंभीर रुप से घायल हो गए।

उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना किसी पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया।

रणदीप भाटी गैंग के शूटर की संपत्ति कुर्क

- पुलिस ने डेढ़ करोड़ की कोठी को किया जब्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट विशेष न्यायालय के आदेश पर माफिया और बदमाश के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के आदेश पर कुख्यात बदमाश रणदीप भाटी के शूटर योगेश डाबरा की संपत्ति को पुलिस ने जब्त किया। जिसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये आंकी जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जारचा कोतवाली पुलिस और बीटा-2 थाना पुलिस कार्रवाई के समय मौके पर मौजूद रही। एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गयी। इस कार्रवाई के दौरान एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार, एसीपी नॉलेज पार्क अरविंद कुमार और एसीपी दादरी सार्थक समेत काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

24 से ज्यादा मुकदमे दर्जः एडिशनल डीसीपी

एडिशनल डीसीपी अशोक ने बताया कि कुख्यात माफिया रणदीप भाटी गैंग के सक्रिय सदस्य योगेश डाबरा के खिलाफ 24 से ज्यादा लूट, हत्या, डकैती और रंगदारी के मुकदमे दर्ज हैं। इसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी है। डाबरा की एक करोड़ 50 लाख की कोठी जब्त की है।

रेलवे के इंजीनियर से लूटा मोबाइल पुलिस ने लिखा चोरी का मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

रेलवे में तैनात इंजीनियर से अज्ञात बदमाशों ने फोन लूट लिया। इस मामले में पीड़ित ने जब लिंक रोड कोतवाली में शिकायत दी तो पुलिस ने लूट की शिकायत दर्ज करने से मना कर दिया।

आरोप है कि गाजियाबाद पुलिस ने लूट के मामले को चोरी में तब्दील करके मुकदमा पंजीकृत किया है। नितिन गुप्ता रेलवे स्टेशन से ऑटो लेकर दूसरे स्थान पर जा रहे थे। रास्ते में वह उतर गए और जेब से मोबाइल निकाल कर गूगल में मैप ऑन किया, तभी पीछे से एक बाइक पर दो बदमाश आए और उनके हाथ से फोन लूट कर भाग गए। पीड़ित ने शोर मचाया, लेकिन लुटेरे हाथ नहीं आए। उन्होंने लुटेरों का पीछा करने का भी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। जिसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी लिंक रोड कोतवाली में दी।

पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने लूट की शिकायत दी तो मुकदमा पंजीकृत करने के बजाय मामले को बदलने का प्रयास किया गया। पुलिस ने लूट के मामले को चोरी में तब्दील कर दिया।

डीजल सप्लाई की ओवर बिलिंग पर कंपनी की जमानत राशि जब्त

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

डीजल सप्लाई के मामले में गड़बड़ी करने वाली कंपनी पर नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ का हंटर चल गया। कंपनी की नगर निगम में जमा दस लाख की जमानत राशि जब्त कर ली गई। साथ ही और भी बड़ा एक्शन लेने की तैयारी चल रही है।

दरअसल एक कंपनी को नगर निगम के हेल्थ विभाग की ओर से डीजल पंप कंपनी को ठेका दिया था। कंपनी ने खेल यह किया कि उसने निगम को सप्लाई डीजल की ओवर बिलिंग कर दी। आरोप है कि डीजल पंप कंपनी ने निगम को जितना डीजल सप्लाई दिखाया उसे उतना तो आगे से भी नहीं मिला। इस मामले के पकड़ में आने के बाद मामला नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ तक पहुंचा। नगर आयुक्त इस मामले में बेहद सख्त अधिकारी हैं। मामले में निगम के हेल्थ अफसर से रिपोर्ट मांगी। उसमें भी इस कथित घोटाले की पुष्टि हुई। इसके बाद नगर आयुक्त ने एक्शन लिया। कंपनी की दस लाख रुपये की जमानत राशि निगम ने जब्त कर ली।

डॉ. नितिन गौड़

गाजियाबाद कमिश्नरेट को जल्द मिलेंगे तीन और थाने

- मोदीनगर सर्किल के थानों के क्षेत्रों को काटकर होगा नए थानों का सृजन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

अगर पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा की मुहिम रंग लाई तो वह दिन दूर नहीं जब कमिश्नरेट सिसटम में तीन और नये थाने जुड़ जाएंगे।

सूत्रों की माने तो पुलिस आयुक्त ने जिन तीन नये थानों का प्रस्ताव शासन को भेजा है वो मोदीनगर सर्किल में स्थापित होंगे। सूत्रों की माने तो सीपी ने मोदीनगर सर्किल में गोविंदपुरी, सिखेड़ा-सिबली औद्योगिक क्षेत्र व गंगनहर थाने के रूप में तीन नए थानों को स्थापित किये जाने की संस्तुति शासन को भेजी है। कमिश्नरेट प्रशासन को पूरी उम्मीद है कि इन तीन नए थानों के सृजन करने की अनुमति जल्द ही मिल जायेगी। उसके बाद कमिश्नरेट सिस्टम में 29 थाने हो जायेंगे। सूत्रों के अनुसार सीपी अजय कुमार मिश्रा ने तीन नये थानों का प्रस्ताव उद्योगपतियों के साथ हुई बैठक के उपरांत शासन को भेजा।

बता दें कि अभी देहात जोन के चार सर्किल अंकुर विहार, लोनी, वेब सिटी, मसूरी व मोदीनगर, के पर्यवेक्षण क्षेत्र में अंकुर विहार, लोनी बॉर्डर, लोनी, ट्रोनिका सिटी, वेब सिटी, क्रासिंग रिपब्लिक, मसूरी, मुरादनगर, मोदीनगर, निवाड़ी व भोजपुर सहित 11 थाने, सिटी जोन के तीन सर्किल घंटाघर कोवाली, नन्दग्राम व कविनगर पर्यवेक्षण क्षेत्र में आने वाले कोतवाली, विजयनगर, नन्दग्राम, सिहानी गेट, कविनगर, मधुबन बापूधाम व महिला थाने के सहित सात पुलिस स्टेशन और ट्रांसहिंडन जोन के तीन सर्किल यानि शालीमार गार्डन, साहिबाबाद व इंदिरापुरम के पर्यवेक्षण में आने वाले शालीमार गार्डन, टीला मोड़, साहिबाबाद, लिंक रोड, इंदिरापुरम, कौशांबी व खोड़ा सहित सात थाने स्थापित हैं। इसके अलावा एंटी ह्यून ट्रेफिकिंग थाने को मिलाकर वर्तमान के थानों की संख्या 26 है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 17 जून, 2023

कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा स्थिति की जांच हो : हाई कोर्ट

मुखर्जी नगर में कोचिंग संस्थान में आग लगने के मामले पर लिया स्वतः संज्ञान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने यहां मुखर्जी नगर इलाके में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना पर शुक्रवार को स्वत: संज्ञान लिया और अधिकारियों को राष्ट्रीय राजधानी में इस तरह के संस्थानों में सुरक्षा की स्थिति की जांच करने को कहा। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह और न्यायमूर्ति विकास महाजन की पीठ ने बृहस्पतिवार की घटना के बारे में संज्ञान लिया, जिसमें कोचिंग संस्थान के छात्र जोखिम भरे प्रयास के तहत जान बचाने के लिए खिड़कियों से रस्सी के जरिए नीचे उतरते दिखे।

मामले में नोटिस जारी करते हुए पीठ ने दिल्ली दमकल सेवा विभाग से राष्ट्रीय राजधानी में सभी कोचिंग सेंटर के सुरक्षा प्रमाणपत्र की जांच करने और दिल्ली पुलिस से भी इस संबंध में उसका रुख बताने को कहा। साथ ही पीठ ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को ऐसे प्रतिष्ठानों की स्वीकृत भवन योजनाओं की जांच करने को कहा। अदालत ने कहा कि दिल्ली पुलिस और दिल्ली दमकल सेवा के वकील को नोटिस जारी करें और दोनों आज से दो सप्ताह के भीतर अदालत के समक्ष अपना-अपना जवाब दाखिल करेंगे। दिल्ली सरकार के स्थाई वकील संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता है। अधिवक्ता ऋषिकेश कुमार ने भी दिल्ली सरकार का प्रतिनिधित्व किया। अदालत ने निर्देश दिया कि आगे के निर्देशों के लिए मामला तीन जुलाई को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। आग लगने की घटना में रस्सी के सहारे इमारत से नीचे उतरने के दौरान कुछ छात्रों को मामूली चोटें आईं। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती जांच से संकेत मिला है कि आग पांच मंजिला इमारत में बिजली के मीटर बोर्ड से शुरू हुई थी। पुलिस के अनुसार, घटना के वक्त भंडारी हाउस में स्थित कोचिंग में करीब 250 छात्र कक्षाएं ले रहे थे। खिड़कियों से धुआं उठते देख घबराए छात्रों को रस्सी के सहारे इमारत के ऊपरी तल से नीचे कूदते देखा गया।

छात्रों ने परिसर से बाहर आने के लिए इमारत के दूसरी ओर मौजूद रस्सी का भी इस्तेमाल किया। इनमें से कुछ अपने बैग को नीचे फेंकते और दूसरों की मदद करते देखे गए। मुखर्जी नगर सरकारी नौकरी की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों के केंद्र के रूप में जाना जाता है।

दो सेंटर चालक गिरफ्तार, मिली जमानत

नई दिल्ली। *दिल्ली पुलिस ने दो कोचिंग सेंटर संचालकों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। हालांकि दोनों को कोर्ट से जमानत भी मिल गई। घटना के बाद से सुरक्षा को लेकर बरती गई लापरवाही को लेकर पुलिस संचालकों से लगातार पूछताछ कर रही थी, जिसके बाद शिवेश मिश्रा और श्याम सुंदर भाटी को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने यह गिरफ्तारी 12 छात्रों व चार स्टाफ के लोगों से पूछताछ की बाद की थी। कोचिंग सेंटर में आग लगने के बाद रस्सी के सहारे नीचे उतरते समय घायल हुए विद्यार्थियों में से एक छात्रा की हालत नाजुक बनी हुई है। कश्मीरी गेट के नजदीक स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती छात्रा के सिर, हाथ, पैर में चोट लगी हुई है। शुक्रवार को भी वह डॉक्टरों की निगरानी में रही। वहीं, लोकनायक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि अस्पताल में एक छात्र ही भर्ती हैं। उसके पैर व हाथ में चोट है। वहीं, एक अन्य को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी एल शेरवाल ने बताया कि शुक्रवार को कुछ बच्चे ओपीडी में आए थे। सभी की हालत पहले से बेहतर है। वहीं अन्य डॉक्टरों ने बताया कि गुरुवार को न्यू लाइफ सहित अन्य अस्पतालों में उपचार के लिए लाए गए लगभग सभी बच्चे ठीक हैं।*

आंखें बंद करते ही सामने आ जाता है खौफनाक मंजर

● दहशत और भय के चलते रात भर नहीं सो पाए हादसे के शिकार छात्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुखर्जी नगर कोचिंग संस्थान में आग लगने के एक दिन बाद इस खौफनाक मंजर के साक्षी रहे छात्रों के दिलो दिमाग में दहशत व डर देखा जा सकता है। जब ये छात्र सोने के लिए बिस्तर पर जाते हैं तो उनके सामने वो खौफनाक दृश्य आंख बंद करते ही सामने आ जाता है। कई छात्रों के लापता होने की शिकायत की और बिल्डिंग में नहीं जाने देने पर शुक्रवार सुबह तक प्रदर्शन भी किया।

यूपीएससी की तैयारी कर रहे बिहार के 22 वर्षीय बृजेश कुमार ने बताया कि इस हादसे के बाद से वो ठीक से सो भी नहीं पाए। बृजेश ने बताया कि हादसे के समय मैं कक्षा में था। मुझे साइनोसाइटिस है और धुंए के कारण सांस लेने में मुझे मुश्किल होने लगी। मैंने अपना चेहरा ढक कर कुर्सी पर बैठ गया। लेकिन कुछ देर बाद ही आग से बचने के लिए छत पर भागा और किसी तरह इमारत से निकल सका। बृजेश उन 300-350 छात्रों में से एक हैं जो गुरुवार को पांच मंजिला इमारत में लगी आग के दौरान कक्षा में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद घर वालों ने फोन कर हाल जाना, लेकिन मैं भय और दहशत के चलते पूरी रात नहीं सो सका। वहीं छात्रों ने शुक्रवार सुबह 6 बजे तक बिल्डिंग में जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

एक अन्य 22 वर्षीय छात्र जोगिंदर यादव ने कहा कि मुखर्जी नगर के छात्र कोचिंग में जाने की मांग कर रहे थे ताकि यह सुनिश्चत किया जा सके वहां कोई छात्र अंदर न फंसा हो। यादव ने कहा कि बृहस्पतिवार को हमारे पड़ोसी ने कहा कि एक छात्र लापता है(

छात्र वीएम झा ने कहा कि अगर वहां किसी की मौत नहीं हुई है तो पुलिस हमें बिल्डिंग के अंदर क्यों नहीं जाने दे रही है। झा ने कहा कि अगर बिल्डिंग के अंदर कोई नहीं है तो 10 से 12 एंबुलेंस रात में यहां क्यों थी। बंद कमरों को खोला जाना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

द्वारका के वेगस मॉल में कैरी ऑन जट्टा 3 फिल्म का प्रमोशन करते पंजाबी अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल और अभिनेत्री सोनम बाजवा।

गिप्पी ग्रेवाल और सोनम बाजवा ने मचाई धूम

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के द्वारिका में गिप्पी ग्रेवाल और सोनम बाजवा ने अपनी फिल्म कैरी ऑन जट्टा फिल्म के प्रचार के लिए फिल्म के कलाकारों के साथ वेगस मॉल पहुंचे। अपने चहेते कलाकारों को देखने के लिए मॉल के बाहर भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। गिप्पी ग्रेवाल और सोनम बाजवा और दर्शकों के पसंदीदा कलाकार फाजिलपुरिया, वीर संधू और हशमत सुल्ताना ने दिल को झकझोर देने वाली प्रस्तुतियां दीं, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर वेगस मॉल के उपाध्यक्ष रविंदर चौधरी ने कहा कि हम वेगस मॉल में कैरी ऑन जट्टा के कलाकारों की मेजबानी करने के लिए रोमांचित हैं।

तीन दिवसीय आईएचएफएफ शुरू

नई दिल्ली। इंटरनेशनल हेल्थ, स्पोर्ट्स एंड फिटनेस फेस्टिवल (आईएचएफएफ) प्रगति मैदान में शुरू हो गया है। तीन दिवसीय मेगा फेस्टिवल में स्टेडफास्ट न्यूट्रिशन, प्रो शो इन एसोसिएशन विद शेरू क्लासिक और बॉडीबिल्डिंग इवेंट मुख्य आकर्षण होंगे। शेरू क्लासिक प्रो लीग क्वालिफायर शौकिया बॉडीबिल्डर्स के लिए प्रो या पेशेवर सर्किट में प्रवेश करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस चैम्पियनशिप में भारत और विदेश के 600 एथलीट भाग लेंगे। स्टेडफास्ट न्यूट्रिशन के संस्थापक अमन पुरी ने कहा, इन कार्यक्रमों को प्रायोजित कर स्टेडफास्ट न्यूट्रीशन 2050 तक भारत को दुनिया की खेल राजधानी बनाने के अपने दृष्टिकोण के करीब जाना चाहता है। चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली हस्तियों में प्रसिद्ध अमेरिकी बॉडीबिल्डर फ्लेक्स व्हीलर, बॉडीबिल्डिंग आइकन काई ग्रीन, प्रतिष्ठित अमेरिकी कोच और प्रो बॉडीबिल्डर डेनिस जेम्स व्लाद, क्यूबा-अमेरिकी बॉडीबिल्डर सर्जियो जूनियर, महान बॉडीबिल्डर सर्जियो ओलिवा के बेटे, सोशल मीडिया सेंसेशन जस्ट सुल, गायक सुखबीर और टीवी के लोकप्रिय चेहरे रणविजय सिंह शामिल हैं। प्री-जजिंग और प्रो-शो फाइनल 18 जून को होंगे।

'उर्दू शायरी का मुआसिर मंज़रनामा' का लोकार्पण

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता आसिफ आज़मी की पुस्तक 'उर्दू शायरी का मुआसिर मंज़रनामा' का लोकार्पण

आईजीएनसीए के अध्यक्ष रामबहादुर राय और मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सैयद ऐनुल हसन ने किया। इस अवसर पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रो. खालिद महमूद व प्रो. अख्तरुल वासे, दूरदर्शन की प्रसिद्ध न्यूज रीडर सलमा सुल्तान, लेखिका रमा पांडेय, माटी संस्था के संयोजक व लेखक आसिफ आज़मी तथा आईडीईए संस्था के धर्मेंद्र प्रकाश भी मौजूद थे। इस पुस्तक में पिछले चार दशकों की उर्दू शायरी की समालोचना प्रस्तुत की गई है। पुस्तक में चार दशकों की शायरी के चार दौर की चर्चा की गई है। साथ ही, शायरों और संस्थानों की सूची भी दी गई है।

बिपारजॉय का असर, दिल्ली-एनसीआर में पड़ीं बौछारें

● दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ घिर आए बादल, गर्मी से मिली निजात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अचानक हुई बारिश के दौरान इंडियागेट पर आए युवक-युवतियों ने खूब मस्ती की। फोटो: रंजन डिमरी

पिता के सुरक्षित हाथों में बारिश का मजा लेता मासूम

राष्ट्रीय राजधानी में कई दिनों से भीषण गर्मी और तपिश से जूझ रहे लोगों को शुक्रवार को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से राहत मिली।

चक्रवात बिपारजॉय के प्रभाव और उत्तर-पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने कारण दिल्ली में एक बार फिर से मानसून पूर्व बारिश हुई, जिसके परिणामस्वरूप शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया है और यातायात बाधित हो गया।

गौरतलब है कि अरब सागर में करीब 10 दिनों तक बने रहने के बाद शक्तिशाली चक्रवाती तूफान बिपारजॉय बृहस्पतिवार को गुजरात के जखौ बंदरगाह के पास तट से टकराया था। बारिश हल्की थी, लेकिन कई इलाकों में पानी भर गया और दिल्ली के कई इलाकों में यातायात ठप हो गया। दिल्ली की यातायात पुलिस के मुताबिक रंगपुरी चौराहे के पास जल-जमाव के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-48 इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ तथा मोदी मिल और लाजपत नगर के बीच कैप्टन गौड़ मार्ग पर एक पेड़ के उखड़ जाने के कारण रास्ता बाधित हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी में आर्द्रता का स्तर 87 से 42 प्रतिशत के बीच रहा।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, शाम सात बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 108 दर्ज किया गया जो कि मध्यम श्रेणी में आता है। हालांकि सुबह के समय प्रदूषण के साथ-साथ आसमान में तेज धूप खिली थी।

ऋषिकेश में गंगा में डूबा दिल्ली का युवक

नई दिल्ली/देहरादून। उत्तराखंड में ऋषिकेश के निकट सच्चा धाम में शुक्रवार को दिल्ली का एक पर्यटक गंगा नदी में डूब गया।

पुलिस ने बताया कि 40 वर्षीय देवनारायण यादव के डूबने की सूचना मिलते ही राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। हालांकि, अभी तक उसका कुछ पता नहीं चला है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यादव दिल्ली का रहने वाला है और कबाड़ी की दुकान चलाता है। वह तीन अन्य लोगों के साथ ऋषिकेश घूमने आया था और गंगा नदी में स्नान करने के दौरान वह पानी के तेज बहाव की वजह से डूब गया। पुलिस ने शव की तलाशी शुरू कर दिया है और घर वालों को जानकार दे दी है।

13 करोड़ की कोकीन जब्त केन्याई महिला गिरफ्तार

● दो व्हिस्की बोतल में तस्करी करने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर व्हिस्की की दो बोतलों में कोकीन की तस्करी के आरोप में 25 वर्षीय केन्याई महिला को गिरफ्तार किया गया है। सीमाशुल्क विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को अदीस अबाबा (इथोपिया) से आने के बाद आरोपी को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका गया।

विस्तृत तलाशी के दौरान उसके पास से व्हिस्की की दो बोतलें बरामद हुईं जिनमें करीब 13 करोड़ रुपए मूल्य का कोकीन घुली हुई थी। उन्होंने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार करके कोकीन से भरी व्हिस्की की बोतलें जब्त कर ली गईं। ये दो बोतलें उसे नैरोबी हवाई अड्डे पर सौंपी गई थीं। उसे दिल्ली में एक व्यक्ति को ये बोतलें सौंपनी थीं।

उन्होंने बताया कि यात्री को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया जिसने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस गिरफ्तार महिला से उस व्यक्ति के बारे में पूछताछ कर रही है जिसे दोनों बोतल देनी है, ताकि नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया जा सके।

जैन धनशोधन मामला

दो आरोपियों की जमानत पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन से जुड़े धन शोधन के एक मामले में सह-आरोपियों वैभव जैन और अंकुश जैन की जमानत अर्जियों पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय से उसका रुख पूछा है।

न्यायमूर्ति विकास महाजन की अवकाश पीठ ने जमानत अर्जी पर नोटिस जारी किया और ईडी से जांच की स्थिति रिपोर्ट मांगी। यह मुकदमा सत्येंद्र जैन द्वारा कथित रूप से उनसे जुड़ी चार कंपनियों के माध्यम से धन शोधन करने से जुड़ा है और ईडी ने दावा किया है कि वैभव जैन और अंकुश जैन दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री के व्यावसायिक साथी है और उन्होंने इस अपराध के लिए उकसाया है। ईडी ने सत्येंद्र जैन को पिछले साल 30 मई को गिरफ्तार किया था।

एससी/एसटी की सहायता को हर जिले में बनेगी हेल्प डेस्क

● मंत्री राज आनंद ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के हर व्यक्ति को सभी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए हर जिले में हेल्प डेस्क शुरू करने की योजना पर विचार कर रही है।

एससी/एसटी कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह एससी/एसटी श्रेणी में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार की संभावनाएं तलाशें। जहां लोगों सरकारी योजनाओं के लिए आसानी से आवेदन कर सकें और साथ ही जिन योजनाओं और सुविधाओं के लिए वह पहले से आवेदन कर चुके हैं उसकी स्थिति का पता लगा सकें। एससी/एसटी कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि हर जिले में हेल्प डेस्क बनने से जनता को लगातार सरकार की सभी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं। हेल्प डेस्क के माध्यम से एससी/एसटी छात्र-छात्राओं को जय भीम प्रतिभा विकास योजना, एक से आठवीं कक्षा तक के लिए छात्रवृत्ति योजना और छात्र स्टेशनरी वित्तीय सहायता योजना के लिए आवेदन करने में सहायता मिलेगी।

सांस के लिए हांफ रहा शहर, रोकें पेड़ों की कटाई

● हाई कोर्ट की टिप्पणी, किसी परियोजना के लिए विकल्प उपलब्ध है, तो उस पर विचार करें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली स्वच्छ हवा के लिए तरस रही है, ऐसे में पेड़ों की कटाई को रोका या कम से कम किया जाना चाहिए।

हाई कोर्ट ने वसंत कुंज में एक निर्माण परियोजना के लिए हरित क्षेत्र को हटाए जाने पर रोक लगाते हुए इस प्रकार की टिप्पणी करते हुए कहा कि सांस के लिए हांफ रहे शहर में पेड़ों की कटाई आखिरी उपाय होना चाहिए। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की अवकाशकालीन पीठ ने पाया कि भूमि वास्तव में सुंदर पेड़ों के साथ-साथ वन्यजीवों और पक्षियों के बसेरे वाला एक जैव-विविधता उद्यान बन गई है। न्यायाधीश ने कहा कि यदि परियोजना के लिए कोई अन्य वैकल्पिक स्थल उपलब्ध है, तो इस पर विचार किया जाना चाहिए।

अदालत ने 14 जून को पारित अपने आदेश में सुनवाई की अगली तारीख तक प्रतिवादियों को वसंत कुंज के सेक्टर-ए पॉकेट बी एंड सी में मौजूद भूखंड पर भूमि की सफाई और पेड़ों की कटाई से रोका जाता है। राजधानी की आबोहवा पर टिप्पणी करते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि सांस के लिए हांफ रहे शहर में पेड़ों की कटाई आखिरी उपाय होना चाहिए।

याचिकाकर्ता रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी ने अपनी याचिका में अदालत से निजी बिल्डर और दिल्ली विकास प्राधिकरण को निर्माण के लिए आगे नहीं बढ़े का निर्देश देने का अनुरोध किया है, क्योंकि इसके लिए कई पेड़ काटने पड़ेंगे। याचिकाकर्ता ने परियोजना को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया है।

अदालत ने याचिका पर प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई तीन जुलाई तय की।मालूम हो कि राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए चिंता का सबब रहा है। यह मामला इतना गंभीर है कि हमेशा राजनीति के केंद्र में रहा है। वायु प्रदूषण से बचने या इसे कम करने के लिए राज्य सरकार के तमाम उपाय नाकाफी साबित हुए हैं। विपक्ष इसे लेकर सरकार पर निष्क्रियता का आरोप लगाता रहा है।

डीयू पूर्वी परिसर का निर्माण अगले साल शुरू होगा

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्वी परिसर (ईस्ट कैंपस) का निर्माण कार्य अगले साल शुरू होने की उम्मीद है और 2026 में इसके तैयार हो जाने की संभावना है। कुलपति योगेश सिंह ने यह जानकारी दी। विश्वविद्यालय के वर्तमान में दो परिसर, उत्तरी और दक्षिणी हैं।

कुछ साल पहले इसके विस्तार योजनाओं की घोषणा की गई थी। इसके तहत, अधिक पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए पूर्वी और पश्चिमी परिसर का निर्माण, जबकि कानून की पढ़ाई के लिए एक केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई गई थी। दिल्ली विश्वविद्यालय ने पूर्वी परिसर के निर्माण के लिए वित्त पोषण के सिलसिले में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। कुलपति सिंह ने कहा कि अगले आठ महीनों में पूर्वी परिसर का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नोएडा,
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक - वाई.ई.ए./GM(P)/2023/765 दिनांक: 15.06.2023

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार / राज्य सरकार / केन्द्र शासित / अर्द्धशासिक / सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों / फर्मों से ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन द्वारा निविदायें द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेगी।

कार्यालय आदेश संख्या : वाई.ई.ए./GM(P)/2023/764 दिनांक 15.06.2023 के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी.ओ.क्यू.) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ.डी.आर. /सी.डी.आर./बैंक गारन्टी/एन.एस.सी. के रूप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम / वर्क सर्किल	अनुमानित लागत
1	Proposed Interlocking Tiles Work including Construction of drain in Village-Wailana yea Wc-06	रु. 13.63 लाख
2	Dewatering and Restoration of Pond in Village- Sabota mustabad yea Wc-06	रु. 12.08 लाख
3	Balance Development work in Village-faleda Bangar including C/o Drain yea Wc-06	रु. 68.83 लाख
4	Repairing work of drain Covering and Stilt of Affordable housing in Sec-22D yea Wc-02	रु. 33.92 लाख
5	Panelling work in CEO Camp of YEIDA Office Building yea Wc-Asset	रु. 08.09 लाख
6	Supply & Fixing of Swing Benches and Dustbin in All three parks in Affordable house and benches & dustbin in LIG, MIG & RPS-2 in Sector-22D yeida Wc-Hoti	रु. 10.19 लाख
7	D/o Park No-3 and 4 Pocket-R Sector-20 with two year Maintenance yea Wc-Horti	रु. 43.96 लाख
8	D/o Park No-1 & 2 Pocket-R Sector-20 with two year Maintenance yea Wc-Horti	रु. 33.18 लाख
9	Proposed Interlocking Tiles Work including Construction of Drain in Village-Sakka yea Wc-06	रु. 12.33 लाख

जिन्हें दिनांक 22.06.2023 से 05.07.2023 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 06.07.2023 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम / वर्क सर्किल	अनुमानित लागत
10	Proposed Interlocking Tiles Work Including Construction of Drain in Village-Fatehpur Atta yea Wc-06	रु. 35.69 लाख
11	Proposed Interlocking Tiles Work Including Construction of Drain in Village-Gadana yea Wc-06	रु. 09.89 लाख
12	Construction of Brick Drain Culvert and Relaying of Interlocking Tiles in Village- Parsol yea Wc-06	रु. 07.05 लाख
13	Providing and Laying Interlocking Tiles & Drain in Village- Ajay Nagar Yea Wc-06	रु. 31.28 लाख
14	Providing and Laying of Interlocking Tiles Work in Village- Faleda Bangar Yea (including Construction of drain) Wc-06	रु. 18.26 लाख
15	Construction work of Shamahan Ghat (Chabutra and Shed) in Village-Nangla Kanchan (Majra Karoli Bangar) yea Wc-06	रु. 09.48 लाख
16	Temporary Laying of Khadanja from Main Road to Jagat Singh Home in Village- Nangla Bhatona Yea Wc-06	रु. 04.92 लाख
17	Providing and Laying Interlocking Tiles and Brick Drain in Village- Banwaribas yea Wc-06	रु. 23.36 लाख
18	Providing and Laying of Interlocking Tiles in School Tirthali yea Wc-06	रु. 07.75लाख

जिन्हें दिनांक 23.06.2023 से 06.07.2023 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 07.07.2023 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

महाप्रबन्धक (परियोजना), यमुना विकास प्राधिकरण

...कहीं शक ना हो जाए, इसलिए पुलिस थानों के बाहर खड़े होकर करते थे ब्लैकमेल

फर्जी पत्रकार और पुलिस अधिकारी बनकर ठगी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

लोगों को कॉल करके साइबर अपराध करने का आरोप लगा जेल भेजने की देता था धमकी

देशभर में सैंकड़ों वारदातों को दे चुका है आरोपी अंजाम

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

गुरुग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए फर्जी पत्रकार व पुलिस अधिकारी।

फर्जी पत्रकार व पुलिस अधिकारी बनकर साइबर अपराध करने का आरोप लगाकर जेल भेजने की धमकी देने के दो आरोपियों को गुरुग्राम पुलिस ने दबोचा है। आरोपी देशभर में सैंकड़ों वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। इन दोनों आरोपियों समेत कुल तीन आरोपियों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है।

इस वारदात में शामिल रहे गाड़ी चालक सुनील नामक आरोपी को 5 जून को जयपुर से काबू किया। अदालत में पेश करके उसे रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान उसने अपने साथियों के बारे में खुलासा किया। उसके कब्जे से एक कार भी बरामद की गई। आरोपी सुनील के खुलासे के आधार पर ही पुलिस ने बाकी आरोपियों को पकड़ने की योजना बनाई। दोनों आरोपियों को जयपुर से ही काबू किया गया है।

आरोपियों की पहचान 8वीं पास मोहित कुमार टांक (29), देवकी नंदन निवासी मध्य प्रदेश फिलहाल निवास जयपुर का है। इसकी उम्र 37 वर्ष है और दसवीं पास है। पुलिस उपायुक्त पूर्व नितिश अग्रवाल, थाना सदर प्रबंधक निरीक्षक वेदप्रकाश, उप-निरीक्षक जसवंत, पुलिस चौकी प्रभारी झाड़सा की टीम ने इस ऑपरेशन को सफल बनाया।

इस तरह से गुरुग्राम में दिया वारदात को अंजाम

गौरतलब है कि 4 जून 2023 को एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी झाड़सा को शिकायत देकर कहा था कि एक व्यक्ति ने वेबसाइट के माध्यम से उनके संपर्क किया और सर्विस मांगी। साथ ही मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करके उन्हें सेक्टर-39 साइबर पार्क में उन्हें बुलाया। उन्होंने अपना परिचय पुलिसकर्मियों के रूप में कराया।

उन्हें साइबर अपराध करने के अपराध में जेल भेजने की धमकी दी। इसके बाद गाड़ी में बिठाकर सेक्टर-39 ले गए। एक अन्य व्यक्ति मिला, जिसने अपना परिचय सीनियर पुलिस अधिकारी के रूप में कराया। उसने एक लाख रुपये की मांग की। रुपये ना देने पर जेल भेजने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उसने अपने भाई के खाते से उनके द्वारा बताए गए बैंक खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर करवा दिए। बाकी रुपयों का प्रबंध करने और इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू की।

मुंबई में स्टिंग ऑपरेशन से मोहित को आया ठगी का आइडिया

पुलिस के अनुसार आरोपी मोहित जयपुर में टूरिस्ट गाइड का काम करता था। करीब 9 साल पहले वह एक डिस्को में काम करने के लिए गया। वहां पर उसकी मुलाकात तहलका चैनल के मालिक इब्राहिम शेख से हुई। अंग्रेजी भाषा पर अच्छी पकड़ होने के कारण वह मुंबई में इब्राहिम शेख के साथ मिलकर अच्छे रुतबे वाले लोगों का स्टिंग ऑपरेशन करने लगा था। वर्ष 2020 में कोविड के कारण लॉकडाउन हो गया और वह वापस जयपुर आ गया। पता चला है कि मोहित टांक स्टिंग ऑपरेशन का काम अच्छे से जानता था। जयपुर के ही रहने वाले देवकीनंदन व सुनील के साथ मिलकर उसने उगाही करने की योजना बनाई। विभिन्न वेबसाइट के माध्यम से वह लोगों को अपना शिकार बनाने लगा। वे पुलिस थानों की जानकारी लेते। थाने-चौकियों के गेट पर वे लोगों को बुलाते थे, ताकि उन्हें विश्वास हो जाए कि वे असली पुलिस वाले हैं। इनमें से देवकीनंदन पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाता था, वहीं मोहित कुमार टांक पत्रकार बनता था।

एक महीने तक एक शहर में ठहरते थे आरोपी

यह एक शहर में एक महीने तक ठहरते और कई वारदातों को अंजाम देकर दूसरे शहर में पहुंच जाते। आरोपियों ने स्वीकारा है कि उन्होंने में पूरे देश में ऐसी वारदातों को अंजाम दिया है। विशेषकर दिल्ली, जयपुर, बेलगांव, मुम्बई, अहमदाबाद आदि शहरों में इनकी ओर से वारदातें की गई। जब पीड़ित को पता चलता कि उसके साथ ठगी हुई है तो वह पुलिस में शिकायत करने की कहता। अपनी चालबाजी से आरोपी उसी व्यक्ति को अधिक रुपये देकर समझौता कर लेते थे।

मेदांता अस्पताल में बम की सूचना से मचा हड़कंप

गुरुग्राम। मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मोर्चा संभाला। अस्पताल में चप्पे-चप्पे पर सर्च अभियान चलाया। छानबीन के दौरान कुछ ऐसा नहीं मिला।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात 7.45 बजे मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में बम होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही थाना सदर की टीम अस्पताल पहुंची। बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वाड की मदद से व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सर्च ऑपरेशन में हॉस्पिटल परिसर में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से किया गया। बम होने की यह सूचना मेदांता अस्पताल के लैंडलाइन पर एक मोबाईल नम्बर से आई कॉल के माध्यम से मिली थी। गुरुग्राम पुलिस ने इस नम्बर बारे जांच की तो पता चला कि यह कॉल जसविंदर पाल सिंह गुलाटी नामक व्यक्ति ने की थी। जांच में उसके परिजनों ने बताया कि जसविंदर कई वर्षों से मानसिक बीमारी से पीड़ित है, जिसका इलाज वर्ष 2014 से 2020 तक मेदांता अस्पताल में ही चला था। जसविन्द्र पाल सिंह गुलाटी मूल रूप से जिला सिरमौर (हिमाचल) का रहने वाला है।

कई कालोनियों की समस्याओं को लेकर डीसी से मिले नवीन गोयल

डीसी ने अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम का विभिन्न कालोनियों की समस्याओं को लेकर जिला उपायुक्त से मिलकर जानकारी देते नवीन गोयल।

गुरुग्राम के अशोक विहार फेज-1 व 2, लक्ष्मण विहार का बेरी वाला बाग, वाल्मीकि मंदिर, लघु सचिवालय के पास बेरी वाला बाग के पास की कालोनियों, दौलताबाद फ्लाईओवर से राजेंद्रा पार्क की तरफ के रास्ते पर जाम की समस्या को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शुक्रवार को जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव से मुलाकात की।

जिला उपायुक्त के साथ बैठक में डा. विनोद धर्माणी, डा. सतीश धर्माणी, वाल्मीकि समाज से कैप्टन जगदीश, प्रदीप वाल्मीकि, आजाद सिंह, पूर्ण, जीएन शर्मा, प्रद्युम्न जांघू, रामपाल मास्टर, जयभगवान दहिया, महेंद्र, डोली भारद्वाज, ईशू वाल्मीकि, संदीप शर्मा, प्रदीप दहिया समेत अनेक लोग मौजूद रहे। नवीन गोयल ने जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव को बताया कि अशोक विहार फेज-1 व 2 तथा अमर कॉलोनी का कुछ इलाका अपूर्ण रह गया है, जबकि पिछले 40 से अधिक समय से ये कालोनियां बसी हुई हैं। सरकार को सभी टैक्स देते हैं। इसके बावजूद अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है। डीसी ने मौके पर ही सीटीपी सतीश पराशर को सर्वे करने के आदेश दिए। लक्ष्मण विहार में बेरीवाला बाग आरडब्ल्यूए इलाके में अनाधिकृत दीवार का भी मुद्दा उन्होंने उठाया। इस दीवार से लोगों को आवागमन बाधित है। डीसी ने अधिकारी अखिलेश यादव को मौका देखने के आदेश दिए। गुरुग्राम के वाल्मीकि मंदिर के विवाद को लेकर आपसी भाईचारे से सुलझाने पर बात हुई। जिला उपायुक्त ने ग्रीवेंस में प्रस्तावित करवाया, ताकि भाईचारा बना रहे।

लघ सचिवालय के निकट बेरीवाला बाग इलाके में सीएम अनाउंसमेंट नंबर-13683 में कृषि विभाग की जमीन पर बनने वाले कम्युनिटी सेंटर का निर्माण कराने के लिए कृषि विभाग की जमीन को एमसीजी में ट्रांसफर करवाया जाए, ताकि वहां पर कम्युनिटी सेंटर बन सके। शांतिनगर, ओमनगर, राजनगर, हीरानगर, शिवाजी नगर, शिवाजी पार्क, गांधी नगर तक के लोगों की जरूरत है। नवीन गोयल ने न्यू कालोनी क्षेत्र में मुख्य सड़क पर विकसित हुई मार्केट के रोड को कॉमर्शियल रोड घोषित करने की बात कही। डीसी ने इसका सर्वे कराने की बात कही। नवीन गोयल ने दौलताबाद फ्लाईओवर के नीचे राजेंद्रा पार्क के लिए रास्ते को लेकर कहा कि वहां दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। वाहनों की आवाजाही सुगम हो, इसके लिए वहां यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए। इसी फ्लाईओवर से धनवापुर की तरफ जाते हुए रास्ते पर लोगों को यूटर्न लेने के लिए परेशानी होती है। अगर उसे सीधा ही खोल दिया जाए तो जाम से राहत मिलेगी। इस पर भी जिला उपायुक्त ने उचित कदम उठाने की आश्वासन दिया।

संगीतमयी साप्ताहिक योग शिविर में योग के गुर सीख रहे हैं साधक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पंजाबी बिरादरी महा संगठन, ओम योग संस्थान गुरुग्राम और जीएवी स्कूल की ओर से संगीतमयी साप्ताहिक योग शिविर के दूसरे दिन भी योगाचार्य ने योग की क्रियाएं कराकर साधकों को स्वस्थ रहने का मंत्र दिया। साधकों ने यहां सिखाए जा रहे योग के गुर सीखकर जीवन में ढालने की बात कही।

प्रदीप सिंह एसडीएम सोहना ने अपने संबोधन में कहा कि 21 जून को मनाए जाने वाले योग दिवस के लिए यूएन में पास प्रस्ताव प्रधान मंत्री द्वारा किया गया। साथ ही उन्होंने भारतीय संस्कृति के बारे में बताया और योग के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में अशोक आर्य, रमेश मुंजाल, ओपी कालरा, सीएल शर्मा, रामलाल ग्रोवर, अनिल, रमेश कुमार, ज्योत्सना बजाज, ज्योति वर्मा, राजपाल आहूजा, प्रमोद सलूजा, धर्मेंद्र बजाज, संजय, सुभाष गाबा, किशोरी लाल डुडेजा, नरेश चावला, रमेश कामरा, उमेश ग्रोवर, रवि मनोचा, अशोक नासा, रहेजा, धर्मपाल कटारिया और नरेंद्र कथूरिया आदि शामिल हुए। योग शिविर में योगाचार्य ओमप्रकाश ने गैस अफारा, बवासीर, छोटी आंत बड़ी आंत कब्ज को कैसे कपालभाति के द्वारा शीघ्र ठीक किया जा सकता है। अतिसार क्रिया के द्वारा ठीक किया जा सकता है, इस बारे में विस्तार पूर्वक बताया। दूसरे दिन के योग कार्यक्रम का प्रदीप सिंह एसडीएम सोहना ने दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। बोधराज सीकरी ने भक्ति योग, ज्ञान योग और कर्म योग के बारे में गीता का हवाला देकर बताया।

फोनपे पेमेंट गेटवे छोटे और मध्यम व्यवसायों को 8 लाख रुपये तक बचाने में मदद करता है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फोनपे ने आज घोषणा की कि उसका पेमेंट गेटवे छोटे और मध्यम व्यवसायों को 8 लाख भारतीय रुपये तक की बचत करने में सक्षम बनाता है। जबकि अधिकांश पेमेंट गेटवे 2% का मानक लेनदेन शुल्क लेते हैं, फोनपे पेमेंट गेटवे में नए मर्चेंट के लिए मुफ्त में ऑनबोर्ड करने के लिए एक विशेष ऑफर है, जिसमें कोई छिपा हुआ शुल्क, सेटअप शुल्क या वार्षिक रखरखाव शुल्क नहीं है। उदाहरण के लिए, अगर एक करोड़ रुपये की मासिक बिक्री वाले व्यवसाय फोनपे पेमेंट गेटवे को मुफ्त में चुनते हैं, तो वे संभावित रूप से हर महीने लगभग 2 लाख रुपये बचा सकते हैं।

फोनपे पेमेंट गेटवे के इस सीमित अवधि के ऑफर के साथ, पूरे भारत में प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले व्यवसाय 8 लाख रुपये तक बचा सकते हैं। फोनपे पेमेंट गेटवे की वास्तविक क्षमता के बारे में बात करते हुए, सुमन पात्रा, सह-संस्थापक, फ्लावरऑरा और बेकिंगो कहते हैं, कि ''एक ई-कॉमर्स व्यवसाय के रूप में, एक विश्वसनीय पेमेंट गेटवे पार्टनर होना महत्वपूर्ण है और हमें उनकी विरासत और अनुभव के कारण फोनपे पेमेंट गेटवे को अपने ग्रोथ पार्टनर के रूप में पाकर खुशी है। फोनपे ने हमें ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने, ड्रॉप-ऑफ कम करने और पेमेंट की समग्र सफलता दर बढ़ाने में मदद की है। फोनपे की सुचारू ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया और उत्कृष्ट मर्चेंट समर्थन उनके साथ काम करना जारी रखने के हमारे निर्णय के प्रमुख कारक रहे हैं।'' निश्चय एजी, जार के सह-संस्थापक और सीईओ फोनपे पेमेंट गेटवे के सर्वश्रेष्ठ (बेस्ट-इन-क्लास) पेमेंट अनुभव के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, ''जब हमने जार शुरू किया, हम पहले दिन से ही स्पष्ट थे कि हम फोनपे की पहुंच और जवाबदेही के कारण उसे अपना पेमेंट भागीदार बनाना चाहते हैं। फोनपे का व्यापक वितरण नेटवर्क हमारे लिए इसे बहुत आसान बना देता है क्योंकि उपयोगकर्ता पहले से ही यूपीआई के लिए तैयार हैं। फोनपे की पेमेंट गेटवे टीम पूरे समय बहुत सहयोगी रही है और समग्र प्रणालियों में लगातार सुधार करने के लिए एक साथ काम कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप हमें उच्च सफलता दर मिली है। फोनपे पहले से ही 50% से अधिक बाजार हिस्सेदारी के साथ यूपीआई में मार्केट लीडर है। बड़े पैमाने पर लेन-देन को संभालने की कंपनी की क्षमता और प्लेटफॉर्म में उपभोक्ता के गहरे विश्वास ने उपभोक्ताओं और मर्चेंट को समान रूप से सर्वश्रेष्ठ (बेस्ट-इन-क्लास) पेमेंट अनुभव प्रदान करने के लिए फोनपे में अपना पेमेंट गेटवे व्यवसाय शुरू किया है।

आपके फर्श के सिर्फ एक वर्ग फुट हिस्से में हो सकते हैं बीमारी पैदा करने वाले लाखों कीटाणु

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

डॉ. राकेश शर्मा, चीफ साइंटिस्ट ने कहा, ''लाइज़ोल के साथ साझेदारी में किए गए अध्ययन में रोगजनकों के बारे में जानकारी सामने आई

भारत का अग्रणी कीटाणुनाशक ब्रांड लाइजोल, और भारत की अग्रणी सरकारी रिसर्च एजेंसी, काउंसिल ऑफ़ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (CSIR) इंस्टीट्यूशन 'इंस्टीट्यूट ऑफ़ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी' (IGIB) ने संयुक्त रूप से भारतीय घरों में कीटाणुओं और रोगजनकों की उपस्थिति का विश्लेषण करने के लिए एक अध्ययन किया। अध्ययन में भारतीय घरों के फर्श पर कई तरह के कीटाणु पाए गए।

सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, हाइजीन, रेकिट-साउथ एशिया ने कहा, ''130 साल पुरानी वैश्विक विरासत के साथ अग्रणी डिसइन्फेक्टेंट ब्रांड लाइजॉल परिवारों की सुरक्षा और उन्हें बीमारी मुक्त रखने की दिशा में प्रयासरत है। भारतीय घरों में किया गया यह अध्ययन यहां मौजूद कीटाणु-संबंधी खतरों की पहचान करके स्वस्थ घर के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारा उद्देश्य है कि स्पेशलाइज्ड क्लीनिंग सॉल्यूशंस का उपयोग करते हुए सफाई और कीटाणुओं का नाश करने की बेहतर आदतों को अपनाया जाए। इसके लिए इन आदतों के फायदों के बारे में भारतीय परिवारों को शिक्षित किया जाए और लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाई जाए। ये स्पेशलाइज्ड क्लीनिंग सॉल्यूशंस आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले सॉल्यूशन जैसे आम फिनाइल की तुलना में बेहतर तरीके से रोगाणुओं का नाश करता है।'' रिसर्च टीम ने भारतीय घरों में कीटाणुओं की उपस्थिति का अध्ययन किया है। इसमें पाया गया है कि अलग-अलग कमरों के फर्श बीमारी पैदा करने वाले कीटाणुओं जैसे एस्चेरिचिया कोलाई, मोरेक्सेला एसपीपी, ब्रेवुंडिमोनस एसपीपी, एसिनेटोबैक्टर एसपीपी के घर होते हैं। शोध से यह भी पता चला कि हमारे घरों की सतह पर 1000 से अधिक प्रकार के बैक्टीरिया और 200 प्रकार के वायरस मौजूद हैं। पहचाने गए कीटाणु डायरिया जैसी बीमारियों और त्वचा-संक्रमण, मूत्र नली के संक्रमण, मुँहासे, आंख और रक्तप्रवाह संक्रमण के लिए जिम्मेदार हैं।

डॉ. राकेश शर्मा, पीएचडी, चीफ साइंटिस्ट सीएसआईआर-आईजीआईबी ने कहा, ''लाइज़ोल के साथ साझेदारी में किए गए अध्ययन में भारतीय घरों के विभिन्न हिस्सों के फर्श पर पाए जाने वाले कीटाणुओं और रोगजनकों के बारे में जानकारी सामने आई है। इसी के साथ ही, अध्ययन में पाए गए कीटाणु कई बीमारियों के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं और इसलिए अध्ययन घरों को स्वच्छ और कीटाणु मुक्त बनाए रखने के महत्व पर जोर डालता है।

ईएलसी के एनआईवी ने बनाया और नायका के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया, ब्यूटी एंड यू ने नई पुरस्कार श्रेणियों के साथ कार्यक्रम का विस्तार किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सबसे बड़ी ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनी एस्टी लॉडर कंपनियां (एनवाईएसई : ईएल) (''ईएलसी'') ब्यूटी एंड यू के दूसरे एपिसोड में आपके साथ जुड़ने के लिए उत्साहित है। ईएलसी के न्यू इनक्यूबेशन वेंचर्स (''एनआईवी'') द्वारा बनाया गया और भारत के पसंदीदा ब्यूटी और लाइफस्टाइल रिटेलर के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया।

नायका, ब्यूटी एंड यू का उद्देश्य भारतीय सौंदर्य ब्रांडों की अगली पीढ़ी को खोजने, स्पॉटलाइट करने और आगे बढ़ाने के अपने मिशन को जारी रखना है। यह कार्यक्रम प्रतिस्पर्धी आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से भारत-केंद्रित कंपनियों, उद्यमियों, नवप्रवर्तकों और रचनाकारों का समर्थन करता है आवेदन 7 जून से 5 अगस्त 2023 की रात 11 : 59 तक ही स्वीकार किये जायेंगे।

ज्ञात हो कि साल 2022 के सीजन वन ब्यूटी एंड यू कॉम्पिटिशन में देश भर 300 से अधिक कम्पनियो ने अपनी रूचि दिखाते हुए आवेदन किया था जिसमें कुछ खास श्रेणियों को बेहतर स्थान मिला था जिनमे त्वचा की देखभाल, बालों की देखभाल आदि शामिल है। 2022 विजेताओं के बारे में जानकारी के लिए आप https://beautyandy-ouawards.com/2022-winners. पर जा सकते हैं।

शाना रणधावा, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, न्यू इनक्यूबेशन वेंचर्स, ईएलसी ने कहा कि अब उपभोक्ता पहले से ज्यादा जागरूक हो गए है जिसे देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत के बाजार सौंदर्य प्रसाधनों को लेकर एक अच्छा प्लेटफार्म हो सकता है। पिछले सीजन की सफलता को देखते हुए हमने इस बार नए इंटरप्रेनर के लिए अलग अलग केटेगिरी रखते हुए कई उद्यमी संगठनों को आमंत्रित करने के साथ ही पुरस्कार की संख्या भी बढ़ा दी है।

तकनीक-सक्षम व्यवसाय अनुसंधान और विश्लेषिकी फर्म के साथ जुड़कर हमने एक रिसर्च किया है जिसके तहत ये देखने की कोशिश कि गयी है कि उपभोक्ता किम प्रसाधनों के लिए ज्यादा उत्साहित रहते हैं या उन्हें ऐसे कौन से मानक हैं जो खरीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। मुख्य रूप से ब्यूटी एंड यू के माध्यम से नव संचालित कंपनियां ज्यादा से ज्यादा अपने ब्रांड को लोगो तक पहुंचा सके इस बात पर जोर दिया है।

अंचित नायर कार्यकारी निदेशक और सीईओ, नायका ब्यूटी ने कहा कि पिछले एक दशक से हम भारत के सौंदर्य प्रसाधनों को लोगो तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। साथ ही नायका अब उन कम्पनियो के साथ काम करने के लिए उत्साहित है जो घरेलू ब्रांडों को अंतराष्ट्रीय स्तर पर देखना चाहते हैं। इसके लिए . नायका और एस्टी लॉडर कंपनियां एक साथ मिलकर ब्यूटी एंड यू के माध्यम से एक विशेष कार्यक्रम करने जा रहे हैं।

इस वर्ष होने वाले कार्यक्रम में दो नए पुरस्कारों को भी जोड़ा गया है जिसमे सौंदर्य प्रसाधनों को लेकर रिसर्च कर रहे स्कॉलर फोटोग्राफरों और फिल्म निर्माताओं, और ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनी से सम्बंधित कोई भी व्यक्ति अपना आवेदन कर सकता है। 2023 पुरस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आप निम्नलिखित लिंक क्लिक कर सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं www.beautyandy-ouawards.com/application-criteria. पुरस्कार स्किन केयर, मेकअप, हेयर केयर, पर्सनल फ्रेगरेंस और होम फ्रेगरेंस श्रेणियों में प्रदान किया जायेगा। जो ब्यूटी एंड यू की ऑफिशिअल वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनी अपने सीएसआर कार्यक्रम के माध्यम से भी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। साथ ही ब्यूटी एंड यू सीजन 2 के विजेता को पुरस्कार के तौर पर 4 करोड़ या . 500,000 तक की राशि प्रदान की जाएगी। इस नए आयाम से जुड़ने के लिए भारतीय स्टार्टअप कंपनियां www.beautyandy-ouawards.com. में आवेदन कर सकते है। बेस्ट ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनियों के विजेताओं की घोषणा 2 नवंबर, 2023 को मुंबई में एक लाइव इवेंट के दौरान की जाएगी।

गजरा गैंग पेश करता है एनचैंटेड गार्डन

नायका फैशन के लिए डिजाइनर महिमा महाजन के कॉलोब्रेशन से एक लिमिटेड एडिशन कलैक्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नायका फैशन आपको सबसे फैशनेबल तरीके से तैयार होने में मदद करने के लिए यहां है! नायका फैशन द्वारा अक्सर -पहने जाने वाले लेबल गजरा गैंग ने लॉन्च किया एनचैंटेड गार्डन. एक एलिवेटेड कैप्सूल कलैक्शन कंटेम्परारी-वियर डिजाइनर महिमा महाजन द्वारा।

मन मौजी और लोककथाओं वाला, और प्रकृति की अंतहीन सुंदरता से प्रेरित, यह संग्रह आधुनिक, स्टाइल-फॉरवर्ड डिजाइनों के माध्यम से महसूस की गई डिजाइनर की राजसी कल्पना का फल है। नायका फैशन द्वारा #firstinfashiion आने वाले त्योहारी सीजन के लिए ठीक समय पर आया है.गजरा गैंग के लिए महिमा महाजन की रचनाएं भारतीय समकालीन परिधानों के लिए उनके विशिष्ट सौंदर्य को दर्शाती हैं जो ब्रांड की अपनी बे जोड़ और धृष्टतापूर्ण भावना का सहजता से जश्न मनाती है.इस कलैक्शन को बहुत हे सावधानी से तैयार किया गया है जहां डेलिकेट फ्लोरल प्रिंट पेरिविंकल पिंक , सूरजमुखी येल्लो , बेरिल ब्लूज के जीवंत रंगों के साथ जुड़े हुए हैं, सभी प्रकृति के जीवंत चित्रपट का जश्न मनाते हैं। शानदार छायाचित्र विविध रेंज में आते हैं-जॉर्जेट की फ्लोइंग साड़ियों, ड्रेसेज, पलाज़ो सेट्स, जो आजकल चलन में हैं, से लेकर कंटेम्परारी लहंगे तक। स्पेगेटी स्ट्रैप ड्रेसेस के भीतर एम्ब्रॉएडर्ड बेल्ट्स के मिनट डिटेलिंग के साथ..गोल्डन नैक और वेस्ट्लाइन को कॉम्पलिमेंट करने के लिए डिटेल्ड फ्रिंज लेस फ्री फ्लोइंग एन्ड एक असीमित मोमेंट के लिए. सभी जटिल प्रिंट और ब्लूमिन्ग फ्लोरल पैटर्न के साथ सजाए गए हैं, जो गर्मियों में सही फिट बने रहने के साथ हे एक मास्टरफुल टेलरिंग के साथ कम्बाइंड है।

नायका फैशन के ब्रांड हेड-इंडियन वियर विपुल माथुर कहते है इंडियन ओकेजन वियर शोप्पेर्स के लिए उनके माइंड में सबसे ऊपर होने जा रहा है क्योंकि वे पहले से ही आने वाले फेस्टिवल की तैयारी शुरू कर देते है अपने लॉन्च के बाद से, गजरा गैंग उत्सव के अवसरों की एक पूरी श्रृंखला के लिए अलग-अलग समकालीन भारतीय-पहनने और ट्रेंडी डिजाइन पेश करने पर केंद्रित है महिमा महाजन के साथ हमारा नया संग्रह एक उन्नत, रचनात्मक संवाद में इन दोनों तत्वों को खूबसूरती से जीवंत करता ह। यह सहयोग आज की भारतीय महिला की फैशन गतिशीलता से मेल खाने वाली उच्च गुणवत्ता और किफायती ओकेजन वियर प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में एक और कदम है।

दिल्ली में मिलेगा मीटी डिलाइट क्योंकि लिशियस ने यहां खोले अपने नए एक्सपीरिएंस स्टोर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत के सबसे पसंदीदा ऑल-थिंग्स-मीट ब्रांड, लिशियस ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पांच नए लिशियस स्टोर्स के लॉन्च के साथ अपनी ऑफलाइन उपस्थिती का विस्तार किया है ।

मीट खरीदने के अनुभव में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से ये स्टोर पारंपरिक मीट आउटलेट्स से बिल्कुल अलग हैं, और लिशियस के प्रशंसकों को खास अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। लिशियस के मीट और सी-फूड उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने के अलावा एक स्टोर को छोड़कर बाकी सभी स्टोर्स में रेस्टोरेंट की तरह डाइन-इन सेवाएं भी मिलेंगी, इसलिए लोग यहां बैठकर तंदूरी चिकन या मटन गलौटी कबाब का आनंद ले सकेंगे। अब पैसिफिक मॉल, द्वारका; गैलेरिया मार्केट, गुरुग्राम; सेक्टर 43, व्यापार केंद्र या एआईपीएल ज्वॉय स्ट्रीट, गुरुग्राम या अट्टा मार्केट, नोएडा में से किसी भी स्टोर में आईये और लिशियस प्रशंसकों के साथ 'मीटी रेंदेवू' का आनंद लीजिए।

शैली सलूजा, बिजनेस हेड एवं वीपी-एक्सक्लुसिव ब्रांड आउटलेट्स, लिशियस ने हमें नए लिशियस एक्सपीरिएंस स्टोर्स के लॉन्च के बारे में बताया, ''लिशियस शुरुआत से ही ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता का मीट और सीफूड प्रदान करने के मिशन पर है। उपभोक्ताओं के लिए ऑनलाईन और ऑफलाइन माध्यमों में टच प्वाईंट्स स्थापित करना बहुत जरूरी है। हमारे एक्सक्लुसिव ब्रांड आउटलेट्स के साथ हमारा उद्देश्य ब्रांड और इसके निष्ठावानों के बीच एक ठोस संपर्कबिंदु स्थापित करना है। इसके अलावा ये आउटलेट सामान्य रिटेल आउटलेट्स की बजाय एक आरामदायक डाईन-इन का अनुभव प्रदान कर रहे हैं, जहाँ लिशियस के उत्पादों का आनंद लिया जा सकता है। दिल्ली-एनसीआर में पांच नए स्टोर्स का लॉन्च अपनी ऑम्नीचैनल पहुंच मजबूत करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता का संकेत है, ताकि उपभोक्ताओं को यह ब्रांड और उसके उत्पाद आसानी से उपलब्ध हो सके।''

इन नए लिशियस एक्सपीरिएंस स्टोर्स में न केवल लिशियस के विभिन्न उत्पाद मिलेंगे, बल्कि यहाँ पर प्रशिक्षित मीट तकनीशियन भी होंगे, जो उपभोक्ताओं को मीट खरीदने की प्रक्रिया में मदद करते हुए उनकी जरूरत के अनुरूप सही उत्पाद या मात्रा चुनने में उनकी मदद करेंगे। ट्रू लिशियस स्टाइल में यहां का डेकोर लाल और सफेद रंग में बहुत ही आकर्षक और मोहक लगता है, जो सुकून से बैठकर खाने या प्रियजनों के साथ मनोरंजक मुलाकात के लिए बैठने की पर्याप्त जगह उपलब्ध कराता है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 17 जून, 2023

वो जब याद आए, बहुत याद आए... पापा आज आप होते तो कितनी खुशियां होतीं

विनोद शर्मा। फरीदाबाद

फादर्स डे पर विशेष

संस्मरण.. पिता की याद में!

औसत से कुछ लंबे, आकर्षक, गौरवर्ण के मेरे दर्शनीय पिता भीड़ में भी अलग ही पहचाने जा सकते थे। पिताजी तार्किक थे और विनोदी भी। बात बात में चुटकुले घड़ देते थे। उनके तीखे मर्मांतक कटाक्षों से उनके विरोधी हमेशा मरणासन्न स्थिति में बने रहते थे। लोगों को अपने अकाट्य तर्कों से धूल चटा देना उनका पसंदीदा शगल था। दृढ़ता और आत्मविश्वास उनके चेहरे पर पढ़े जा सकते थे।

रोबीला व्यक्तित्व और खरा इंसान! बिल्कुल अपने नाम ही के अनुरूप उन्मुक्त, स्वच्छंद और आजाद! यारों के यार और दिलदार! सफाई के इतने वहमी की एक मक्खी भी न बैठने दें। बीड़ी, सिगरेट और शराब पीने वालों के पास बैठना भी उन्हें पसंद नहीं था। कोई भी रंग, कपड़ा उन पर ऐसे जचता जैसे मानो उनके लिए ही बना हो। घी, शक्कर और दूध के बेहद शौकीन।

स्वाभिमानी, अपने बोल के पक्के, आवेगी, जिद्दी, अनुशासित और ईमानदारी जैसे मानवीय चारित्रिक गुण थे उनमें। नास्तिकता के करीब थे, कर्मकांड से ज्यादा इंसानियत में भरोसा रखते थे। सही को सही और गलत को गलत कहे बिना नहीं मानते थे और कई बार इसकी बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ी। उनसे जो भी एक बार मिला

डॉ. सुप्रिया ढांडा व उनके पिताजी स्वर्गीय आजाद सिंह ढांडा।

उन्हें भूल नहीं पाया। ऐसा कुछ जादू था उनके पास! अपनी पहली ही नौकरी में, अपने से उच्च अधिकारी को एक थप्पड़ रसीद कर उन्हें यह समझ आ गया कि नौकरी रूपी गुलामी उनके लिए नहीं बनी है। चूंकि हमारे किसान परिवार में, व्यापार क्षेत्र में वे पहली पीढ़ी थे तो अलबत्ता उनके हिस्से संघर्ष कुछ ज्यादा ही आया। जींद के एक छोटे से गांव से, थोड़े से संसाधन और बहुत सारे अभावों को अपनी जेब में डाल कर निकल पड़े फरीदाबाद जैसे बड़े शहर में। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यहां बिजनेस में अपने पैर जमाए और फिर जींद में पेट्रोल पंप।

तीन बार सर्वसम्मति से पेट्रोल पंप यूनियन के प्रधान पद पर रहना उनकी व्यवहार कुशलता, वाकपटुता और कार्यशैली की दक्षता को दर्शाता है। फरीदाबाद, जींद के बिजनेस और यूनियन की तमाम व्यस्तताओं के बावजूद भी गांव के हर सुख-दु:ख में वे सदैव सबसे आगे खड़े मिलते। सबसे मिलकर चलते। उनकी इस आदत ने उन्हें सबके बीच लोकप्रिय बनाया। दादी के अंतिम संस्कार पर उन्होंने अपने गुस्से की आदत को भी तिलांजलि दे दी थी और यही वो इकलौता मौका था, जब मैंने उनकी आंखें गीली देखी थी।

जिंदगी भर पहाड़ की तरह रहने वाला वो आदमी झरने जैसे बहा। सामाजिक, व्यवसायिक व परिवारिक हर मोर्चे पर उनका व्यक्तित्व हमेशा अव्वल रहा। पूरा जीवन मेहनत और संघर्ष करते रहे और जब आपके आराम करने के दिन आए तब आप चल दिए। ये बात आज हम बच्चों को सबसे ज्यादा कचोटती है। आपके जाने के बाद घर में पैदा हुई चुप्पी को कोई आवाज न तोड़ सकी। अब भी यूं लगता है कि पैट्रोल पंप पर जाते ही कुर्सी पर आप बैठे मिलोगे। नफा-नुकसान मुझसे सब बतलाओगे! समझाओगे! विरह वेदना में मां की सजल आंखें जीवन की बहुत बड़ी हानि को दर्शाती हैं। परिवार में सभी, आपकी बात करते-करते, अंतर्मन के समंदर में उठती लहरों को रोक लेते हैं और खामोशी छा जाती है एकदम से। अपनी आंखों की नमी को छुपाते...व्यस्त रहने का दुस्साहस करते...मानो आपके बच्चों की मासूमियत कह रही हो कि काश! पापा आज आप होते तो कितनी खुशियां होती!!!!

डॉ. सुप्रिया ढांडा (लेखिका इतिहास विषय की असिस्टेंट प्रोफेसर व प्रखर वक्ता है)

गर्मी में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता की जाए सुनिश्चित : बनवारी लाल

सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में हुई लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक

15 में से 13 शिकायतों का मौके पर ही किया निपटारा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री बनवारी लाल।

गर्मी के मौसम के मद्देनजर पीने के पीनी की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए। जिला के किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या होने पर वहां जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग पानी की उपलब्धता त्वरित सुनिश्चित करे। सहकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री डा. बनवारी लाल ने यह निर्देश शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित परिवाद समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक के एजेंडा में कुल 15 परिवाद शामिल किए गए, जिनमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। उन्होंने शेष शिकायतों के निपटान के लिए संबंधित अधिकारी को जांच कर कार्यवाई करने के कड़े निर्देश दिए।

सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि जिला के किसी भी क्षेत्र में पीने के पानी की समास्या नहीं होनी चाहिए। जिन स्थानों पर पेयजल की समस्या है जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग वहां ट्यूबवेल व टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाना सुनिश्चित करे। गांव रनियाला खुर्द निवासी रसीदन की पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत पर सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरोपियों को पकड़ने के लिए निरंतर रेड की जाएं। आरोपियों की लोकेशन का पता लगाकर उन्हें आगामी बैठक से पूर्व गिरफ्तार किया जाए। इस्लामाबाद निवासी तेज सिंह की की श्रम विभाग संबंधी शिकायत पर सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संबंधित ठेकेदार से प्रार्थी की मजदूरी की राशि की अदायगी करवाना सुनिश्चित करें। ऐसा न करने पर ठेकेदार के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाए।

सहदेव नंगला निवासी अंजली की पुलिस विभाग संबंधी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने ग्रीवेंस सदस्य की मौजूदगी में अधिकारियों की एक एसआईटी टीम गठित कर मामले की निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। सहकारिता मंत्री ने कहा कि एसआईटी की जांच की आधार पर ही आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

बामनीखेडा के रहने वाले बिहारी लाल की शिकायत पर सहकारिता मंत्री ने पुलिस विभाग को चैक पर किए गए हस्ताक्षर की वैरीफिकेशन करवाने उपरांत आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गांव धतीर निवासी नवल सिंह की शिकायत पर पब्लिक हैल्थ के अधिकारियों ने बनवारी लाल को अवगत करवाया कि पानी की उपलब्धता करवा दी गई है। इसके लिए उन्होंने एसडीएम पलवल को गांव में जाकर वैरीफिकेशन करने के निर्देश दिए। इस पर सहकारिता मंत्री ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिला के किसी भी गांव में पीने के पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए।

दहेज प्रताड़ना के साथ ननदोई पर दुष्कर्म करने का आरोप

पति ने तीन तलाक की धमकी दी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

दहेज में पांच लाख रुपये नहीं मिलने पर दहेज के लोभियों ने विवाहिता को प्रताड़ित करके घर से निकाल दिया। पीड़िता ने अपने ननदोई पर दुष्कर्म का भी आरोप लगाया है। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पति को बताया तो उसने भी तीन तलाक देने की धमकी दी। कैंप थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति, सास, ससुर, देवर, ननद व ननदोई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। अभी तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है।

पुलिस जांच अधिकारी सुरेखा के अनुसार, मूलरूप से हसनपुर थाना के तहत आने वाले इलाके में रहने वाले महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अब पलवल की एक कॉलोनी में रहती है। साल 2020 में उसकी शादी जिला नूह के एक गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने करीब 11 लाख रुपए खर्च किए थे, परंतु दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए और 5 लाख कैश व गहनों की मांग करने लगे। दहेज नहीं मिलने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। पति, सास, ससुर, देवर, ननद व ननदोई उसे दहेज कम लाने का ताना देते थे।

पीड़िता ने बताया कि ननद-ननदोई पति से उसकी पिटाई करवाते थे। ससुरालवालों ने उसके जेवर भी ले लिए। आरोप है कि दिसंबर 2020 में घर पर कोई नहीं था, तभी ननदोई ने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पति को बताया तो उसने मारपीट कर 3 तलाक देने की धमकी दी। आरोपियों ने दहेज नहीं मिलने पर जनवरी 2021 में उसे गर्भावस्था में ही घर से बाहर निकाल दिया। फरवरी माह में उसने अपने मायके में ही बेटे को जन्म दिया। उसके बाद आरोपी उसे वापस ले जाने का आश्वासन देते रहे, परंतु नहीं लेकर गए। पीड़ित के अनुसार, अब उसके पति ने घर आकर उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता की पुण्यतिथि मनाई

फरीदाबाद। व्यापार मंडल बल्लभगढ़ के बस अड्डा मार्केट कार्यालय में हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता की पुण्यतिथि पर सभी व्यापारी एकत्रित हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा, बल्लभगढ़ व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर, सेक्टर-7-10 की मार्केट के प्रधान वासुदेव अरोड़ा, मुरारी लाल गर्ग प्रधान एसजीएम नगर, आनंद आहूजा, विनोद आहूजा एनआइटी, नानक चंद कालड़ा प्रधान लाइब्रेरी मार्केट, नवल आर्य महासचिव, जितेंद्र कुमार सचिव हरियाणा व्यापार मंडल, अशोक कत्याल, पवन मेंदीरत्ता, बंसीलाल मेहता, विजय आर्य, दयाचंद यादव पूर्व पार्षद ने एकत्रित होकर गायत्री मंत्र का पाठ किया व फूलों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस पुण्यतिथि पर एकत्रित सभी व्यापारियों को संबोधित करते हुए प्रेम खट्टर ने बताया कि स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता निडर और निर्भीक व्यापारी थे। उनकी उपलब्धियों का आकलन करें तो शब्द भी कम पड़ जाएंगे। अपने कार्यकाल में उन्होंने हरियाणा व्यापार मंडल को हरियाणा में पहचान दिलाई।

लावारिस बच्चे को पुलिस के हवाले करने पर शेख मोहम्मद को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

फरीदाबाद के सेक्टर-20 बी कृष्णा नगर के रहने वाले शेख मोहम्मद ने लावारिस अवस्था में घूम रहे छह वर्षीय बच्चे को परिजनों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य करने के लिए पुलिस आयुक्त द्वारा प्रशंसा पत्र व नकद पांच हजार रुपये का देकर सम्मानित किया।

शेख मोहम्मद बाटा से चंदीला चौक तक ऑटो चलाने का काम करता है। वह नौ जून को बाटा से सुबह करीब 11.30 बजे अपने ऑटो को लेकर जा रहा था। उसे रेड लाइट बाटा ऑटो स्टैंड के पास एक लावारिस बच्चा रोता हुआ मिला। जिसको उसने ऑटो स्टैंड पर ऑटो चालकों से मिलाया और उसकी कोई सूचना मिलने पर बताने की बात कही। शेख मोहम्मद बच्चे को अपने घर ले गया।

शेख मोहम्मद ने बताया कि कॉलोनी प्रधान, मस्जिद द्वारा अवाज लगवाकर लोगों को सूचना दी। बच्चे की पहचान के लिए ऑटो में बैठाकर लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सूचना नहीं लगने पर बच्चे को अपने घर ले आए घर पर बच्चे को खाना खिलाकर अपने पास सुलाया। जिसकी सुबह पुलिस चौकी सेक्टर-11 में बच्चे की सूचना दी। बच्चे के संबंध में पुलिस चौकी के पास पहले से ही सूचना थी कि वह बच्चा थाना बीपीटीपी के एरिया से गुम हुआ है। थाना पुलिस को बच्चे के संबंध में सूचना दी गई। बच्चे को सकुशल पुलिस टीम के हवाले कर दिया था। इसे पहले भी शेख मोहम्मद ने करीब 10 महिने पहले ऑटो चलाते समय एक एक्सिडेंट होने से घायल व्यक्ति को पास के अस्पताल श्री राम में भर्ती करा कर परिजनों को सूचना दी थी।

रक्तदान शिविर लगाया

फरीदाबाद। किठवाड़ी गांव के पूर्व नंबरदार स्व. किशन सिंह दलाल की प्रथम पुण्यस्मृति में दलाल परिवार ने पलवल डोनर्स क्लब और जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

शिविर का संयोजन उनके पुत्रों जवाहर सिंह दलाल व राज सिंह दलाल, क्लब के संयोजक विकास मित्तल और रणधीर सिंह रावत ने किया। शिविर का शुभारंभ पलवल नगरपालिका के चेयरमैन डॉ. यशपाल, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र विधूड़ी, नगरपालिका हथीन के पूर्व चेयरमैन लेखराज सहरावत, पूर्व सरपंच महिपाल, इंद्र दलाल, पूर्व सरपंच बहीन रतन सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष जजपा सुरेंद्र सौरोत, क्लब की सह संयोजक अल्पना मित्तल ने किया।

अमृता अस्पताल में दक्षिण एशिया का पहला एक्टेंडेड रिएलिटी इको-सिस्टम हुआ लांच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

1350 बिस्तरों वाले अमृता अस्पताल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक्टेंडेड रिएलिटी द्वारा समर्थित इको-सिस्टम की शुरुआत कर दी है। यह एक ऐसी आधुनिक तकनीक है, जो ऑगमेंटेड रिएलिटी, वर्चुअल रिएलिटी और मिक्स्ड रिएलिटी टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से मरीज की देखभाल, स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण और अनुसंधान को पहले से और बेहतर और प्रभावी बनाता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़े जानकारों का मानना है कि इन सभी आधुनिकतम टेक्नोलॉजी के संयुक्त उपयोग की प्रक्रिया भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली में हो रही क्रांति का आभास करा रही है।

अमृता अस्पताल के पेडियाट्रिक कार्डिओलॉजिस्ट और 3डी लैब्स के प्रमुख डॉ. महेश कप्पानइल कहते हैं, अमृता अस्पताल में एक्टेंडेड रिएलिटी का लागू किया जाना हमारी अनुसंधान टीम द्वारा एक लंबे अर्से से की जा रही कड़ी मेहनत व गहन शोध का नतीजा है। अब तक 150 मरीजों पर इस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा चुका है। जिसके नतीजे बड़े ही सकारात्मक रहे हैं उल्लेखनीय है कि एक्टेंडेड रिएलिटी शुरुआती तौर पर गेमिंग इंडस्ट्री में लोकप्रिय हुआ करती थी। ऐसे में गेमिंग टेक्नोलॉजी को मेडिकल के क्षेत्र में उपयोग में लाना एक बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया थी। यह उपलब्धि अमृता अस्पताल के मौजूदा 3डी लैब और 3डी प्रिंटिंग क्षमताओं से भी कहीं बड़ी है और इससे माध्यम से अस्पताल को अपने पहले पॉइंट ऑफ केअर वर्चुअल रिएलिटी लैब की स्थापना करने में खासी मदद मिली है। अमृता अस्पताल द्वारा विकसित की गई एक्टेंडेड रिएलिटी समर्पित प्रणाली मेडिकल प्रोफेशनलों को शरीर के किसी भी अंग को होलोग्राम की तरह देखने की सहूलियत प्रदान करती है। इससे हरेक मरीज पर निजी तौर पर ध्यान देना और सटीक ढंग से उन्हें औषधि उपलब्ध कराना आसान हो जाता है। इस संबंध में डॉ. महेश कप्पनाइल कहते हैं, मेटावर्स कॉन्सेप्ट को अपनाने से और सीटी स्कैन जैसे डाटा के इस्तेमाल से डॉक्टरों को जटिल बीमारियां को समझने, मुश्किल सर्जरी को प्लान करने और दुनिया भर के डॉक्टरों से साझेदारी करने में एक्सआर प्रणाली काफी कारगर साबित हो रही है। यह प्रणाली दूरदराज बैठे मरीजों से जुड़ने और उनके इलाज संबंधी योजनाएं बनाने में असरदार साबित हो रही है। हम मेडिकल के छात्रों, टेलीमेडिसिन ऑपरेशंस और रिमोट कनेक्टिविटी के लिए आधुनिक शिक्षा यंत्रणाओं को जोड़कर एक्सआर की क्षमताओं को और बढ़ाने संबंधी योजनाएं बना रहे हैं। इन मसलों को लेकर अमृता अस्पताल, इंडस्ट्री के लीडर के तौर पर अपनी पहचान रखने वाले माइक्रोसॉफ्ट और अन्य डेवलपरों के साथ मिलकर काम कर रहा है। अमृता अस्पताल के पेडियाट्रिक कार्डिओलॉजी के प्रोफेसर व प्रमुख डॉ. कृष्णकुमार कहते हैं, अमृता अस्पताल समूह की पेडियाट्रिक कार्डियाक यूनिट मरीजों के लाभ के लिए 3डी प्रिंटिंग व एक्सटेंडेट रिएलिटी के इस्तेमाल में सबसे आगे रहा है। ये अत्याधुनिक 3डी+ टेक्नोलॉजी हृदय समेत मानव शरीर के किसी भी अंग की सटीक प्रतिकृति तैयार करने में सहायक सिद्ध होते हैं। जिससे बीमारी का गहन अध्ययन और सर्जरी करने से पहले बढ़िया ढंग से तैयारी करने का पूरा अवसर डॉक्टरों को मिलता है। इन टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से मेडिकल जगत में एक किस्म की क्रांति का आगाज हो चुका है। इनके माध्यम से सर्जरी की सटीक योजना बनाने, कस्टमाइज़्ड प्रोस्थेटिक्स एवं इम्प्लांट्स, अनूठे व आधुनिक मेडिकल यंत्रों का विकास, उच्च मेडिकल शिक्षा व प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया भी पहले से कहीं अधिक आसान हो गई है।

उन्होंने बताया कि अमृता अस्पताल एक ऐसा आधुनिक अस्पताल है, जहां भारत का पहला पॉइंट ऑफ केअर मेडिकल 3डी प्रिंटिंग और वर्चुअल रिएलिटी लेबोरेटरी की व्यवस्था मौजूद है। उल्लेखनीय है कि यह अत्याधुनिक सुविधा अपने आप में बहुत ही अनूठी है और अब इसका इस्तेमाल मरीजों के सटीक इलाज और पर्सनलाइज़्ड तरीके से बढ़िया देखभाल के लिए अन्य अस्पतालों द्वारा किया जा रहा है।

स्वास्थ्य शिविर में 368 गर्भवती महिलाओं व 11 नवजात शिशुओं की जांच हुई

शिविर में जांच करवातीं महिलाएं।

पलवल। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव की कड़ी में उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हथीन में हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत मातृ एवं शिशु संबंधी स्वास्थ्य कैंप के साथ-साथ निरोगी हरियाणा योजना जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक हथीन की सभी गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य की जांच चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूचि, डॉ. पारूल व डॉ. अमर कौशिक ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. लोकवीर व उप-सिविल सर्जन डॉ. राजीव बातिस द्वारा किया गया। इस अवसर पर उनके साथ मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी आश्रय सिंघल भी मौजूद रहे। शिविर में लगभग 368 महिलाओं व 11 शिशुओं की जांच की गई। उप-सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी व आरबीएसके की टीम ने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच करवाने से होने वाले लाभ बताएं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को यह भी बताया कि सभी माताएं अपने-अपने नवजात शिशुओं की सिर से पांव तक खुद परीक्षण करें व कोई भी विकार मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हथीन की आरबीएसके टीम व नागरिक अस्पताल पलवल के डीईआईसी में लेकर जाएं। इस कैंप में सभी आशा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र की हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं व शिशुओं की जांच करवाई। कार्यक्रम में डॉ. सुरेंद्र आर्य, डॉ. राहुल व डीपीएम मल्लिका व डीएसी मधु मौजूद रही। उप-सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने कैंप में आई गर्भवती महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि वे बच्चे के जन्म के बाद अपने दातों को खाना खाने के बाद सुबह व शाम दोनों समय ब्रुश से अवश्य साफ करें, इसका कोई नुकसान नहीं। हरियाणा कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में डॉ. पारूल सिंघल ने लोगों को निरोगी योजना के बारे में जानकारी दी और निरोगी हरियाणा योजना के तहत की जाने वाली स्वास्थ्य जांच के बारे में लोगो को अवगत करवाया।

संक्षिप्त समाचार

छात्रों ने नागालैंड में हरियाणा की संस्कृति की खुशबू बिखेरी

फरीदाबाद। तिगांव स्थित शिव कॉलेज ऑफ एजुकेशन के छात्रों ने नागालैंड में आर्मी ऑफिसर्स की आयोजित नेशनल इंटीग्रेशन टूर के दौरान हरियाणा संस्कृति की खुशबू बिखरते हुए नार्थ ईस्ट को एनसीआर जोड़ा। कॉलेज के चेयरमैन विनोद नागर और प्रिंसिपल डॉ. जयमाला यादव ने बताया कि नागालैंड में आर्मी की ओर से टेट्सो कॉलेज और आर्मी हेडक्वार्टर कैंपस में आयोजित सांस्कृतिक सभा में कॉलेज के सभी प्रोफेसर ने अपने-अपने अंदाज में व्याख्यान प्रस्तुत कर सभी को आनंदित किया। वहीं कॉलेज छात्रों ने वीर वधू नामक नुक्कड़ नाटक के अलावा हरियाणवी रागिनी, हिंदी कविता, हरियाणवी नृत्य व पंजाबी नृत्य पेश किए। आर्मी के अधिकारियों ने उन्हें नागालैंड के दीमापुर में गवर्नमेंट कॉलेज, मिथुन रिसर्च सेंटर तथा बैंबू रिसोर्स सेंटर का भ्रमण कराया। इसके बाद कोहिमा में आर्मी के सदस्यों ने सभी को वृद्धाश्रम, अनाथालय, वॉर सेमेट्री कोहिमा, चार्ली हिल्स, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लॉ कॉलेज, साइंस कॉलेज, क्रिश्चियन कैथेड्रल चर्च सहित सभी म्यूजियम भी दिखाए। कॉलेज के सभी प्रोफेसर और छात्रों ने वहां के लोगों से खूब बातचीत भी की। आर्मी ऑफिसर्स ने बैटल ऑफ कोहिमा और नार्थ ईस्ट के राज्यों की की भी प्रस्तुति दी। आर्मी ऑफिसर्स ने प्रोफेसर व छात्रों को तोहफे भी दिए। इस टूर में कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. जयमाला यादव, लेक्चरर डॉ. जगदीश कौर, डॉ. निर्मला पंघाल, छात्र आजाद, ममता, अंजली, साक्षी, गुंजन, शिवम और मनवीर ने कॉलेज का प्रतिनिधित्व किया।

कैंची से गोदकर युवक की हत्या में दो गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्रइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह व उनकी टीम ने हत्या के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अभी साथी आरोपी फरार चल रहे हैं, जिनकी तलाश की जा रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में साकिब और साजिद का नाम शामिल है। दोनों आरोपी गांव कुरैशीपुर का रहने वाले हैं। आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 21 वर्षीय मोहम्मद कैफ की कैंची से गोदकर हत्या कर दी थी। मोहम्मद कैफ की वारदात से दो दिन पहले ही शादी हुई थी। वारदात छह जून रात नौ बजे की है, जब मोहम्मद कैफ मस्जिद के पास गया हुआ था। मस्जिद के पास बनी साकिब की परचून की दुकान पर आरोपी बैठे हुए थे, जिन्होंने मोहम्मद कैफ को अपने पास बुलाया। किसी बात को लेकर आरोपियों कि कैफ के साथ रंजिश थी। जिसके चलते उनका झगड़ा हुआ था और झगड़ा बढ़ता बढ़ता बड़ा हो गया और गुस्से में आकर आरोपी शाकिब ने मोहम्मद कैफ पर फायर कर दिया, जिससे गोली के छर्रे कैफ पर लगे। इसके बाद आरोपियों ने मोहम्मद कैफ को दबा लिया और कैंची से गोदकर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। मोहम्मद कैफ के पिता को इसकी सूचना मिली जो उसे लेकर बीके अस्पताल गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत धौज थाने में की। जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी साकिब को काबू कर लिया। फरार चल रहे अन्य आरोपियों की क्राइम ब्रांच टीम तलाश कर रही है। जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

लापता युवक को क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने किया बरामद

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह व थाना आदर्श नगर प्रभारी की टीम ने घर से लापता हुई लड़के को बरामद किया है। 12 जून को अपने घर से बिना बताए कहीं निकल गया था। जिसको परिवार द्वारा अपने तौर पर तलाश किया गया, जो नहीं मिलने पर थाना आदर्श नगर में सूचना दी, सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना में मामला दर्ज कर लड़के की तलाश शुरु कर दी। मामले में क्राइम ब्रांच कैट व थाना आदर्श नगर की टीम ने कार्रवाई करते हुए बल्लभगढ़ एरिया से सकुशल तलाश कर बरामद किया गया है। जिसकी परिजनों के साथ किसी बात को लेकर नाराजगी थी। लडके को पूछताछ के बाद आगामी कार्रवाई करते हुए लडके को परिजनों के हवाले किया है। लडके के परिजनों ने पुलिस टीम का धन्यवाद किया है।

स्वस्थ रहने में खेल का होता है अहम योगदान : एसीपी

फरीदाबाद। हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत एसीपी मुजेसर व थाना प्रबंधक सेक्टर-58 अनूप कुमार तथा उनकी की टीम ने गांव झाडसेतली में नुक्कड़ सभा के माध्यम से आमजन को नशे के प्रति जागरूक किया है। हरियाणा सरकार द्वारा चलाए गए हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत एसीपी मुजेसर व थाना सेक्टर-58 की टीम आज आमजन को जागरूक करने के लिए गांव झाडसेंतली में पहुंची जहां पर पुलिस टीम ने युवाओं को नशे के चंगुल से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। एसीपी मुजेसर ने खेल के माध्यम से नौजवानों व छात्रों में नशे से बचने के फायदे बताए। पुलिस टीम द्वारा नुक्कड़ सभा के माध्यम से भी आमजन को नशे के दुष्प्रभाव तथा उससे बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही महिलाओं को महिला व बाल अपराध, साइबर अपराध, व किसी भी अन्य अपराध होने पर इसकी सूचना पुलिस को देने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही जागरूकता अभियान का समापन किया गया जिसपर सभी छात्रों और युवाओं ने पुलिस टीम द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान के लिए धन्यवाद किया।

अटाली में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

फरीदाबाद। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गांव अटाली स्थित शहीद संदीप सिंह खेल परिसर में निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। योगाचार्य आचार्य अजय कौशिक ने ग्रामीणों को योग कराया। आचार्य अजय कौशिक ने बताया कि आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। योग अनुशासन का विज्ञान है। यह शरीर, मन तथा आत्मशक्ति का सर्वांगीण विकास करता है। योग सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित एक आध्यात्मिक विषय भी है, जो मन एवं शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है।

मणिपुर हिंसा
जटिल समस्या

मणिपुर में हिंसा एक जटिल समस्या है और दुर्भाग्यपूर्ण रूप से इस पूर्वोत्तर राज्य में यह अभी जारी है। पिछले कुछ दिनों से एक हथियारबंद उग्रवादी समूह मणिपुर के कांगापोक्पी जिले में ग्रामीणों की बस्तियों पर हमले कर रहा था। ग्रामीणों द्वारा इसकी प्रतिक्रिया में राज्य में 3 मई से जारी 'नस्ली हिंसा' में एक दिन में सर्वाधिक रक्तपात हुआ। इस भयंकर घटना में नौ लोगों को अपनी जान से हाथ धोने पड़े, जबकि 10 घायल हैं। मणिपुर सांस्कृतिक रूप से विविधतापूर्ण राज्य है जहां अनेक नस्ली समुदाय रहते हैं। इनमें मैती, नगा और कुकी शामिल हैं। इन समूहों के बीच ऐतिहासिक व सामाजिक विभाजनों के कारण बार-बार हिंसा व टकराव होते रहे हैं। इसके पीछे समुदायों द्वारा संसाधनों पर स्वामित्व, क्षेत्र संबंधी दावे तथा राजनीतिक प्रतिनिधित्व की प्रमुख भूमिका है। विडंबना है कि अतीत में मणिपुर में अनेक विद्रोही समूहों का उभार हुआ जिनमें से प्रत्येक का अपना अलग वैचारिक एजेंडा है। ये समूह अक्सर हिंसा पर आमादा हो जाते हैं जिसके परिणामस्वरूप बदला लेने व जवाबी-हिंसा का दुष्चक्र बन जाता है। बेरोजगारी के साथ आर्थिक अवसरों की कमी तथा अनुपयुक्त ढांचागत संरचना के कारण मणिपुर के नौजवानों में निराशा व अलगाव की भावना पैदा हुई है। राज्य में ये सामाजिक-आर्थिक आयाम ऐसी परिस्थितियां तैयार करते हैं जहां हिंसा अपनी पीड़ा व्यक्त करने तथा ध्यान आकर्षित करने का माध्यम बन जाती है। इसके साथ ही राजनीतिक ढांचा भी चुनावी लाभों के लिए विभाजन और बढ़ाता है। स्थिर प्रशासन की अनुपस्थिति में बार-बार

बदलता राजनीतिक नेतृत्व प्रभावी नीति निर्माण में बाधा पैदा करता है। राजनीतिक अस्थिरता के कारण हिंसा को बने रहने तथा फलने-फूलने के लिए खाद-पानी मिलता है। समस्या इस कारण जटिल हो जाती है कि चिन्ताजनक रूप से अनेक विद्रोही समूह म्यांमार से कार्रवाई करते हैं।

राज्य के कुल भू-क्षेत्र का लगभग 10 प्रतिशत इंफाल घाटी में है जहां मुख्यत: मैती रहते हैं। दक्षिण में स्थित पहाड़ियों पर कुकी तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र में नगा रहते हैं। मैती जनसंख्या का 53 प्रतिशत हैं। जनजातीय जनसंख्या में मुख्यत: ईसाई कुकी व नगा हैं जो राज्य की 3.5 मिलियन जनसंख्या का 40 प्रतिशत हैं। वे आरक्षित पहाड़ी क्षेत्रों में रहते हैं जो राज्य का बाकी 90 प्रतिशत हिस्सा है। लेकिन विधानसभा में मैती का राजनीतिक प्रभुत्व है और उनको सरकारी लाभों का बड़ा हिस्सा मिलता है। जनजातीय समूहों को शिकायत है कि सरकारी खर्च केवल इंफाल घाटी तक सीमित है। इस साल समस्या की शुरुआत तब हुई जब राज्य सरकार ने मणिपुर में आरक्षित वनों में रहने वाले अवैध प्रवासियों को हटाना शुरू किया। अधिकारियों ने कहा है कि म्यांमार से आने वाले अवैध प्रवासी मणिपुर में 1970 के दशक से बस रहे हैं। जनजातीय समूहों का कहना है कि अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के पीछे मैती जनसंख्या द्वारा अपनी जमीनों से जनजातीय जनसंख्या को बाहर निकालने की इच्छा है। फरवरी, 2023 में भाजपा राज्य सरकार ने चुराचंदपुर, कांगापोक्पी व टेंगनाउपाल में वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को निकालने का अभियान चलाया। सभी जानते हैं कि इसका नुकसान कुकी समुदाय को हो रहा था। वर्तमान परिस्थितियों में सरकार को सभी हितधारकों को साथ लाकर संवाद विकसित करना चाहिए तथा अपराधी तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उसे परस्पर संवाद व समझदारी विकसित होने तक ऐसी सभी कार्रवाइयां रोक देनी चाहिए जिनसे कोई समुदाय नाराज होता हो तथा समाज में पहले से ही व्याप्त विभाजनों की खाई और चौड़ी होने की आशंका हो।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समीक्षा

सभी राजनीतिक पार्टियों को संसदीय व्यवहारों की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का पालन करते हुए सारी जनता के कल्याण हेत काम करना चाहिए।

वी.के. बहुगुणा
(लेखक, पूर्व वन सेवा अधिकारी हैं।)

हम अपनी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, जबकि हमारी संख्या 1947 में 30 करोड़ से बढ़ कर 2023 में 142 करोड़ हो गई है। लोगों को प्रसन्नता है कि देश को एक नया शानदार संसद भवन मिला है। स्वतंत्रता के बाद पैदा हुई हमारी पीढ़ी खासकर सौभाग्यशाली है कि उसे अपने माता-पिता व पितामहों की तरह विदेशी शासकों का शासन नहीं देखना पड़ा है। उन्होंने अनेक भयानक कष्टों का सामना करते हुए स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया तथा अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य के सपने देखे। गंगा नदी में 14 अगस्त, 1947 की मध्यरात्रि के बाद से काफी पानी बह गया है जब पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संविधान सभा में देश व जनता के लिए उम्मीद से भरा तथा स्वर्णिम भविष्य का सपना देखने वाला प्रख्यात 'ट्रिस्ट विध द डिस्टनी' भाषण दिया था। संविधान सभा ने भारत का संविधान तैयार किया और उसे 26 जनवरी, 1950 को अंगीकार किया। इस प्रकार इंडिया, यानी भारत एक गणतंत्र बना और उस आधुनिक लोकतंत्र की यात्रा शुरू हुई जिसका प्रारम्भ 1937 में हुआ था। जब से अंग्रेजों ने प्रांतों में सीमित लोकतांत्रिक स्व-शासन की शुरुआत की, तब से हमने 1935 के गवर्नमेंट आफ इंडिया एक्ट के पश्चात लोकतांत्रिक चुनावी व्यवस्था की उथलपुथल भरी यात्रा शुरू की।

अब समय आ गया है कि हम भारतीय उस लोकतांत्रिक प्रकार का मूल्यांकन करें जिसका पालन देश ने अब तक किया है ताकि आवश्यकता होने पर उसका रास्ता ठीक किया जा सके। लोकतंत्र या डेमोक्रेसी एक ग्रीक शब्द 'डेमोस' से पैदा हुआ जिसका अर्थ है कि सत्ता जनता या 'क्रेटोस' के पास होगी। ईसा पूर्व पांचवीं शताब्दी में इसकी स्थापना एथेंस में एथनियन लोकतंत्र के पितामह 'क्लीस्थिनीज़' द्वारा की गई थी। सरल शब्दों में इसका अर्थ 'जनता की सत्ता' है जिसे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने बहुत अच्छी तरह परिभाषित करते हुए 'जनता की, जनता के द्वारा तथा जनता के लिए' अवधारणा पेश की थी। आधुनिक दुनिया में लोकतंत्र के दो प्रमुख आधार समानता तथा व्यक्तिगत स्वायत्तता हैं। लेकिन लोकतंत्र की भारतीय व्यवस्था का वेदों में बहुत अच्छा विवरण दिया गया है। इसे बहुत सुंदर रूप से ऋग्वेद के कुछ श्लोकों में बताया गया है। यह भारत सरकार के गणतांत्रिक स्वरूप में अच्छी तरह फल-फूल रहा है। ऋग्वेद के कुछ श्लोकों में कहा गया है कि गांवों में स्वशासित संस्थायें थीं जो गणतांत्रिक समूहों का प्रतिरूप थीं। लेकिन बाद में राजाओं की व्यवस्था तथा सत्ता के दलालों ने इस व्यवस्था पर कब्जा कर लिया। हालांकि, इसके बावजूद हर गांव में एक पंचायत-पांच लोगों के समूह द्वारा शासन की व्यवस्था बनी रही जो किसी न किसी रूप में आज तक विद्यमान है। लेकिन इतिहास के मध्यकालीन युग तथा उसके बाद गांवों में सामंतवाद मजबूत होता गया। यह ब्रिटिश शासनकाल में और मजबूत हुआ जब देश के संसाधनों का अंग्रेजों ने दोहन किया, देश में भयानक गरीबी आई तथा अनेक अकालों के कारण स्थिति अत्यन्त दयनीय हो गई।

हालिया आधुनिक व्यवस्था में लोकतांत्रिक सरकार के प्रमुख सिद्धान्तों में अनेक चीजें शामिल हैं। इनमें मानव गरिमा व व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा, बहुलतावादी व बहुदलीय व्यवस्था में शासकों को निर्वाचन से चुनने की स्वतंत्रता तथा कार्यपालिका, विधायिका व न्यायपालिका में शक्तियों का पृथक्करण प्रमुख हैं। इसके साथ ही जीवन्त स्वतंत्र प्रेस हमारे लोकतंत्र का प्रमुख अंग है। लोकतंत्र की सफलता का एक मूल तत्व इसके केन्द्रीय मूल्यों व विरोध प्रकट करने के प्रति सम्मान है। दुनिया के अधिकांश हिस्सों में शासक अपने को लोकतांत्रिक कहने में गर्व का अनुभव करते हैं, हालांकि उनमें से अनेक एक-दलीय व्यवस्था के माध्यम से शासन करते हैं। इनमें कम्युनिस्ट भी शामिल हैं जो स्वयं को लोकतांत्रिक कहते हैं। भारत ने लोकतंत्र का वह रूप स्वीकार किया जो ग्रेट ब्रिटेन में राजतंत्र के अंतर्गत अलिखित संविधान के माध्यम से काम करता है। इसके साथ ही दुनिया में फ्रांसीसी व अमेरिकन लोकतांत्रिक व्यवस्थायें भी हैं जिनमें कुछ सकारात्मक व कुछ नकारात्मक तत्व शामिल हैं। अधिकांश अफ्रीकी देशों में लोकतंत्र का अर्थ आंशिक लोकतंत्र से लेकर स्वेच्छाचारिता व तानाशाही तक फैला हुआ है जहां तानाशाह लोकतांत्रिक मानकों का दुरुपयोग करते हैं।

इन परिस्थितियों में भारतीय लोकतंत्र का मूल्यांकन करते हुए हमें गौर करना चाहिए कि हम अपनी शासन-प्रशासन की व्यवस्था में लोकतंत्र के प्रमुख मूल्यों-स्वतंत्रता, समानता व बंधुत्व के प्रति कैसा व्यवहार करते हैं और इनके प्रति हमारी प्रतिबद्धता का क्या स्तर है। सकारात्मक बिंदुओं पर गौर करें तो हमने प्रशासन में एक प्रकार का स्थायित्व स्थापित किया है जिसकी जड़ें बहुत मजबूत हैं। भारत ने स्वच्छ एवं स्वतंत्र निर्वाचन प्रक्रियाओं को सुस्थापित किया है। इसके साथ ही स्वतंत्र भारत ने हरित क्रांति के माध्यम से खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता प्राप्त की है, हमारी जीवन प्रत्याशा 1947 में 32 साल से बढ़ कर 2022 में 70 वर्ष हो गई है तथा हम पोलियो जैसी बीमारी का उन्मूलन करने में सफल हुए हैं। भारत ने अंतरिक्ष, नाभिकीय व अन्य तकनीकों में तेजी से प्रगति की है जिनमें चिकित्सा विज्ञान शामिल है। इसके साथ ही देश ने जेंडर समानता तथा श्वेत क्रांति के माध्यम से दुग्ध उत्पादन में अभूतपूर्व प्रगति की है। वर्तमान समय में भारत का बहुत मजबूत सुरक्षा ढांचा है।

लेकिन असाधारण विविधता वाले देश में लोकतंत्र के अनेक नकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं, हालांकि इसके लिए राजनीतिक पार्टियां व जनता समान रूप से जिम्मेदार हैं। देश में लगभग 80 प्रतिशत राजनेता तथा आम जनता के ऐसे लोग शामिल हैं जिनको लोकतंत्र के असली मूल्यों तथा उनके व्यवहार की चिन्ता नहीं है। यह शायद दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नागरिकता प्राप्त की जा सकती है और ऐसे दस्तावेज 'खरीद' कर आधार कार्ड भी बनवाये जा सकते हैं। यही कारण है कि अनेक नागरिकों, नौकरशाहें तथा राजनेताओं में राष्ट्रीय संप्रभुता तथा उसकी विरासत के प्रति प्रतिबद्धता का अभाव है। गलत तरीके से प्राप्त इन दस्तावेजों से अक्सर मतदाता पहचान पत्र भी बन जाते हैं। मतदाता पहचान पत्र की एक शर्त यह है कि प्रार्थी सामान्य रूप से उस क्षेत्र में रहता हो जहां वह मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण चाहता है। लेकिन इस शर्त पर कभी गंभीरता से अमल नहीं हुआ जिसके कारण अनेक विदेशी भी भारतीय नागरिक बन गए और वोटबैंक राजनीति राष्ट्रीय हितों के साथ गंभीर खिलवाड़ कर रही है। इससे अंतत: सामाजिक तनाव पैदा होता है, देश की सुरक्षा को गंभीर खतरे पैदा होते हैं तथा कानून-व्यवस्था संबंधी मुद्दे सिर उठाते हैं। मणिपुर की हालिया हिंसा इसका एक उदाहरण है।

कुछ दशक पहले तक चूड़ा चांदपुर जिले की जनसंख्या केवल 60,000 थी, पर अब यह कई लाख हो गई है। इसका कारण म्यांमार से कुकी व नगा आदिवासियों की भारी घुसपैठ है। मणिपुर में अशांति का एक प्रमुख कारण सीमापार से नशे का व्यापार है। वोटबैंक राजनीति के कारण न केवल मणिपुर, बल्कि पूरे भारत में विदेशियों की भारी घुसपैठ हुई है। असम आंदोलन का कारण विदेशियों की घुसपैठ थी। उत्तराखंड में विदेशी और बाहरी लोग पहाड़ों में घुसपैठ का लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में बस रहे हैं। इससे इस सीमान्त राज्य की संस्कृति व परिस्थितिकी पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

हम जार्ज सोरोस की फंडिंग तथा हिंडेनबर्ग द्वारा अडानी के खिलाफ रिपोर्ट के माध्यम से मारत सरकार को अस्थिर करने की बात करते हैं जिसके कारण अडानी के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि ऐसी शक्तियां केवल एशियाई व अफ्रीकी देशों पर ही निशाना क्यों लगाती हैं। इसका कारण हमारे समाज और लोकतंत्र की कमियां हैं और हम विरोधियों से निपटने के लिए बाहरी लोगों की सहायता लेने से हिचकते नहीं हैं। संसद की कार्यवाही का प्रसारण शुरू होने के बाद से यह हमारे आंतरिक मामलों में विदेशियों के हस्तक्षेप का माध्यम बन गई है। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियों को गंभीर विचार कर दूसरे देशों के संसदीय व्यवहारों से अच्छी चीजें सीखनी चाहिए तथा अनता के कल्याण हेतु काम करते हुए भारत को सच्ची विश्व शक्ति बनाना चाहिए।

प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक अमेरिका यात्रा

> इसका उद्देश्य समग्र भू-राजनीतिक रणनीति में भारत को एक प्रमुख खिलाड़ी और अमेरिका के करीबी मित्र के रूप में लाना है।

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जब अगले सप्ताह संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्वी तट पर उतरेंगे, तो उनकी अपनी तरह की एक ऐतिहासिक यात्रा निर्धारित की गई है। वाशिंगटन और नई दिल्ली को पार करने वाले दोनों देशों के हाई प्रोफाइल नेताओं का एक सार्थक परिणाम दस्तावेज़ तैयार करने के लिए भीड़ का समय, श्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान स्थानों का चुनाव और कई कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है, जिनमें पहली बार कई शामिल हैं। सुझाव दें कि अमेरिका भारत को करीबी दोस्तों के क्लब में खींचने के लिए अतिरिक्त मील चल रहा है। यह शीत युद्ध से प्रेरित गर्म संबंधों की अनिच्छा से प्रस्थान है, जिसे भारत और अमेरिका ने लगभग 4 दशकों तक देखा है।

सबसे पुराने लोकतंत्र और सबसे बड़े लोकतंत्र ने शीत युद्ध के गलियारे के दोनों ओर भागीदारों को विश्वसनीय के रूप में चुना, जब तक कि चीजें डेढ़ दशक पहले शुरू नहीं हुईं। अमेरिका ने भारत को विशिष्ट परमाणु समूह में शामिल करने की अपनी अनिच्छा को त्याग दिया, जिससे उच्च तकनीक तक पहुंच प्रदान की गई, उसी समय दिल्ली ने एक मुक्त अर्थव्यवस्था के लाभों को महसूस करना शुरू कर दिया था और इसलिए, अपने पुराने समाजवादी वैचारिक गठजोड़ को छोड़ने की आवश्यकता थी। 15 साल की यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत करने वाले प्रत्येक मील के पत्थर से युक्त रही है।

राजकीय यात्रा के क्रम में, सबसे महत्वपूर्ण और सार्थक व्यावसायिक परिणामों से भरे होने के वादे के साथ, राज्य सचिव, यूएस, एंटनी जे ब्लिंकेन ने आइडिया ऑफ इंडिया शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए टिप्पणी की, हम

यहां लगभग शाब्दिक रूप से हैं हम जो मानते हैं उसकी पूर्व संध्या प्रधान मंत्री मोदी की एक ऐतिहासिक राजकीय यात्रा होगी - एक जो राष्ट्रपति बिडेन ने 21 वीं सदी के परिभाषित संबंध को और मजबूत करेगी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के संबंधों के लिए द्विदलीय दृष्टिकोण क्लिंटन प्रशासन के अंतिम वर्षों के दौरान, बुश प्रशासन, ओबामा प्रशासन और ट्रम्प प्रशासन के माध्यम से, चल रहे बिडेन प्रशासन से एक अतिरिक्त धक्का के साथ सुसंगत रहा है।

इसका उद्देश्य समग्र भू-राजनीतिक रणनीति में भारत को एक प्रमुख खिलाड़ी और संयुक्त राज्य अमेरिका के करीबी मित्र के रूप में लाना है, जिसमें भारत-प्रशांत क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जहां चीन दोनों देशों के लिए एक बढ़ता हुआ खतरा है, जिसे में स्पष्ट रूप से पढ़ा गया था। राज्य सचिव के भाषण. उन्होंने कहा, हम क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों को दूर करने के लिए एक साझा प्रतिबद्धता में साझेदारी के महत्व को देखते हैं - स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा देना, अपने क्वाड भागीदारों के साथ काम करना ताकि एक स्वतंत्र, खुला, सुरक्षित, समृद्ध इंडो-पैसिफिक बनाया जा सके जहां लोग, जहां सामान, जहां विचार स्वतंत्र रूप से यात्रा कर सकते हैं और नियम निष्पक्ष रूप से लागू होते हैं।

मैंने पिछले ढाई वर्षों के करीब इन मुद्दों पर भारत के रचनात्मक नेतृत्व को देखा गया है, और मैं इसे इस वर्ष के जी-20 सम्मेलन में उनके महत्वाकांक्षी एजेंडे में देखता हूं, भारत के साथ हमारे नए आई2यू2 समूह में, इज़राइल के साथ, संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ; और शायद एक दर्जन से अधिक बैठकें जो मैंने अपने समकक्ष, मेरे सहयोगी, मेरे मित्र, विदेश मंत्री जयशंकर के साथ की हैं।

आर्थिक संबंधों पर जोर द्विपक्षीय के लिए एक नया अध्याय चिह्नित करता है जहां अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोगी के रूप में महत्व देता है, जो समय के साथ सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी साबित हो सकता है। पिछले साल अमेरिका और भारत के बीच 191 अरब डॉलर का व्यापार, भारत में अमेरिकी कंपनियों द्वारा मजबूत निवेश और इसके विपरीत कोलकाता से उत्तरी कैरोलिना और उससे आगे तक लाखों रोजगार के अवसर पैदा करने जैसे आंकड़े आने वाले दिनों में एक पैर जमाने के लिए तैयार हैं। राज्य का दौरा।

अमेरिका के रक्षा सचिव, अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की प्रारंभिक बैठकें, वित्त मंत्री, भारत, रेलवे आईटी और संचार मंत्री, विदेश मंत्री भारत और भारत के कई उच्च-स्तरीय अधिकारियों की हाल के दिनों में अमेरिका की यात्रा निश्चित रूप से आगे बढ़ रही है संख्या अधिक। उद्योग के हितधारक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के लिए उत्साहित हैं जो दोनों देशों में नौकरियां पैदा करेगा। अब सभी की निगाहें अगले हफ्ते न्यूयॉर्क और वाशिंगटन में मोदी पर टिकी हैं।

आप की बात

कोचिंगों का धंधा

दिल्ली के मुखर्जीनगर में चलने वाले कोचिंग सेंटर की इमारत में आग लग गयी और लगभग 400 छात्र उसमें फंस गए। आईएएस बनने का पैशन धीरे-धीरे सनक में तब्दील होता जा रहा है जिसकी चपेट में ख़ासतौर पर हिन्दी पट्टी के युवा तेजी से आ जाते कुछ लोग इसे हवा देकर कोचिंग के साथ-साथ एक समानांतर कारोबार खड़ा करने में लगे हैं। आप यह देखकर दहल जाएंगे कि दुर्घटना वाली इस इमारत की क्षमता कितनी थी और इसका उल्लंघन करते हुए कितने दाखिले लिए गए। माचिस की डिबिया जैसे कमरे और गुफा-कंदराओं सी इमारतों के भीतर देख कर दहशत होती है। कोचिंग संचालक तथा उनमें पढ़ाने वाले शिक्षक कभी उस नारकीय परिवेश की बात नहीं करते जहां वे नौजवानों के सपनों से खेल कर अपना मुनाफा बढ़ाते हैं। कोचिंग के ये मसीहा जानते हैं कि परीक्षा परिणाम का डंका पीटने के अलावा हमारी कोई दूसरी जिम्मेदारी नहीं है, छात्र की जान और सुरक्षा की भी नहीं। सरकार को कोचिंग संस्थानों तथा वहां छात्रों की सुरक्षा के निश्चित मानक बना कर उनको कठोरता से लागू करना चाहिए। ऐसा न होने पर भविष्य में देश के प्रतिभाशाली नौजवान देश के किसी शहर में दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

-भूपेंद्र सिंह, दिल्ली

राजनीति का स्तर

पिछले कई दशकों में विभिन्न राजनीतिक दलों ने आपस में गठजोड़ करके सत्ता प्राप्त की है। मगर उस समय के सभी दलों के अधिकांश नेताओं में एक उच्चस्तरीय मानसिक व्यवहार करने की क्षमता थी। उनमें धन देकर जनप्रतिनिधियों की खरीद-बिक्री की कोई प्रवृत्ति नहीं थी और न ही विपक्षी दलों के प्रति सत्ता पक्ष की या सत्ता पक्ष के प्रति विपक्ष की इतनी नफरत थी। वर्तमान राजनीति का स्तर इतना गिर गया है कि लगभग सभी दल पूरी सौदेबाजी करते हैं। मिलकर चुनाव लड़ने व बहुमत प्राप्त करने के बाद भी मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए अपने सहयोगी को लात मार कर विरोधी दल से हाथ मिलाने में भी गुरेज नहीं करते हैं। इसके उदाहरण हम पहले कई बार देख चुके हैं। इस बार भी विपक्षी एकता में संशय है। सभी विपक्षी दलों के एकजुट होने के मसले पर भारी मतभेद पग-पग पर नजर आ रहे हैं। ऐसे में मतदाताओं को ही अपने पूरे विवेक का उपयोग करके मतदान करना होगा तथा मुफ्त की रेवड़ियों के खातिर अपने कीमती वोट को लूटने से बचना होगा। हमें देश, पर्यावरण व भावी पीढ़ियों के विकास को केन्द्र में रखना होगा।

- सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

एआई पर लगाम

यूरोपियन यूनियन के 27 देशों के समूह ने आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस-एआई को कानूनी शिकंजे में कसने के लिए पहला कदम बढ़ा दिया है। इसलिए इस समूह को साधुवाद तो देना ही पड़ेगा। यूरोपीय संसद के सांसदों ने बुधवार को लैंडमार्क आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्ट पारित किया जिससे एआई तकनीक को विनियमित करने वाले व्यापक नियमों के दुनिया के पहले प्रमुख सेट को औपचारिक रूप से अपनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। एआई एक्ट के तहत सभी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को जोखिम के चार स्तरों के तहत वर्गीकृत किया जाएगा। प्रौद्योगिकी को एक अस्वीकार्य जोखिम माने जाने का प्रावधान किया गया है। इस साल के अंत तक या अगले वर्ष के प्रथम तीन महीनों के भीतर यह कानून विधिवत काम करने लगेगा। मगर एक प्रश्न अभी भी अनुत्तरित ही रह गया है कि एआई के अच्छे वाले भाग को उसके बुराई वाले भाग से कैसे अलग किया जायेगा? इस बात की क्या गारंटी है कि उस तकनीक का दुरूपयोग भी चोरी छुपे न होने लगे? एआई पर राष्ट्रसंघ को सक्रिय होना चाहिए क्योंकि यह पूरी दुनिया का मामला है।

- जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर

भारत-विरोधी तत्व

बरसाती मेंढकों की तरह चुनावी मेंढकों का टर्राना भी प्रारंभ हो जाता है। अमेरिकी चुनावों के समय भी विवादित रहे ट्वीटर के संस्थापक बोरसी की अंतरात्मा किसान आंदोलन के इतने समय बीत जाने के बाद जागी है। ट्वीटर पर उस समय ऐसा कौन सा दबाव था जो अब नहीं है। भारत में मीडिया पूर्ण रूप से स्वतंत्र है। ट्वीटर ने हमेशा भारतीय नियम कानूनों की अनदेखी की है और अपनी इच्छा से किसी के भी अकाउंट्स बंद करता रहा है। वास्तव में इस नौटंकी के पीछे चुनावों के पूर्व विश्व मंच पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की छवि को खराब करना ही है। ऐसे कई टूलकिटों का प्रयोग 2019 के चुनावों के पहले भी किया गया था, किंतु जनता ने मोदी पर 2014 से भी अधिक विश्वास व्यक्त कर टुकडे-टुकड़े गैंग को आईना दिखा दिया था। इस तरह के षड्यंत्रों को देश की जनता भली भाँति समझ चुकी है। भारत की आर्थिक प्रगति की आज पूरी दुनिया सराहना कर रही है और हाल ही में अमेरिकी सरकार से भी आधिकारिक बयान आया है जिसमें भारत में जीवंत लोकतंत्र होने की बात कही गई है।

- रामबाबू सोनी, इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

गर्मी का प्रकोप

24 घंटे अलर्ट रहे प्रशासनिक मशीनरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग के अन्तर्गत जल जीवन मिशन, अटल भूजल व नमामि गंगे योजना के कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत तेजी से कार्य हो रहा है, यह सराहनीय है। आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रहे। जिन जनपदों में रोड फिलिंग और रोड कटिंग की समस्याएं आ रही हैंए उनका निस्तारण जल्द करा लिया जाए। नमामि गंगे योजना के तहत प्रयागराज में जो कार्य हो रहे हैं उन्हें महाकुंभ-2025 से पूर्व पूरा करा लिया जाए।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी का प्रकोप अधिक है, अत: इसके दृष्टिगत ग्रीष्म ऋतु में समस्त जनपदों में सम्बन्धित प्रशासनिक मशीनरी 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहे। प्रदेश के समस्त जनपदों में नामित नोडल अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्याओं की सूचना प्राप्त कर उनका त्वरित समाधान कराया जाये। जनपद स्तर के नोडल अधिकारी का मोबाइल नंबर एवं कंट्रोल रूम के नम्बर अनिवार्य रूप से तहसीलों, विकास खण्डों, ग्राम पंचायतों आदि में प्रसारित किया जाये। जल की गुणवत्ता के लिए प्रत्येक ग्राम से चयनित पांच-पांच महिलाओं द्वारा जल गुणवत्ता की जांच के परिणामों को जेजेएम डब्ल्यूक्यूएमआईएस पोर्टल पर अवश्य अपलोड कराया जाए। उन्होंने अटल भूजल (अटल जल) योजना में उत्तर प्रदेश को भारत सरकार से मिले इंसेंटिव्स के यूटिलाइजेशन में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रसन्ता व्यक्त करते हुए अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। उत्तर प्रदेश ने 7 राज्यों की रैंकिंग में गुजरात, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे राज्यों को पीछे छोड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार के जल जीवन सर्वेक्षण में उत्तर प्रदेश के जिले लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जून के शुरुआती 14 दिनों के बीच सर्वेक्षण की स्थिति का आंकलन करें तो बेस्ट परफॉर्मेंस करने वाले जिलों में यूपी सबसे आगे है। 75.100 प्रतिशत तक टैप कनेक्शन कवरेज में महोबा, बागपत और झांसी जिले शामिल हैं जबकि फास्टेस्ट मूविंग जिलों में जालौन, गौतमबुद्धनगर और शाहजहांपुर जिलों ने 50-75 टैप प्रतिशत टैप कनेक्शन कवरेज में अचीवर्स की रैंकिंग हासिल की है। 14 जून तक 50 प्रतिशत हाउस होल्ड्स टैप वाटर कनेक्शन के स्टेटस में 267.274 अंक के साथ उत्तर प्रदेश नंबर वन रैंक पर है। अब तक 26621624 लक्ष्य के सापेक्ष 12639557 घरों को टैप वाटर सप्लाई कनेक्शन दिये जा चुके हैं। अब तक 10 जिलों-जालौन, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, चित्रकूट, बागपत, मिर्जापुर, बांदा, झांसी, ललितपुर एवं महोबा में 75.100 प्रतिशत के मध्य कार्य हो चुका है।

सीएम योगी ने अपने सरकारी आवास पर संस्कृति राजभाषा समिति के सदस्यों से शिष्टाचार भेंट की

पुलिस कर्मियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने को धनराशि स्वीकृत

● 35वी वाहिनी पीएसी, लखनऊ में बनेगा 150 खिलाड़ियों की क्षमता का एक मल्टीस्टोरी स्पोर्टस हॉस्टल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिए आवासीय भवनों एवं अनावसीय भवनों यथा हास्टल, बैरक, विवेचना कक्ष एवं पुलिस चौकी परामर्श केन्द्र के भवन आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए 9 जनपदों मुरादाबाद, बरेली, आगरा, बाराबंकी, गौतमबुद्धनगर, मिर्जापुर, अयोध्या, एटा एवं लखनऊ के लिए कुल 21 करोड़ 86 लाख रुपए से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत जनपद मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा में महिला पुलिस चौकी परामर्श केन्द्र के भवन निर्माण कराये जाने के लिए 78 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार जनपद बरेली के थाना आंवला में 40 क्षमता के हास्टलध्बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए 1 करोड़ 6 लाख रुपए से अधिक की धनराशि धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।

संजय प्रसाद ने बताया कि जनपद आगरा के थाना एत्मादपुर के अन्तर्गत स्वीकृत नवीन पुलिस चौकी हाइवे के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 71 लाख रुपए से अधिक की धनराशि, जनपद बाराबंकी के थाना घुंघटेर में 40 क्षमता के हास्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए 1 करोड़ 7 लाख रुपए से अधिक की धनराशि, जनपद गौतमबुद्धनगर के थाना जेवर में 40 क्षमता के हास्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए 1 करोड़ 8 लाख से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। प्रमुख सचिव गृह ने यह जानकारी भी दी की पुलिस कर्मियों की सुविधा को वरीयता देते हुए मुख्यमंत्री ने जनपद मिर्जापुर पुलिस लाइन मे निर्माणाधीन 200 व्यक्तियों की क्षमता वाली बैरक के निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 65 लाख से अधिक, जनपद अयोध्या में स्पेशल टास्क फोर्स के कार्यालय भवन निर्माण के लिए 4 करोड़ 74 लाख से अधिक की धनराशि, जनपद एटा की पुलिस लाइन में श्रेणी-बी के 16 आवासों के निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 92 लाख से अधिक की धनराशि, जनपद गौतमबुद्धनगर के सेक्टर-5 हरौला, नोएडा मे थाना फेज-1 के आवासीय भवन के निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 37 लाख से अधिक की धनराशि, लखनऊ में 35वी वाहिनी पीएसी में 150 खिलाड़ियों की क्षमता का एक मल्टीस्टोरी स्पोर्टस हॉस्टल के निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 38 लाख से अधिक एवं जनपद बरेली के थाना देवरनिया में 40 क्षमता के हास्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए 1 करोड़ 6 लाख से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

मुख्यमंत्री का 24 घंटे विद्युत आपूर्ति का आदेश पूरी तरह से विफलः कांग्रेस

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश जारी किया था कि 22 जून तक प्रदेशवासियों को 24 घंटे निर्बाध बिजली मिलनी चाहिए। मगर उनका आदेश आज 16 जून तक अमल नहीं हो पाया है। दूसरी तरफ ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा का कहना है की बिजली के रिकॉर्ड आपूर्ति हो रही है मगर धरातल पर बहुत बुरा हाल है। उनका दावा झूठा है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह के अनुसार राजधानी लखनऊ हो या उत्तर प्रदेश के अन्य जनपद, शहरों में 24 घंटे बिजली का वादा डबल इंजन की सरकार पूरा नहीं कर पा रही है। गर्मी में बिजली की मांग बढ़ जाती है मगर बिना तैयारी के मुख्यमंत्री योगी ने 22 जून तक 24 घंटे बिजली देने का आदेश दे दिया। प्रशासन और बिजली विभाग कटौती रहित बिजली मुहैया नहीं करा पा रहा है। शहरों में 16 घंटे से अधिक बिजली नहीं आती और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली 10 घंटे से भी कम आ रही है। भीषण गर्मी है, धान की बुवाई का वक्त है। एक तरफ गर्मी से शहरों में रहने वाले लोग बेहाल है।

गंगा व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के लिए धन आवंटित, निर्माण कार्य में आएगी तेजी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश को ष्एक्सप्रेस प्रदेश बनाने की दिशा में कार्य कर रहे सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सरकार प्रदेश में एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाने के लिए दिन-रात काम कर रही है। इसी क्रम में गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे में यात्री सुविधाओं को लेकर इस वर्ष जारी होने वाले वार्षिक अनुदान किस्त की अदायगी का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्रदेश सरकार ने इस संबंध में गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए 100 करोड़, जबकि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के लिए 40 करोड़ रुपए की किस्त जारी करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए योगी सरकार एक्सप्रेस-वे योजनाओं को गति दे रही है। यह सरकार के प्रयासों का ही असर है कि एक्सप्रेस-वे निर्माण की दिशा में यूपी तेजी से प्रगति कर रहा है।

प्रदेश में इस समय 7 एक्सप्रेस-वे क्रियाशील हैं जबकि 6 निर्माणाधीन हैं। इनमें सबसे प्रमुख गंगा एक्सप्रेस-वे व बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे हैं, जो कई बड़े शहरों को कनेक्ट करते हैं। ऐसे मेंए मेरठ से प्रयागराज के मध्य बन रहे गंगा एक्सप्रेस-वे को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से 100 करोड़ रुपए की वार्षिक अनुदान किस्त जारी करने की हरी झंडी मिल गई है। गंगा एक्सप्रेस-वे की कुल अनुमानित लागत 36230 करोड़ रुपए है जिसमें से अब तक 4775 करोड़ रुपए की धनराशि परियोजना के लिए जारी हो चुकी है, वहीं इस वर्ष इस क्रम में 100 करोड़ रुपए की धनराशि यूपीडा द्वारा जारी की जा रही है। गौरतलब है कि पीपीपी मॉडल के आधार पर 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का प्रदेश में निर्माण किया जा रहा है और चार चरणों में पूर्ण होने वाली इस योजना की घोषणा नरेंद्र मोदी द्वारा 18 दिसंबर 2021 को शाहजहांपुर में की गई थी। वर्ष 2024 तक इस एक्सप्रेस.वे का निर्माण पूर्ण होना अनुमानित है।

जाली भारतीय मुद्रा छापकर विभिन्न प्रदेशों में तस्करी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

जाली भारतीय मुद्रा छापकर देश के अलग-अलग राज्यों में तस्करी के माध्यम से पहुंचाने वाले गैंग के सरगना और ईनामी अपराधी सुरेश रजक को आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने गिरफ्तार किया। गाजीपुर जिले की कोतवाली पुलिस ने बीती 14 जनवरी को इस गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को गिरफ्तार किया था। इनसे हुई पूछताछ के बाद पता चला था कि गिरोह का सरगना सुरेश रजक निवासी मोहल्ला ग्वाल बिघा पैनपर, थाना रामपुर, जनपद गया, बिहार है। सुरेश रजक की गिरफ्तारी के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एटीएस को भी सतर्क किया गया था। एटीएस ने सरगना सुरेश रजक को गोपनीय सूचना के आधार पर गाजीपुर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। एटीएस के अनुसार सुरेश रजक अपने मुर्गी-बकरी के व्यवसाय की आड़ में जाली भारतीय मुद्रा छापकर ` गिरोह के माध्यम से भारत के अलग-अलग राज्यों में तस्करी करता था । उक्त मुकदमें में नामजद दो अभियुक्त मुख्य सरगना सुरेश रजक एवं गिरोह का सक्रिय सदस्य बाबिल बिन्द उर्फ बबलू मुकदमा पंजीकृत किए जाने के उपरांत से लगातार अपनी लोकेशन बदल-बदल कर छिपकर रह रहे थे। जिन पर पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र द्वारा 28 अप्रैल 2023 को पचास-पचास हजार रुपए का पुरस्कार भी घोषित किया गया था। एटीएस द्वारा 8 जून 2023 को अभियुक्त बबलू उर्फबाबिल बिन्द की गिरफ्तारी की जा चुकी है और सुरेश रजक को शुक्रवार को दबोच लिया। अभियुक्त को थाना कोतवाली, जनपद गाजीपुर में दाखिल किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना स्तर से की जाएगी।

स्कूल प्रबंधक से घूस मांगने की जांच में दोषी पाए गए आईपीएस अनिरुद्ध सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

वाराणसी के स्कूल प्रबंधक से वीडियो कॉल में घूस मांगने के मामले में आईपीएस अनिरुद्ध सिंह को दोषी पाया गया है। उनके खिलाफ वृहद दंड की कार्रवाई की तैयारी है। दरअसल 12 मार्च को उनका घूस मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिस पर डीजीपी मुख्यालय ने वीडियो और घूसकांड की जांच वाराणसी के पुलिस कमिश्नर को सौंपी थी।

अपर पुलिस आयुक्त क्राइम संतोष कुमार सिंह को जांच अधिकारी बनाया गया था। मार्च 2023 को सोशल मीडिया में अचानक एक 33 सेकंड का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में दिखने वाले शख्स 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी अनिरुद्ध सिंह थे, जो स्कूल प्रबंधक से वीडियो कॉल के दौरान 20 लाख रुपए की घूस मांग रहे थे। वीडियो में आईपीएस अनिरुद्ध एक व्यापारी से पूछ रहे हैं कि आज कितना भेज रहे हैं, फिर कहते हैं मिनिमम 20 भेजिए। डीजीपी मुख्यालय ने इस वीडियो की वाराणसी कमिश्नर को सौंपते हुए तीन दिन में जांच रिपोर्ट तलब की थी। हालांकि जांच पूरी करने और रिपोर्ट सौंपने में ढाई माह लग गए।

कारोबारी दुश्वारियों के कारण हर साल हजारों करोड़पति छोड़ रहे देश

● सपा अध्यक्ष ने कहा, भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों ने देश को खोखला बना दिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों ने देश को खोखला बना दिया है। नोटबंदी, जीएसटी से लेकर कारोबारी जटिलताओं, भ्रष्टाचारी टैक्स तंत्र और सरकारी उत्पीड़न से भारत के करोड़पतियों का देश से मोह भंग हो रहा है।

यादव ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार अपने कुछ समर्थकों के लिए ही नीतियां बना रही है और उन्हीं को आगे बढ़ा रही है, जिससे परेशान होकर हर साल हजारों की संख्या में करोड़पति भारत छोड़कर दूसरे देशों में अपना कारोबार शिफ्ट कर रहे हैं। करोड़पतियों के भारत छोड़कर विदेशों में बसने की जो रिपोर्ट आ रही है वह हैरान करने के साथ ही देश को बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान करने वाली है। अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले साल जहां 7500 से अधिक करोड़पतियों ने गलत आर्थिक नीतियों और कारोबारी दुश्वारियों के कारण देश छोड़ दिया था वहीं इस साल अभी तक 6000 करोड़पति भारत छोड़कर विदेश जा चुके हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि दुनिया भर से विदेशी निवेश लाने का दावा करने वाली भाजपा सरकार को बताना चाहिए कि जब भारत के ही उद्योगपति और व्यवसायी देश छोड़ रहे हैं तो विदेशी निवेशक कहां से और कैसे आएंगे। विदेशी इन्वेस्टमेंट को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा सरकार को अब यूपी के ही इन्वेस्टर ढूंढे नहीं मिल रहे है।

यादव ने कहा कि फरवरी में जो ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में हुई थी, उसमें 33 लाख करोड़ रुपए के निवेश का दावा किया गया था। भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में साढ़े चार लाख करोड़ रुपए के निवेश के एमओयू हुए थे पर यह सब दिखावा ही रहा। जमीन पर एक भी निवेश नहीं दिखाई दिया है। एमओयू करने वाले निवेशकों का पता ठिकाना तक भाजपा सरकार नहीं खोज पा रही है। प्रदेश की जनता को धोखा देने का यह भाजपाई प्रयास शर्मनाक है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का कोई भी काम जमीन पर नहीं है। सरकार का हर काम कागज पर हो रहा है। कागजी काम और विज्ञापनों के जरिए भाजपा जनता को अनन्त काल तक भ्रमित नहीं कर सकती है।

यूएन के असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल ने की वाराणसी के महिला अस्पताल की प्रशंसा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार द्वारा प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर किए जा रहे प्रयासों की तारीफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी होने लगी है। हाल ही में वाराणसी के जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची संयुक्त राष्ट्र की टीम के वरिष्ठ सदस्य ने अस्पताल के प्रबंधन की तारीफ की है। संयुक्त राष्ट्र संघ के असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल होलीयांग जू ने अपने संदेश में कहा है कि वाराणसी में जिला महिला अस्पताल का दौरा करने और ईविन सिस्टम को गतिमान देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई। जू ने कहा, यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि बेहद समर्पित अस्पताल प्रशासन, डॉक्टरों और सभी कर्मचारियों द्वारा लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए ई.विन प्रणाली का कितना सफल उपयोग किया जा रहा है। बता दें कि बीते मंगलवार को होलियांग जू के नेतृत्व में यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) की अंतरराष्ट्रीय टीम ने जिला महिला चिकित्सालय स्थित वैक्सीन कोल्ड चेन प्वाइंट का निरीक्षण किया था। इस दौरान टीम ने वैक्सीन के तापमान रख.रखाव व प्रबंधन के लिए तैयार किए गए ईविन व्यवस्था प्रणाली के बारे में संपूर्ण जानकारी ली थी।

युवाओं को पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित कर रही योगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● पॉलिटेक्निक चलो अभियान के माध्यम से तकनीकी शिक्षा को किया जा रहा प्रोत्साहित

युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़कर उनके लिए रोजगार के अवसर सृजित करने पर जोर दे रही योगी सरकार ने पॉलिटेक्निक के माध्यम से युवाओं को ट्रेंड करने के लिए 'पॉलिटेक्निक चलो अभियान' शुरू किया है। इस अभियान के माध्यम से सरकार प्रतिवर्ष सरकारी, एडेड और प्राइवेट पॉलिटेक्निक में लाखों युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ेगी। बीते कुछ वर्षों में पॉलिटेक्निक के प्रति युवाओं में उदासीनता देखी गई हैए जिसके चलते सरकारीए एडेड और प्राइवेट कॉलेजों में काफी सीटें खाली रह जाती हैं। पॉलिटेक्निक चलो अभियान के तहत युवाओं को पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी कई मंचों से युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के लिए अभियान चलाने की बात कह चुके हैं। हाल ही में उन्होंने एक सभा में कहा था कि प्रदेश सरकार प्रति वर्ष एक लाख सरकारी नौकरियों के साथ 6 लाख निजी नौकरियों का सृजन करेगी। निजी क्षेत्र की यह नौकरियां तकनीकी रूप से सक्षम युवाओं को उपलब्ध कराई जाएंगी। योगी सरकार के निर्देश पर प्राविधिक शिक्षा विभाग ने राज्य के अंदर पॉलिटेक्निक में प्रवेश की संख्या बढ़ाने के लिए सभी पॉलिटेक्निक संस्थानों को अभियान से जुड़ने के लिए कहा है। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक छात्रों को तकनीकी शिक्षा से जोड़कर उनके रोजगार का प्रबंध करना है। सरकार के प्रयास का असर भी देखने को मिला है। 13 जून तक 3.15 लाख से अधिक युवाओं ने पॉलिटेक्निक की संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर चुके हैं। प्रदेश सरकार ने इसी उद्देश्य को फलीभूत करने के लिए बीते कुछ वर्षों में पॉलीटेक्निक की सीटों में कई गुना वृद्धि की है। 2018 में 154 राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में जहां सिर्फ 28999 सीटें थीं, वहीं 2022 में यह बढ़कर 41071 हो गईं। इसी तरह 2018 में जहां 19 एडेड पॉलीटेक्निक संस्थानों में 9911 सीटें थीं, जो 2022 में 9927 हो गईं। प्राइवेट पॉलिटेक्निक संस्थानों में सबसे ज्यादा वृद्धि हुई। कुल 1294 प्राइवेट संस्थानों में 2018 में जहां कुल 119765 सीटें थीं जो 2022 में बढ़कर 187390 हो गईं। इसी तरह महिला पॉलिटेक्निक संस्थानों में भी सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। 19 सरकारी और 2 अनुदानित महिला पॉलिटेक्निक संस्थानों में 2018 में जहां 4825 सीटें थीं तो वहीं 2022 में इनकी संख्या बढ़कर 6203 हो गई।

पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त हों, इसके लिए प्राविधिक शिक्षा विभाग की ओर से कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहतए सभी राजकीय एवं अनुदानित पॉलीटेक्निक संस्थानों को पॉलिटेक्निक चलो अभियान 2023 के लिए 10 हजार रुपए का अनुदान दिया गया है। सभी जिलों के जिलाधिकारियों, बेसिक शिक्षा अधिकारियों तथा राजकीय औद्योगिक शिक्षण संस्थानों में भी प्रचार-प्रसार के लिए पत्राचार किया गया। व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 375 होर्डिंग्स, 3200 बैनर, 25500 पोस्टर तथा 410000 हैंड बिल, विभिन्न शिक्षण संस्थानों में वितरित किए जा चुके हैं। सभी जिलों में प्रवेश परीक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जोर-शोर से पॉलिटेक्निक चलो अभियान 2023 के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में चलाया जा रहा है।

लखनऊ में टेक्सटाइल पार्क के सर्वे का काम शुरू, 20 दिन में शासन को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

● डीएम लखनऊ और हरदोई की राजस्व टीम ने भी शुरू किया जमीन की पैमाइश का काम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार ने राजधानी स्थित मलिहाबाद के मॉल ब्लॉक के अटारी गांव में बनने वाले पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क के टोपोग्राफिकल सर्वे को मंजूरी दे दी है। इसकी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड (यूपीएसआईसी) को सौंपी गयी है। साथ ही लखनऊ और हरदोई के जिलाधिकारी ने टेक्सटाइल पार्क के स्थलीय सर्वेक्षण और जमीन की पैमाइश के लिए राजस्व विभाग की एक टीम निर्धारित की है। मालूम हो कि टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क एक हजार एकड़ में बनना है, जिसमें 903.07 एकड़ जमीन लखनऊ जिले में आती है जबकि 259.09 एकड़ जमीन हरदोई जिले में आती है।

मेगा टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क के सर्वे के लिए शासन स्तर से हरी झंडी मिलते ही इसकी शुरुआत हो गई है। यूपीएसआईसी और डीएम लखनऊ व हरदोई की राजस्व टीमें अपनी सर्वे रिपोर्ट शासन को 20 दिनों में सौंपेगी। वहीं टेक्सटाइल पार्क के क्रियान्वयन के लिए गठित स्पेशल पर्प वेहिकल (एसपीवी) के लिए तैयार ड्राफ्ट को मंजूरी के लिए भारत सरकार की टेक्सटाइल मिनिस्ट्री भेजा गया है। इसके लिए 10 करोड़ (पेड अप कैपिटल) की व्यवस्था की गई है] जिसमें 51 प्रतिशत अंश उत्तर प्रदेश सरकार का होगा तथा 49 प्रतिशत अंश भारत सरकार का होगा। पार्क को पीपीपी मोड पर विकसित किया जायेगा। इसके साथ ही मास्टर प्लान, परियोजना अनुमान और बोली दस्तावेज से संबंधित (आरएफ क्यू, आरएफ पी और विकास समझौते) कार्य प्रगति पर हैं। वहीं पार्क के मास्टर डेवलपर के चयन के लिए मसौदा बोली से संबंधित दस्तावेज तैयार कर लिए गए हैं जबकि भारत सरकार के मसौदा बोली संबंधित दस्तावेज 20 जून को जारी कर दिये जाएंगे। इससे संबंधित फर्म को 24 जून तक अपना प्रस्ताव जमा करना होगा। मालूम हो कि टेक्सटाइल पार्क के निर्माण में 1200 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है।

टेक्सटाइल पार्क के संचालन को लेकर पर्यावरण का भी खास ध्यान रखा जा रहा है। उद्योग लगने से यहां के पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इससे संबंधित रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक एजेंसी को चयनित किया जाएगा। एजेंसी के चयन के लिए आरएफपी तैयार कर ली गयी है।

मुसलमान और दलित जब कांग्रेस में थे तब भाजपा के सिर्फ दो सांसद होते थेः शाहनवाज

● 15 से 25 जून तक दलित आबादी की तीन हजार चाय की दुकानों पर संविधान चर्चा का अभियान शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस का दलित बहुल मोहल्लों में चाय की दुकानों पर संविधान चर्चा का 10 दिवसीय अभियान कल से शुरू हो गया। इस अभियान में 15 से 25 जून तक तीन हज़ार चाय की दुकानों पर भाजपा शासन में संविधान पर मंडराते खतरे और संविधान बचाने के लिए कांग्रेस के साथ आने की ज़रूरत पर लोगों से संवाद किया जाना है।

अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने कहा कि प्रत्येक ज़िला और शहर अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी द्वारा रोज़ दो-दो चाय की दुकानों पर संविधान बचाने के लिए कांग्रेस की सरकार बनवाने का आह्वान किया जाएगा। इस तरह रोज पूरे प्रदेश में 300 दुकानों पर यह चर्चा होगी। इस दौरान दलित समाज को कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों में मिले जमीन के पट्टों, दलितों की ज़मीन को गैर दलितों के कब्जे से बचाने के लिए बनाए गए कानून को भाजपा सरकार द्वारा बदल दिए जाने जैसे मुद्दों पर संवाद किया जाएगा। साथ ही यह भी समझाया जाएगा कि जब तक दलित और मुसलमान एक साथ मिलकर कांग्रेस को वोट देते थे तब संविधान विरोधी भाजपा के पूरे देश में सिर्फ दो सांसद होते थे। आज अगर भाजपा को फिर से दो सीटों पर पहुंचाना है तो दलित और मुसलमानों को फिर कांग्रेस को वोट करना होगा।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 17 जून, 2023

लाखों की जमीन का औने-पौने दाम पर वारा न्यारा

संवाददाता। सीतापुर

- तहसील कर्मियों की मिलीभगत
- प्रकरण सिधौली विधायक मनीष रावत के संज्ञान में आते ही डीएम-एसडीएम को लिखा पत्र
- लेखपाल की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

एक ओर जहां सरकार माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की बात करती है वहीं दूसरी ओर अधिकारियों, कर्मचारियों और माफियाओं की मिलीभगत से सरकारी जमीनों को कौड़ियों के भाव बेंचकर वारा न्यारा किया जा रहा है, ताजा मामला तहसील सिधौली क्षेत्र का आया है जहां लाखों की जमीन तहसील कर्मियों की मिलीभगत से औने-पौने दामों पर वारा न्यारा कर दी गयी। बताया जाता है कि तहसील क्षेत्र के नीलगांव स्थित खाता संख्या 00031 की गाटा संख्या 1585 अवध बिहारी के नाम बिना किसी आदेश के भू-अभिलेखों में दर्ज है जबकि यही जमीन फसली वर्ष 1420- 1425 में बंजर दर्ज है। बसईडीह गांव के खाता संख्या 00020 की गाटा संख्या 832 भी भू अभिलेखो में अवध बिहारी के नाम दर्ज है और फसली वर्ष 1420 और 1425 में बंजर दर्ज है। इसके अलावा नगर सिधौली के मोहल्ला बहादुरपुर में खाता संख्या 00011 की गाटा संख्या 14 भी बिना किसी आदेश के अवध बिहारी के नाम दर्ज है जबकि यह भी जमीन 1420. - 1425 फसली वर्ष में बंजर दर्ज है। इस जमीन को अवध बिहारी द्वारा 18 जनवरी को संतनगर निवासी कपिल व लखनऊ के फैजुल्लागंज वार्ड के प्रीतीनगर निवासी प्रदीप गुप्ता को बेंच भी दिया गया। यह मामला जब सिधौली विधायक मनीष रावत के संज्ञान में आया तो उन्होंने प्रकरण की जांच कराये जाने को लेकर डीएम व एसडीएम को पत्र भेजा। उधर जैसे ही इसकी भनक राजस्व कर्मियों को लगी तो प्रशासन हरकत में आ गया और एसडीएम राखी वर्मा के आदेश पर नगर सिधौली में तैनात लेखपाल अविनाश मिश्र पुत्र मोहनलाल मिश्रा निवासी 189 बी इन्द्रपुरी भोलखेड़ा, कृष्णानगर लखनऊ की तरफ से कोतवाली सिधौली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया गया। बताया जाता है कि राजस्व ग्राम बहादुरपुर जो नगर पंचायत सिधौली का मोहल्ला है उक्त ग्राम की फसली वर्ष 1420 - 1425 की खाता संख्या 202 की गाटा संख्या 14 बंजर भूमि में दर्ज थी। खतौनी फसली वर्ष 1426 से 1431 बनाते समय भूमि अवध बिहारी पुत्र रिक्खी निवासी ग्राम सरांय के नाम दर्ज कर दी गयी। मामले में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ 419, 420, 467, 468, 471 आदि धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तहसीलदार सिधौली विनोद सिंह ने आई इंडिया को बताया कि प्रकरण में जांच की जा रही है जो भी दोषी पाया जायेगा उस पर कार्रवाई की जायेगी। बताया जाता है कि बड़े पैमाने पर हुए इस जमीन घोटाले का खुलासा उस समय हुआ जब नगर सिधौली के एक व्यक्ति ने मोहल्ला बहादुरपुर स्थित अपनी जमीन के सम्बन्ध में खतौनी निकलवायी जिसमें उसे पता चला कि उसकी जमीन तालाब में दर्ज दिखा दी गयी और जो जमीन उस व्यक्ति की थी उसे अवध बिहारी के नाम दर्ज कर दिया गया। इसकी जानकारी होते ही उस व्यक्ति के पैरो तले से जमीन खिसक गयी उसके बाद इस गड़बड़ी से धीरे-धीरे पर्दा उठने लगा अब स्थानीय जानकारों का कहना है कि नगर सिधौली में यह कोई पहला भूमि घोटाला सामने नहीं आया है। अगर जांच करायी जाये तो इससे बड़ी-बड़ी और भी गड़बड़ियां उजागर होंगी जहां करोडों की जमीन को कौड़ियों के भाव बेंच दिया गया है।

रोड हादसे में बोलेरों में सवार भाई बहन और भांजी की मौत,दस घायल

संवाददाता। शाहजहांपुर

तहसील जलालाबाद में एक रोड हादसे में तीन की मौत हो गई जबकि दस घायल हो गए। नगरिया मोड़ के निकट सड़क हादसा में भाई-बहन और भांजी की मौत हो गई। बोलेरो पर सवार 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जलालाबाद में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसा करीब साढ़े 3 बजे हुआ। बाइक पर सवार गांव नौगवां निवासी राजेश(25) पुत्र राम लडैते और उनकी बहन प्रियांशी(27) पत्नी कुलदीप निवासी हुसैनपुर दौलतपुर थाना कांट और 3 वर्षीय पायल पुत्री कुलदीप की घटनास्थल पर मौत हो गई। परिजनों ने बताया युवक राजेश अपनी बहन को उसके गांव छोड़ने जा रहा था और 2 दिन पूर्व उसकी शादी तय हुई थी। उसी में बहन शामिल होने गई थी। गांव अरुआ खानपुर के लोग लड़की की विदाई कराने आमखेड़ा गांव गए थे और वहां से विदा कराकर वापस लौट रहे थे। तभी जलालाबाद से शाहजहांपुर रोड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट नगरिया मोड़ के पास बोलेरो चालक ने बाइक सवार को रौंद दिया। तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराई। इससे बिजली का खंभा टूट गया। जीप पर सवार 10 लोग घायल हो गए। जिनमें श्री देवी पत्नी विपिन, अजीत पुत्र राम बहादुर, खुशबू पुत्री मुरारी, आसाराम पुत्र नंदराम, सुशांत पुत्र महेश, गौरव पुत्र आजाद ,शैलेंद्र यादव पुत्र रक्षपाल, प्रेमलता पुत्री रूपराम ,रंजीत पुत्र मुरारी बा प्रेम वीर पुत्र मुरारी शामिल है।घटना की सूचना मिलते ही जलालाबाद के पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। घटनास्थल पर कोतवाल प्रवीण सोलंकी क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय भी पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

सफाई कर्मचारियों ने खोला मोर्चा माफीनामे से खत्म हुई हड़ताल

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

सुबह 6 बजे नगर पंचायत ओएल ढकवा के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। आज नगर पंचायत के क्षेत्र के अंतर्गत पढ़ने वाले संपूर्ण क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सफाई नहीं की गई। जब सफाईकर्मियों से इसका कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया की वार्ड नंबर 1 मेंबर विनोद कुमार ने सफाई कर्मियों के साथ अभद्र भाषा और गाली गलौज किया है। वहीं दूसरी तरफ जब सफाई कर्मी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा गौतम से मिलने गए तो वहां पर मेंबर पहले से मौजूद थे। अध्यक्ष ने कहा अगर काम नहीं करोगे तो 20 लोगों को निकालकर नए 20 लोग रख लिए जाएंगे। इस घटना से सफाई कर्मियों में काफी आक्रोश दिखा और वे काम बंद करके नगर पंचायत के सामने धरने पर बैठ गए है। सूचना पर पहुंचे महादलित परिसंघ राष्ट्रीय के प्रदेश सचिव जीतू राज व अवध प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराज वाल्मीकि सफाई कर्मचारियों के साथ में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग देने की बात कर दी। इसके बाद मामला बिगड़ते देख नगर पंचायत के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं सफाई कर्मियों के समक्ष वार्ड नंबर 1 के सभासद विनोद कुमार पहुंचे और बकायदा माफी भी मांगी। काफी नाटकीय घटनाक्रम के बाद जो 2 सफाई कर्मियों को उनके पद से हटाया गया था उनको फिर से काम पर बुला लिया गया। सफाई नायक खुशीराम ने बताया कि वे भूल गए थे कि सफाई कर्मचारियों को हटाने की बात वार्ड मेंबर विनोद ने कही थी न कि अध्यक्षा प्रतिमा गौतम ने।

अवैध मदिरा बनाने-बेचने और तस्करी पर अंकुश लगाने को चला अभियान

- विशेष प्रवर्तन अभियान में आठ अभियोग दर्ज
- 190 लीटर अवैध शराब और 850 किग्रा लहन बरामद की गई

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

आबकारी आयुक्त उप्र के आदेशए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एवं एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश एवं डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माणए बिक्री एवं तस्करीए परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से प्रशासनए पुलिसए आबकारी विभाग की संयुक्त टीमो ने विशेष प्रवर्तन अभियान चलायाए जो 20 जून तक अनवरत चलेगा। डीईओ कुलदीप दिनकर ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षकों द्वारा लगातार अपने.अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे हैए जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये, इस प्रकार जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 08 अभियोगों को पंजीकृत किया। 190 लीटर अवैध शराब और 850 किग्रा लहन बरामद की गई। जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर ने मय स्टाफने ग्राम धूसरू, मोहदीपुर थाना खीरी में दबिश दी। दबिश में नदी किनारे से प्लास्टिक की थैलियों में लहन और कच्ची शराब बरामद की। लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने मय स्टाफके द्वारा ग्राम मुदागलीब थाना मोहम्मदी में दबिश दी। दबिश संदिग्ध घर से कच्ची शराब बरामद की। आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव क्षेत्र 3 निघासन ने मय स्टाफ ग्राम रहिमपुरवा थाना निघासन में दबिश दी। दबिश में नाले किनारे से कच्ची शराब और गड्ढों से लहन बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम कुदवा, जहानपुर, बहेड़ा, भुसौरिया, कालीचरणपुर थाना गोला में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों में तलाशी के दौरान प्लास्टिक के पाउचों में कच्ची शराब और प्लास्टिक की पिपियों में लहन बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट करते हुए 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक विजय चन्द जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली ने मय स्टाफ ग्राम ककरहिया थाना मैगलगंज में दबिश दी। दबिश में तालाब किनारे से कच्ची शराब बरामद की। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अज़ीज़ क्षेत्र 7 धौरहरा व उप निरीक्षक परमीत के साथ संयुक्त टीम बनाकर ग्राम लौकहीपुरवा थाना धौरहरा में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध वाहन से कच्ची शराब परिवहन करते हुए एक अभियुक्त को जेल भेजा एवं वाहन को जब्त किया।

शिकायतों का समय से करें निस्तारण

- डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

संवाददाता। शाहजहाँपुर

डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित सभी लाभार्थीपरक योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्रों को मिलना सुनिश्चित किया जाये। कहा कि सभी अधिकारी इसमें पूरी सावधानी रखें और अपना लॉगिन तथा पासवर्ड किसी को न दें। उन्होंने विभिन्न प्रकार की पेंशनों से संबंधित विभागों के अधिकारियों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश भी दिए। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये कहा कि सभी अधिकारी प्रात:10 बजे से12 बजे तक कार्यालय मे जनता की समस्याएं नियमित रूप से सुनकर उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सभी कार्यालयों के लैण्डलाइन फोन क्रियाशील रहे तथा अधिकारी निर्धारित मुख्यालय पर ही रात्रि विश्राम सुनिश्चित करें। उन्होंने मानव सम्पदा पोर्टल पर स्किल कैपसिटी बिल्डिंग सम्बन्धित कोर्स किये जाने के निर्देश भी दिये। खराब हैण्ड पम्पों का शीघ्र रिबोर कराये जाने के निर्देश भी दिये। डीएम ने कहा कि मत्स्य पालन किसानों की आय शीघ्रता से बढ़ाने का यह सबसे अच्छा विकल्प है। कई प्रदेशों मे किसान तेजी से समृद्ध हुए हैं। कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक किसानों को मत्स्य पालन सम्बन्धित योजनाओं का लाभ दिये जाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये तथा एफपीओ के साथ बैठक कर उन्हे भी योजनाओं के विषय में जानकारी दी जाये। आगामी वृक्षारोपण महाभियान के अन्तर्गत निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर स्थलों का चिन्हीकरण करते हुये 29 जून तक गड्ढा खुदान का कार्य पूर्ण करें। रेन वाटर हार्वेस्टिंग के मानकों के अन्तर्गत आने वाले सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सयंत्र स्थापित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। कैच द रैन कार्यक्रम को भी प्रभावी रूप से लागू किये जाने के निर्देश दिये। सहकारी देयों की वसूली में खराब प्रदर्शन कर एआर कोआपरेटिव को नोटिस जारी करते हुये सुधार करने हेतु निर्देशित किया। डीएम ने पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत बनाई जा रही सड़कों का अद्यतन विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता को दिये। निराश्रित गोवशों के निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों पर उत्तर दायित्व का निर्धारण कर दोषियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दिये।

क्विक न्यूज

हत्या के वांछित दो अभियुक्त गोला पुलिस के हत्थे चढ़े

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी के आदेशानुसार जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे। अभियान के तहत व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी गोला के दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में थाना गोला फोर्स के द्वारा कल दिनांक 16 जून 2023 को तिवारी ढाबा के सामने मोहम्मदी बाईपास के पास से मुकदमा संख्या 285 ध् 2023 धारा 304 में वांछित अभियुक्त संदीप पुत्र राम अवतार निवासी ऊंची भूड़ थाना गोला खीरी और डिंपल ऊर्फ दयाराम पुत्र छोटेलाल निवासी कुंवरपुर थाना पिहानी जनपद हरदोई को समय 9: 30 बजे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक नानक चौकी गौरव सिंह कांस्टेबल प्रदीप कुमार कांस्टेबल प्रियंक कम्बोज कांस्टेबल सचिन कुमार कांस्टेबल राजेश कुमार आदि पुलिस बल मौजूद रहा ।

शाह मोहम्मद अहमद का सालाना उर्स 19 जून से

संडीला(हरदोई)। मशहूर सूफी बुजुर्ग हज़रत शाह सैयद मो0 अहमद फात्मी और हज़रत शाह सैयद शरफुद्दीन अहमद उर्फ सागर मियां का सालाना उर्स मुबारक 19 जून से शुरू होगा तथा 21 जून को इसका समापन होगा। खानकाह सागरिया चिश्तिया निज़ामिया के सज्जादानशीन मो0 मुईज़ अमहद सागरी ने बताया कि उर्स का आगाज़ जनाब मुनीर उल हक सफ्वी की जेरे निगरानी 19 जून को बाद नमाज़ ए असर शुरू होगा जिसमें ज़ियारत, तबररुकात, बाद नमाज़ मगरिब पहला कुल, बाद नमाज़ इशा जश्न ए ईदमिलादुननबी का आयोजन होगा। 20 जून को बाद नमाज़ ए फजर कुरआन ख्वानी, गुस्ल, मज़ार चादरपोशी, रंग महफिल ए समां, बाद नमाज़ मगरिब दूसरा कुल और बाद नमाज़ इशा महफिल ए समां। 21 जून को बाद नमाज़ फजर कुरआन ख्वानी, जलसा और लंगर, बाद नमाज़ ज़ोहर महफिल ए समां और चार बजे आखरी कुल के साथ उसका समापन होगा।

लेखपाल के जाते ही घर में घुसकर किया फायर

बरेली। खेत की पैमाइश को लेकर विवाद के चलते दबंगों ने लेखपाल के जाते ही घर में घुसकर पिता-पुत्रों पर फायर कर दिया। कैंट थाना क्षेत्र के गांव चौबारी निवासी जसवीर सिंह ने बताया कि छह जून वह अपने बेटे विजयवीर और विनयवीर से बात कर रहे थे। इस दौरान हल्का लेखपाल आ गए। उन्होंने लेखपाल से खेत की पैमाईश कराने को कहा तो उन्होंने पड़ोसी खेत मालिक सोनू सिंह, मोनू और मनोज को बुलाकर उनके सामने पैमाइश कराने के लिए कहा। फोन पर तीनों ने पैमाइश कराने से इनकार कर मौके पर आने तक से मना कर दिया। लेखपाल के चले जाने के बाद तीनों तमंचे और लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। लेकिन फायर मिस हो गया किसी को चोट नहीं आई। गोली चलने की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ एकत्र होते देख तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। फायरिंग की घटना पड़ोसी किशोर सिंह समेत आसपास के कई लोगों ने देखी। थाना पुलिस ने फायरिंग की फर्जी घटना मानकर कार्रवाई नहीं की। इसके बाद आईजी के निर्देश पर पुलिस ने जानलेवा हमले व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की।

पात्रों को शीघ्र ऋण वितरण कराये जाने के दिये निर्देश

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग के अन्तर्गत ऋण प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पात्रों को शीघ्र ऋण वितरण कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होने कहा कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लम्बित न रखा जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि अस्वीकृत किये गये प्रकरणों की पुनः जांच करायी जाये। एक सप्ताह बाद पुनः समीक्षा किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान डीएफओ श्री प्रखर गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आर के गौतम, जिला विकास अधिकारी श्री पवन कुमार सिंह, परियोजना निदेशक श्री अवधेशराम सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

पशु चोरी करने वाले गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

बरेली। पालतू जानवरों को चोरी करने के बाद बेचने वाले गैंग के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उनके पास से चोरी के कई पशु बरामद किए गिरफ्तार बदमाशों को पुलिस ने जेल भेजा। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया चेतराम निवासी रफीक अहमद पुत्र छोटे बक्स की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शकील पुत्र दुल्हे खां और एजाज पुत्र चांद खां निवासी आसपुर गौटिया थाना भोजीपुरा जिला बरेली को चोरी गये पशु 03 रास भैस व 01 रास भैसा सहित ग्राम आसपुर गौटिया में शकील पुत्र दुल्हे खां के घर से गिरफ्तार किया स की हमारे साथी ताहिर पुत्र जालिम खां निवासी ग्राम आसपुर गौटिया थाना भोजीपुरा, राजू कसाई पुत्र अलीजान निवासी मौलागढ भोजीपुरा, वहीद पुत्र छोटे निवासी ग्राम अलीनगर थाना भोजीपुरा व इरशाद पुत्र हसमूद खां उर्फगन्ठा निवासी आसपुर गौटिया थाना भोजीपुरा है हम सब मिलकर पशु चोरी करते है और कस्बा रिठौरा के बाजार नकासा मालिक मिर्जा जी से फर्जी रसीद बनवा लाते है और रसीदों के आधार पर ही पशुओं को अन्य जगह बेच देते हैं।

शिक्षक आरिफ अली के निधन से शोक की लहर

संडीला(हरदोई)। प्रसिद्ध शिक्षक आरिफ अली का सक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन से शोक की लहर दौड़ गयी। स्थानीय आईआर इंटर कॉलेज में गणित और भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता के रूप में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद शिक्षक आरिफअली कुछ समय पूर्व सेवा निवृत्त हुए थे तथा लखनऊ के मोहल्ला अंबरगंज में निवास कर रहे थे। उनका संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र पर शोक की लहर दौड़ गई है। कई स्थानों पर शोक सभाओं को आयोजन किया गया। आईआर इंटर कॉलेज की मैनेजर बेगम इशरत रसूल ने शिक्षक आरिफअली के निधन को शिक्षा जगत की अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि वे अपने असंख्य शिष्यों के माध्यम से अमर रहेंगे। कॉलेज में एक शोक सभा का भी आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह ने की। इस शोक सभा में माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री आशीष कुमार सिंह, शिक्षक चंद्रेश कुमार शर्मा, मेजर इम्तियाज़ अली समेत उपस्थित शिक्षकों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

महिला-सुरक्षा संबंधी जागरुकता गोष्ठी का आयोजन

लखीमपुर खीरी। एसपी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व एएसपी महोदय के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं-बालिकाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीड़न की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद खीरी के समस्त थानों पर गठित एन्टीरोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों, कस्बों, बस अड्डा, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शिवालयों, शापिंग मॉल आदि के आसपास गश्त, चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक किया जा रहा है तथा संदिग्धों की चेकिंग कर आवश्यक हिदायत जा रही है। साथ ही समस्त थानों द्वारा अपने.अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांव, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थानों, मिशन शक्ति कक्ष पर बालिकाओं- महिलाओं की गोष्ठी करके उच्चाधिकारियों के नम्बर व वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।

जमीन की व्यवस्था करें पत्रकार भाई, प्रेस भवन मैं बनवा दूंगा

संवाददाता। मोहम्मदीखीरी

युवा प्रेस क्लब की मासिक बैठक क्लब के सदस्य संदीप गुप्ता मेडिकल स्टोर के प्रतिष्ठान पर अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से चिन्हित कर बगैर रजिस्ट्रेशन पैथोलॉजी सेटरो पर कार्यवाही की माग की बात कही गयी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष इरफान अहमद व महामंत्री आकाश सैनी व कोषाध्यक्ष देव रजन मिश्रा ने जनहित में प्रस्ताव रखा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 1 बच्चों के डॉक्टर और हार्ट दिल के मरीज के डॉक्टर की नियुक्ति की जाए। जिससे आम लोगों को राहत मिल सके। इस संबन्ध में अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए।वही कलब के उपाध्यक्ष शावेज खां मुन्ना और पुनीत वाजपेयी ने प्रेस भवन की मांग को जोर से उठाया और अधिकारियों से वार्ता कर भूमि तलाशी जाए, संगठन के संरक्षक जैड खान और अरूण राठौर सभासद ने नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मिलावटी तेल, खोया, पनीर के साथ साथ अन्य खाद्य सामग्रियां बड़ी तेजी के साथ खरीदी और बेची जा रही हैं। इस पर तत्काल प्रभाव से विराम लगना चाहिएएवही अध्यक्ष मोण्अब्बास नकवी ने कहा सगठन के लोग जनहित से जुडे मुद्दे उठाएए जनहित मे सभी अन्य मीडिया साथी और बुद्धिजीवी वर्ग इसमें सहयोग करें। नकवी ने कहा कि क्लब की तरफ से पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेटरो की आवाज उठाई गयी, जिस पर अधिकारियों ने उस विराम लगाने की पहल की। फर्जी पत्रकारों से उचित दूरी बनाकर चलें। बैठक में राष्ट्रीय सहारा के पत्रकार सदीप गुप्ता को कलब का सदस्य सभी की सहमति से बनाया गया। बैठक का सचालन महामंत्री आकाश सैनी ने किया। बैठक में इंतज़ार खां, हरभजन, खान फरीद, अरुण राठौर, रितेश शुक्ला, पुनीत बाजपेयी, उत्कर्ष शुक्ला व साहिल खां मौजूद रहे।

नगर आयुक्त ने स्वच्छता के कार्य का निरीक्षण किया

शाहजहाँपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के गदियाना, हाथीथान, जलालनगर, सुजात खां की पुलिया का निरीक्षण कर स्वच्छता के कार्य को देखा। नगर आयुक्त ने स्वच्छता मित्रों से सफाई के संबंध में व नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु संवाद किया। साथ ही स्वच्छता कर्मियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन सफाई के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिससे नगर को साफ एवं स्वच्छ बन सके। निरीक्षण के समय क्षेत्रों में दिन के समय में स्ट्रीट लाइट जलती पाई जाने पर सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि दिन के समय किसी भी स्थिति में लाइट जलती नही पाई जाए। निरीक्षण के समय मुख्य अभियंता सिविल एस के अम्बेडकर, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, सहायक अभियंता सिविल विपुल कुमार एवं पार्षद मौजूद रहे।

पिछले कई महीने से संविदा कर्मियों को वेतन नहीं

- विद्युत संविदा मजदूर संगठन ने मांगों को लेकर आलाधिकारियों को तीन पत्र भेजे
- संविदा कर्मियों ने शुरू किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता। शाहजहांपुर

पिछले कई महीने से विद्युत संविदा कर्मियों को वेतन नहीं दिया गया है। संविदा कर्मियों ने धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि भविष्य निधि के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। कई बार प्रदर्शन करने के बाद भी विभाग के अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। शुक्रवार को उन्होंने चेतावनी दी है कि शाम तक अगर उनके किसी अधिकारी ने वार्ता नहीं की तो उसके बाद से कार्य बहिष्कार कर दिया जाएगा। विद्युत संविदा मजदूर संगठन ने मांगों को लेकर तीन पत्र आलाधिकारियों को भेजे हैं। एक चौयरमेन, दूसरा पावर कॉर्पोरेशन अध्यक्ष और तीसरा पत्र चीफ बरेली शाहजहांपुर को भेजा गया है। लेकिन किसी भी अधिकारियों ने लेटर पर कोई ध्यान नहीं दिया। सबसे बड़ी बात ये है कि, पूर्व में संस्थान ने 11 माह का वेतन आज भी बकाया जा रहा है। जबकि कार्मिक निदेशन ने आदेश दिया था कि दो दिन के अंदर संविदा कर्मियों का वेतन दे दिया जाए। संविदा कर्मियों ने कहा कि हमारे विभाग के मुकबधिर, अंधे और बहरे अधिकारियों ने अभी तक विद्युत संविदा कर्मियों की दिक्कतों को नहीं समझा। हालात बद से बदतर हो चुके हैं। कर्मचारी भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। वर्तमान में संविदा कर्मचारियों का कोई वेतन नहीं है। भविष्य निधि विभाग खा रहा है।

कहा- विभाग किसी की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं

संविदा कर्मियों ने चेतावनी दी है कि, शाम तक अधिकारियों ने वार्ता नहीं की तो शाम से ही कार्य बहिष्कार कर दिया जाएगा। विद्युत संविदा मजदूर संगठन इसके लिए बाध्य किया जा रहा है। इतनी भीषण धूप में कर्मचारी पोल पर चढ़ रहा है। किसी भी कंपनी का कोई ठेका या टेंडर नहीं है। विभाग ने अभी तक दो लाइनें लिखकर नहीं दी हैं कि अगर किसी संविदा कर्मी के साथ कोई घटना या दुर्घटना हो जाती है तो, उसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

सरकार जनता को दे रही मुफ्त राशन खाते में जा रही किसान सम्मान निधि

संवाददाता। सीतापुर

लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से भाजपा का परचम फहराने के लिए बीजेपी के सांसद, विधायक, नेता, पदाधिकारी इन दिनों महा जनसम्पर्क अभियान के जरिए जनता के बीच हैं। जगह-जगह सम्मेलनों का आयोजन कर मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को ब्लॉक परसेण्डी में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पहुंचे मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने फ्री राशन, गैस कनेक्शन, मुफ्त बिजली कनेक्शन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना सहित तमाम योजनाओं का लाभ देने का काम किया है। लाभार्थी सम्मेलन को पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का बखान करते हुए सभी लाभार्थियों को कैडर सम्मान प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर राजेन्द्र राजवंशी ब्लाक प्रमुख, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी मंडल अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव , लहरपुर मंडल अध्यक्ष उत्तम वर्मा महामंत्री राजेश गुप्ता छोटे लाल अवस्थी देवेंद्र पांडे, अमित त्रिपाठी राकेश वर्मा , मनोज त्रिवेदी , आनन्द सिंह , अभिषेक बाजपेई , संदीप मिश्रा , सहित काफी संख्या में लाभार्थी एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एमआई क्लब और टोरेंटो क्लब ने हासिल की जीत

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला कप डे नाइट टूर्नामेंट में बीती शाम खेले गए दो मैचों मे एमआई क्लब एवं टोरेंटो क्लब ने प्रतिद्वंदी टीमों को पराजित करके टूर्नामेंट में बढ़त हासिल कर ली क्रिकेट का रोमांचक मुकाबला देखने को भारी मात्रा में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। स्वर्गीय राजेंद्र गिरी स्टेडियम पब्लिक इंटर कॉलेज में चल रहे 16 वें गोला डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला मैच एमआई क्लब और रॉयल क्लब अर्जुन नगर के बीच खेला गया एमआई क्लब ने टॉस जीत कर पहले बलेबाजी करने का निर्णय लिया बल्लेबाजी करते हुए पीयूष23 फैज़ल 34ए की मदत से टीम ने 107 रन बनाये । लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम के बल्लेबाज़ कुछ ख़ास ना कर सके और टीम मात्र 82 रन पे सिमट गई और एमआई क्लब ने 35 रनों से जीत हासिल की। दूसरा मैच टोरंटो इलेवन और पॉवर हिटर के मध्य खेला गया पॉवर हिटर की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में सूरज 19 मुईन 29 की मदत से 90 रन बनाये लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम टोरंटो इलेवन के बलेबाज सेरा 64 गुरुलाल 22की मदत से11 ओवर में 5विकेट से जीत हासिल की। मैच खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन के लिए सभासद आंनद सोनी श्रीराम राजपूत, प्रमोद सिंह राम कुमार सिंह सुभाष मिश्रा शोभित सिंग व कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरी मंत्री केके शुक्ला उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरी कोषाध्यक्ष योगेश शाहनी उपमंत्री मुकेश साहनी, कमाल अहमद सहित भारी संख्या में खिलाड़ी खेल प्रेमी मौजूद रहे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्पोर्ट स्टेडियम में किया जाएगा सामूहिक योगाभ्यास

संवाददाता। बरेली

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज सीआई पार्क, प्रेमनगर प्रात: 6.00 योग सप्ताह का शुभारम्भ माननीय सांसद संतोष कुमार गंगवार द्वारा किया गया। दिनांक 15 से 20 जून, 2023 तक प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास, रंगोली, स्लोगन, योगासन, आशुभाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया जाएगा तथा दिनांक 21 जून, 2023 को स्पोर्ट स्टेडियम में वृहद सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सांसद ने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए योग आवश्यक है जो हमें विरासत में मिला हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ राजकुमार गुप्ता, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रामभूल सिंह, योग प्रशिक्षक डॉ गरिमा सिंह, योगाचार्य विजय कुमार, एडीएम (प्र0), क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, योग प्रशिक्षक कु0 नित्या शर्मा, योगाचार्य राहुल द्विवेदी उपस्थित रहे। प्रदीप कुमार व उपस्थित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि योग स्वस्थ जीवन का माध्यम है। सभी को अपने जीवन में योग को दिनचर्या का अंग मान लेना चाहिए, हम स्वस्थ होंगे तभी विकास कर पाएंगे और भारत आगे बढेगा। शासन के निर्देशों के अन्तर्गत आयुष ग्राम दौलीरघुवर दयाल में विधायक बिथरी चौनपुर डॉ राघवेन्द्र शर्मा ने प्रात: 8 बजे योग सप्ताह का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के समय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, योग प्रशिक्षक सौरभ शाक्य व विशाखा शाक्य अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। माननीय विधायक ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का माध्यम है, प्राचीन भारत में जब चिकित्सा की आज जैसी सुविधायें नहीं थीं तब लोग यौगिक क्रियाओं से ही स्वस्थ रहते थे, हमें स्वस्थ रहने के लिए अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना पड़ेगा। जनपद में संचालित 53 राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में वहाँ के स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधानों द्वारा योग सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। इन चिकित्सालयों में भी योग सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 15 से 20 जून, 2023 तक प्रात: 6 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास, रंगोली, स्लोगन, योगासन, आशु भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। सभी चिकित्सालयों के प्रभारियों द्वारा योग को अपना कर कैसे स्वस्थ रहा जा सकता हैं, की जानकारी लोगों को देकर उन्हें जागरूक किया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में तैनात योग प्रशिक्षकों द्वारा यौगिक क्रियायें कराकर लोगों को लाभान्वित किया गया।

सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संवर रहा युवाओं का भविष्य: पटेल

● मेडिकल के 100 छात्र-छात्राओं को बांटे गये टैबलेट

संवाददाता। चित्रकूट

आर.के.सिंह हॉस्पिटल एण्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज रगौली में एएनएम और फार्मासिस्ट के उत्तीर्ण छात्र /छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त टैबलेट वितरण बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के युवाओं को हाईटेक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य कर रहीं है। उन्होंने कहा कि टैबलेट और स्मार्टफोन के जरिये छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ वैश्विक स्तर पर अपने ज्ञान को बढ़ाने का मौका मिलेगा। उन्होंने छात्र छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में संस्था के निदेशक सुशील कुमार सिंह ने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि आज शिक्षा पूरी तरह से हाईटेक हो गई है। सरकार ने छात्रों को स्मार्टफोन और टैबलेट प्रदान कर सराहनीय कार्य किया है।

चित्रकूट में लगाए जाएंगे 72 लाख से अधिक पौधे

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पौधरोपण बाबत बैठक में डीएफओ प्रीति त्रिपाठी ने बताया कि जिले में शासन से 72 लाख 98 हजार 500 पौधरोपण का वन विभाग समेत लोक निर्माण, सिंचाई, कृषि, नगर विकास, ग्राम्य विकास, राजस्व विभाग, शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, पंचायती राज अन्य संबंधित विभागों को लक्ष्य दिया गया है। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने पौधरोपण बाबत बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों को पौधरोपण का शासन से लक्ष्य निर्धारित है, स्थल का चयन कर वन विभाग से दो प्रारूप सूचना उपलब्ध करायें। प्रत्येक दशा में सोमवार तक अवश्य उपलब्ध करा दें। पौधरोपण का गड्ढा खुदान में प्रगति कर सूचना वन विभाग को दें। उपनिदेशक कृषि व उद्यान विभाग से कहा कि जिन किसानों को पौधा देना है, उनसे संपर्क कर गड्ढा खुदवाने की व्यवस्था कराएं।

मुठभेड़ में तीन सशस्त्र लुटेरे बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

संवाददाता। फरूखाबाद

आदर्श मऊ दरवाजा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय लूटपाट करने वाले एक गिरोह के तीन सशस्त्र लुटेरे बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई एक मोटरसाइकिल व एक मोबाइल के अलावा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, दो नाजायज देसी 315 बोर तमंचे एवं कुछ कारतूस, दो मोबाइल भी बरामद किए गए। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि फतेहगढ़ कोतवाली के कुटरा कॉलोनी निवासी अनुज कुमार ने एक अपनी मोटर साइकिल एवं मोबाइल लूट लिए जाने का मुकदमा 28 मई 2023 को आदर्श थाना मऊ दरवाजा में दर्ज कराया था जिसके चलते पुलिस सक्रिय थी। इधर आदर्श थाना मऊ दरवाजा प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार सिंह, एसओजी टीम प्रभारी निरीक्षक अमित गंगवार तथा सर्विलांस टीम प्रभारी जगदीश भाटी ने दल बल के साथ आज तड़के थाना क्षेत्र के रोशनाबाद रोड पर गायत्री स्कूल से नेकपुर के रास्ते पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक बाइक को रोकते ही उसने पुलिस पर फायर किया। मुठभेड़ के दौरान सोबिद्र यादव अनुराग यादव उर्फ प्रमोद तथा गुलाल को गिरफ्तार किया गया।

लापरवाही पर जिलाधिकारी ने की कठोर कार्रवाई

● डीएचओ का वेतन रोक बीडीओ को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

● समीक्षा बैठक में नदारद रहने पर हुई कार्रवाई

संवाददाता। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में जिला उद्यान अधिकारी के हाजिर न होने पर माह जून का वेतन रोकने एवं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में समय से धनराशि का भुगतान न करने पर बीडीओ मऊ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए वन, कृषि, विकास, लघु सिंचाई, पंचायती राज आदि विभागों से कहा कि जल शक्ति अभियान के जो कार्य चल रहे हैं, उनका पोर्टल पर फीडिंग करायें। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य हुए हैं, उनको भी संबंधित पोर्टल पर फीड करायें। सिंचाई विभाग से कहा कि बरुआ नाला की खुदाई के कार्य का निरीक्षण कर आख्या दें। शासकीय विद्युत बिल बकाया पर अधिकारियों से कहा कि समय से विद्युत बिल जमा करायें। धनराशि नहीं है तो शासन से मांग की जाए। उपनिदेशक कृषि से कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जो आवेदन मिले हैं, उनका समय से निस्तारण करायें। फसल बीमा में जिन किसानों को लाभ नहीं मिला है, उन्हें लाभान्वित करायें।

जानलेवा हमले में ओमप्लाजा के मालिक देवराज घायल

चित्रकूट। जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार बलमा समोसा की दुकान के पास चाकूबाजी की घटना में तीन लोग घायल हो गये। चाकूबाजी के साथ तमंचे से भी फायरिंग कर जान से मारने के प्रयास किया गया। घटना की रिपोर्ट कोतवाली कर्वी में गम्भीर धाराओं में पुलिस ने दर्ज कर ली है। चाकूबाजी की घटना अंजाम देने वाले तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चाकूबाजी की घटना गुरुवार को रात साढे दस बजे पुरानी बाजार स्थित बलमा समोसा के घर के पास हुई। बताया गया कि ओम प्लाजा के मालिक देवराज यादव पुत्र स्व ओमप्रकाश यादव पुरानी बाजार में थोपू उर्फराजेश यादव पुत्र विजय के यहां निमंत्रण में गये थे। वहीं पर घटना हुई।

डीएम ने रोहिनी में चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

कानपुर देहात। शासन के निर्देशों के तहत सिकंदरा तहसील क्षेत्र के विकासखंड राजपुर के गांव रोहिनी में जिलाधिकारी नेहा जैन ने ग्रामीणों के बीच ग्राम चौपाल लगाकर ग्राम वासियों की समस्याएं सुनी। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की समस्या सुन्ते हुए उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्राम चौपाल में खंड विकास अधिकारी राजपुर, उप जिलाधिकारी सिकंदरा, राजस्व टीम, ग्राम विकास अधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

ग्राम चौपाल में पशुपालन, कृषि, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण, सिंचाई विभाग, जिला पंचायती राज, बाल विकास एवं पुष्टाहार आदि विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया तथा इस मौके पर जिलाधिकारी ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों द्वारा शासन की योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है उनका लाभ निचले स्तर तक व गरीब जनता को अवश्य दिलाएं।

पुरानी पेंशन के समर्थन में निकाली रथ यात्रा, किया गया शक्ति प्रदर्शन

फतेहपुर। अटेवा/एनएमओपीएस की एनपीएस निजीकरण भारत छोड़ो रथयात्रा का आज यहां स्वागत किया गया। बिहार से प्रारम्भ हुई रथ यात्रा कानपुर के रास्ते जनपद की सीमा छिवली नदी पहुँची। वहां पर बिन्दकी तहसील की इकाई विजय बन्धु का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मलवा बीआरसी परिसर पर भी विजय बन्धु सहित रथ यात्रियों का स्वागत किया गया। जनपद मुख्यालय में प्रवेश के पूर्व कोराई मोड़ पर तमाम पुरानी पेंशन समर्थक रथयात्रा में शामिल हुए। शहर में रथयात्रा नउवाबाग, डाक बंगला, सदर अस्पताल, बाकरगंज, बस स्टाप, वर्मा चौराहा, पटेल नगर होते हुए नहर कालोनी पहुंची। जहां अटेवा की टीम ने जोरदार ढंग से स्वागत किया। यहां पर आयोजित सभा में श्री बन्धु ने कहा कि आज कर्मचारियों और शिक्षकों की एकजुटता और संघर्ष के बल पर ही छः राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है। अब केन्द्र और बाकी बचे राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल करवाना है।

एट नगर पंचायत को चमकाने के प्रयास जारी

● जनपद की सबसे बड़ी नगर पंचायत में शुमार

● विकास कार्यों में भेदभाव का कोई स्थान नहीं-चेयरमैन

संवाददाता। उरई, जालौन

जनपद की नवोदित नगर पंचायत एट आबादी ही नहीं बल्कि मतदाताओं की दृष्टि से सबसे बड़ी नगर पंचायत है। ऐसी स्थिति में नगरीय क्षेत्र में जहां अब तक जो क्षेत्र विकास से दूर रहे ऐसे क्षेत्रों में विकास की रूपरेखा तैयार कर लोगों को लाभांवित करने की योजना नगर पंचायत की पहली बोर्ड मीटिंग में तैयार कराने का प्रयास किया जायेगा। फिलहाल नगर पंचायत में 28 सफाई कर्मी जो आउट सोर्सिंग से लगाये गये है वह नगर में सफाई का जिम्मा संभाले हुये हैं।

नगर पंचायत एट के ईओ गौरव पटेल ने लोक भारती को बताया कि नवोदित नगर पंचायत में लगभग 15181 मतदाता निवास करते हैं। ऐसी स्थित में नगर पंचायत के सभी 12 बार्डो में सफई व्यवस्था का जिम्मा संभाले 28 सफाई कर्मियों के साथ एक ट्रैक्टर, तीन लोडर कूड़ा उठाकर निर्धारित स्थानों पर पहुंचाया जाता है। इसके अलावा एक जेसीबी मशीन, तीन पानी के टैंकर, एक मोबाइल टॉयलेट, एक लिफ्टर मशीन व एक फागिंग मशीन का समय-समय पर उपयोग किया जाता है।

नवोदित नगर पंचायत एट की पहली महिला चेयरमैन निर्वाचित हुयी पूनम ने लोक भारती को बताया कि जिस उम्मीद के साथ नगर की जनता ने उन पर विश्वास कर चेयरमैन की कुर्सी तक पहुंचाया है ऐसी स्थिति में समूचे नगर का बगैर किसी भेदभाव के विकास कराने की जिम्मेदारी मुझ पर रहेगी जिसे वह बखूबी अंजाम तक पहुंचायेगी। उन्होंने जहां विकास कार्यों में बजट की कमी आड़े नहीं आने दी जायेगी। जनपद के जनप्रतिनिधियों की राय को भी तबज्जो दी जायेगी।

ग्रामीणों ने मूर्तियों की करायी प्राण प्रतिष्ठा

जालौन, उरई। ग्राम भदवां में भगवान शंकर भोले एवं हनुमानजी की स्थापना को लेकर गांव में गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। स्थापना स्थल पर हवन पूजन के साथ मूर्तियों की स्थापना की गई। तहसील क्षेत्र के ग्राम भदवा में भगवान शंकर भोले एवं हनुमानजी और शनि देव की मूर्तियों की स्थापना की गई। शुक्रवार को स्थापना से पूर्व गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ शुभ मुहूर्त में स्थापना स्थल मां भगवती भद्रकाली मंदिर से हुआ। शोभायात्रा गांव की गलियों और चौराहों से होते हुए निकली।

क्विक न्यूज

जमीनी विवाद में मारपीट, महिला की मौत

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के टेसाई खुर्द गांव में शुक्रवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए हरदो सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के टेसाई खुर्द गांव निवासी छेद्दू की 55 वर्षीय पत्नी श्रीमती शुक्रवार की सुबह अपने खेत गई थी। तभी उसका देवर मुन्ना व उसका पुत्र सुनील खेत में पहुंचकर बंटवारे को लेकर विवाद करने लगा और लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। मां को बचाने पुत्र बुधराज व देवर जुगराज पहुंचा तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर घायल कर दिया। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान श्रीमती की मौत हो गई।

घर में घुसकर छेड़खानी की पुलिस से शिकायत

मौदहा, हमीरपुर। क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका ने गांव के ही युवक पर घर में घुस छेड़खानी करने व मोबाइल फोन द्वारा धमकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की है। नाबालिक बालिका ने पुलिस को बताया कि वह है 12 जून की रात्रि वह अपने घर में छोटी बहन व दादी के साथ लेटी थी तभी गांव का सौरभ पुत्र शिवकरण उसके घर में छत से चढ़कर आ गया और उसके साथ छेड़खानी व अश्लील हरकतें कर उससे उठा दूसरी जगह ले जाने लगा तभी बालिका के शोर मचाने के बाद पड़ोसियों के जागने पर आरोपी पीड़िता को जान से मारने की धमकी दे मौके से भाग निकला। पीड़िता ने बताया कि आरोपी युवक उसके स्कूल जाते समय या अन्य काम से घर से बाहर निकलने पर उसके साथ अश्लील हरकतें व छेड़खानी करता है।

फूड फेस्टिवल में जायकों का संगम

लखनऊ। दिल्ली का स्ट्रीट फूड एवं दिल्ली के बाजार का आयोजन अनोखे फेस्टिवल में किया जा रहा है । 14 से 25 जून तक चलने वाले इस फेस्टिवल में दिल्ली के पुराने जायकों का मजा मिलने वाला है 12 दिनों तक चलने वाले इस फूड फेस्टिवल में ढेरों स्ट्रीटए फूड पुरानी दिल्ली की फूडीज फेवरेट गली से श्खानसामा भी मिलेंगे । यहां की कलरफुल थीम का नाम है बाजार.ए. पुरानी जहां चांदनी चौक के स्वादिष्ट व्यंजनों का स्रोत है । जो हमेशा से खाने के शौकीन लोगों को आनंदित करता रहा है। अनुभवी शेफसज्जन इस फेस्टिवल को हैंडल कर रहे हैं । इसका आयोजन नोवेटल में किया जा रहा है।

साधु के खिलाफ कुकृत्य की रिपोर्ट दर्ज

मौदहा, हमीरपुर। कोतवाली क्षेत्र के परछछ गांव साधूवेशधारी द्वारा गांव के नाबालिक बालक के साथ कुकृत्य करने पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर अदालत के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। गांव के अर्जुन मुनि आश्रम के साधु पयसनी दास ने 12 अप्रैल को नाबालिग लड़के के साथ कुकृत्य किया और विरोध करने पर उसे मारपीट घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की मगर पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की पीड़ित ने अदालत का दरवाजा खटखटाया आज अदालत के आदेश पर पुलिस ने पयसनी दास के खिलाफ कोतवाली मौदहा में मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

वेद बने सपा के विधान सभाध्यक्ष

उरई, जालौन। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने आज जनपद के तीनों विधानसभा के अध्यक्षों की सूची जारी की है। जिसमें सदर विधानसभा उरई के अध्यक्ष पद पर वेद प्रकाश यादव तिलक नगर उरई को नामित किया गया है। वेद प्रकाश यादव के विधानसभा अध्यक्ष उरई बनने की सूचना पाते ही समर्थक खुशी से झूम उठे और उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव को मिठाई खिलाकर तथा माला पहना कर स्वागत किया और वही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। ज्ञातव्य हो कि वेद प्रकाश यादव पूर्व जिला अध्यक्ष नवाब सिंह यादव के कार्यकाल के दौरान जिला मुख्यालय उरई के नगर अध्यक्ष पद पर काम करते रहे।

पुलिस ने दस जुआरियों को रंगे हाथ दबोचा

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में चौकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह व कोतवाली पुलिस टीम ने ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते दस लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस टीम ने कृष्ण कुमार कुशवाहा पुत्र राजेन्द्र कुशवाहा, सुनील कुमार कुशवाहा पुत्र प्रेमनारायण, संतोष कुमार कुशवाहा पुत्र गिरजाशरण, सुनील श्रीवास पुत्र भगवानदीन, गोरेलाल साहू पुत्र रामधनी निवासी रगौली बलराम लोध पुत्र जमुना लोध निवासी बालापुर खालसा आदि को गिरफ्तार किया।

मिशन शक्ति असहना में पुलिस ने चौपाल में बताए महिलाओं के अधिकार, दी योजनाओं की जानकारी

● महिला अपराध, साइबर अपराध, बैंक फ्रॉड और उनसे बचने के तरीकों के बारे में जागरूक किया।

संवाददाता। माधौगढ़, जालौन

मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने असहना गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उन्हें अपने अधिकारों का प्रयोग कैसे करना है? इसके बारे में जागरूक किया।

एसएसआई एनएल सिंह के साथ महिला कांस्टेबल अनुलता और दीवान कृष्णदत्त ने गांव की आधा सैकड़ा महिलाओं और बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध, बैंक फ्रॉड के बारे में और उनसे बचने के तरीकों के बारे में जागरूक किया। सोशल मीडिया से किए जा रहे फ्रॉड के बारे में बताते हुए अनजान व्यक्ति को अपनी ओटीपी या निजी जानकारी साझा ना करने की जानकारी दी। सोशल मीडिया पर अपरिचित व्यक्ति से मित्रता न करने की भी सलाह दी। इसके अलावा बुजुर्ग महिलाओं को सरकार की पेंशन योजना की जानकारी दी, पारिवारिक विवाद के बारे में बताते हुए कहा कि कोई भी लड़का अगर अपने बुजुर्ग माता-पिता को भोजन नहीं देता है तो उसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराएं। इसके अलावा उन्हें 1090,108,112 1076 के बारे में जानकारी दें। छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्हें बताया कि उनके साथ कोई गलत हरकत करता है तो अपने परिजनों को बताएं साथ ही पुलिस को बतायें। उनकी पहचान गुप्त रखते हुए पुलिस कठोरतम कार्रवाई करेगी। पुलिस को सूचना मिलते ही 5 से लेकर 10 मिनट के बीच में पुलिस उनकी सहायता के लिए मौजूद हो जाएगी। इस दौरान सरकारी हेड पंप पर पानी की समस्या को लेकर माया ने शिकायत की तो तत्काल पुलिस ने वही निराकरण करा दिया।

डीएम ने ड्रग वेयर हाउस जाकर किया निरीक्षण

फतेहपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत तुराबअली का पुरवा में आवास विकास परिषद द्वारा 933.1 लाख की लागत से निर्माण कराए जा रहे ड्रग वेयर हाउस का डीएम श्रुति ने औचक निरीक्षण किया। उन्होने निर्माणाधीन भवन में निर्माण कार्य को बनाए गए नक्शे के अनुसार देखा और कहा कि ड्रग वेयर हाउस का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण, तरीके से जल्द पूर्ण कराने के लिए मानव संसाधन बढ़ाकर कार्य करें। निर्माण कार्य में गुणवत्तायुक सामग्री का ही प्रयोग करने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि एक नोडल अधिकारी नामित करें जो कार्य प्रगति की साप्ताहिक रिपोर्ट से अवगत भी कराएं।

डबल डेकर बसों के मालिक सरकार के राजस्व को लगा रहे लाखों का चूना

फर्रुखाबाद। डबल डेकर बसों के मालिक प्रदेश सरकार के राजस्व को प्रतिदिन लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं, इस कारगुजारी में जिले के आला अधिकारी भी शामिल है, डबल डेकर बसों के मालिकों को सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों का अभी संरक्षण प्राप्त है जिसकी वजह से जिले के आला अधिकारी व पुलिस महकमा एआरटीओ विभाग नजरअंदाज किए हुए, डबल डेकर केबसों के संचालकों मालिकों व कर्मचारियो द्वारा खुलेआम गुंडई की घटनाएं आम हो गई हैं।

आज ही एक ऐसा मामला शहर कोतवाली के अंतर्गत प्रकाश में आया, डबल डेकर बसों में कार्यरत कर्मचारियों को टोकने पर रोडवेज कर्मचारी को डबल डेकर बसों के संचालकों के गुंडों वं कर्मचारियों ने जमकर मारा पीटा, वहां पर मौजूद पुलिसकर्मी तमाशा बीन बने रहे, ।, यह घटना कोई नई नहीं है ऐसी घटनाएं आए दिन होती रहती है। लेकिन, पुलिस इन पर कोई कार्रवाई नहीं करती, इस घटना से आक्रोशित रोडवेज कर्मचारियों ने घटना के 15 – 20 मिनट बाद अपनी बसें आड़ी तिरछी खड़ी करके जाम लगा दिया। जिससे काफी देर तक जाम लगा रहा

टोकने पर रोडवेज कर्मचारी को डबल डेकर बसों के संचालकों के गुंडों व कर्मचारियों ने जमकर पीटा ।

पेज एक का शेष

केंद्रीय मंत्री...

का गठन किया है। सभी समुदायों से बात कर हल तलाशा जाएगा। इंफाल पूर्व में शुक्रवार तड़के गोलीबारी की आवाज सुनी गई। सुरक्षा बलों ने बुधवार को नौ आम नागरिकों की मौत का विरोध कर रहे नाराज स्थानीय लोगों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के कई गोले छोड़े और नकली बम का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने बताया कि झड़पों के दौरान दो प्रदर्शनकारी और द्रुत कार्य बल (आरएएफ) का एक कर्मी घायल हो गए। आरएएफ कांस्टेबल के सिर पर पत्थर लगा है। उन्होंने बताया कि नोंगमेइबुंग और वांगखेई में प्रदर्शनकारियों ने पत्थर और निर्माण सामग्री एकत्र कर मुख्य सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। शुक्रवार शाम को फिर इंफाल पैलेस मैदान के पास एक पुराने गोदाम को आग के हवाले कर दिया गया। दंगाई भीड़ को तितर-बितर करने के लिए मणिपुर के त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) ने आंसू गैस के गोले दागे। यह गोदाम आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के एक सेवानिवृत्त अधिकारी का है। आदिवासियों और महिलाओं के नेतृत्व वाले समूहों ने राज्य को देश के शेष हिस्से से जोड़ने वाले एक राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कम से कम छह अन्य सड़कों को अवरुद्ध कर रखा है। इससे मणिपुर के कई हिस्सों में शिशु आहार और दवाओं सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के साथ-साथ सुरक्षा बलों की आवाजाही भी एक राष्ट्रीय राजमार्ग और छह अन्य मार्गों को अवरूद्ध किए जाने से प्रभावित हो गई है। यही नहीं, इससे असम राइफल्स और सेना के जवानों को भी आवाजाही में चुनौती पेश आ रही है। मणिपुर के खामेनलोक इलाके में नौ लोगों की हुई हत्या की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि दोषियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों का तलाश अभियान जारी है। उनकी सरकार राज्य की एकता एवं अखंडता की रक्षा करेगी और राज्य के लोगों के हित के खिलाफ कोई भी चीज नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तलाशी अभियान पर्वतीय इलाकों के 41 गांव और इससे लगे घाटी क्षेत्र में 39 गांव में चलाया गया है।

शांति बहाली...

किया कि प्रधानमंत्री ने चुप्पी साध रखी है और उनकी सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इस भयावह हालात के लिए कौन जिम्मेदार है? वेणुगोपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए, क्योंकि देश जवाब मांग रहा है।

बिपारजॉय ने...

बृहस्पतिवार को एक उफनते नाले में फंसी अपनी बकरियों को बचाते समय एक व्यक्ति और उसके बेटे की मौत हो गई, इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि चूंकि जिले में चक्रवाती तूफान का असर नहीं था इसलिए इन मौतों की गणना चक्रवात से जुड़ी घटनाओं में नहीं की गई। उन्होंने कहा, टूट-फूट और पेड़ गिरने के करण तीन राज्य राजमार्गों को बंद कर दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार कुल 581 पेड़ उखड़ गए हैं। नौ पक्के और 20 कच्चे घर टूट गए हैं, वहीं दो पक्के और 474 कच्चे घरों को आंशिक नुकसान हुआ है। अधिकारी ने कहा कि 65 झोपड़ियां नष्ट हो गईं हैं, सरकार चक्रवात में जिन लोगों को नुकसान पहुंचा है उन्हें मुआवजा देने के लिए आदेश तैयार कर रही है। गांव के सरपंच राकेश गौड़ ने कहा कि हमारे यहां कल से बिजली नहीं है। लेकिन गांव में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे आश्रय गृहों में हमने पिछले चार दिनों से विभिन्न गांवों के 400 लोगों को रखा है। चक्रवात के राज्य में आगे आगे बढ़ने के साथ ही बनासकांठा और पाटन के जिलों के अधिकारी निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं क्योंकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दो जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा का अनुमान जताया है। आईएमडी ने ट्वीट किया कि गुजरात के तटीय इलाकों में पहुंचने के कुछ घंटों बाद चक्रवात की तीव्रता कम होकर बेहद गंभीर से गंभीर श्रेणी में आ गई। चक्रवात के शाम तक कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि कच्छ जिले के कुछ हिस्सों में अत्यधिक भारी वर्षा होगी। इसने बनासकांठा में रविवार सुबह तक और पाटन में शनिवार सुबह तक छिटपुट स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की भी चेतावनी दी है। राहत आयुक्त पांडे ने कहा कि एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया था और यह राज्य के इतिहास में इस तरह के सबसे बड़े अभियानों में से एक था। उन्होंने कहा कि स्थिति में सुधार के साथ, अब उन्हें वापस भेजा जाएगा। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के महानिदेशक अतुल करवाल ने शुक्रवार को दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि गुजरात में चक्रवाती तूफान बिपारजॉय के आने के बाद किसी की जान नहीं गई है।

समय से...

ही में कहा था कि 2014 में लोकसभा चुनाव में जद(यू) की हार के बाद हुई शर्मिंदगी से बचने के लिए नीतीश ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया था, इस पर नीतीश ने कहा कि उन्होंने पार्टी सदस्यों की इच्छा के खिलाफ पद छोड़ा था। उन्होंने कहा, कोई भी नहीं चाहता था कि मैं इस्तीफा दूं, लेकिन मैं अपनी बात पर कायम रहा। पार्टी के लोगों में इस बात पर आम सहमति नहीं थी कि मेरा उत्तराधिकारी कौन होगा। इसलिए मुझे हस्तक्षेप करना पड़ा और मैंने मांझी को यह सोचकर चुना कि अनुसूचित जाति का एक व्यक्ति प्रदेश का मुख्यमंत्री बने।

कश्मीर में...

जनरल गिरीश कालिया ने बताया कि उस सूचना के आधार पर घुसपैठ के प्रत्याशित मार्गों पर गोपनीय रूप से सैनिकों की तैनाती की गई थी। उन्होंने कहा, साथ ही, समूचे इलाके, नियंत्रण रेखा बाड़ या घुसपैठ रोधी तंत्र पर निगरानी रखी गई। उन्होंने कहा कि करीब आधीरात को चौकस सैनिकों को आतंकवादियों की आवाजाही नजर आई। उनके अनुसार विषम भौगोलिक स्थिति और मौसम के बावजूद ये सैनिक वहां डटे थे। कालिया ने कहा, घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई और मुठभेड़ में पांच अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया गया। इस दौरान सैनिकों को किसी तरह का नुकसान नहीं उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के पास भारी मात्रा में हथियार थे और वे अच्छी तरह प्रशिक्षित थे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल का शुक्रवार सुबह मुआयना करने पर वहां से पांच एके सीरीज की राइफल, पांच मैगजीन, ग्रेनेड समेत भारी मात्रा में हथियार एवं गोलाबारूद तथा, रात्रि में देखने के काम आने वाले (नाइट विजन) उपकरण, दूरबीन आदि बरामद हुए।

नेहरू संग्रहालय...

ने दावा किया कि सरकार के इस कदम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओछी मानसिकता और तानाशाही रवैए का परिचय मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम से आधुनिक भारत के शिल्पकार व लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की शख्सियत को कम नहीं किया जा सकता। खरगे ने ट्वीट कर यह भी कहा कि जिनका कोई इतिहास ही नहीं है, वे दूसरों के इतिहास को मिटाने चले हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया कि संकीर्णता और प्रतिशोध का दूसरा नाम मोदी है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि इमारतों के नाम बदलने से विरासतें नहीं मिटतीं। कांग्रेस के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि आप जवाहरलाल नेहरू का नाम बोर्ड से हटा सकते हैं, लेकिन इस देश के लोग उनका जो सम्मान करते हैं, आप उसे नहीं मिटा सकते। वहीं, कांग्रेस की ओर से उभरी आलोचनाओं पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि नया प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी राजनीति से परे एक प्रयास है। विपक्षी दल के पास इसे महसूस करने के लिए दृष्टि की कमी है। नड्डा ने दावा किया कि प्रधानमंत्री संग्रहालय में हर प्रधानमंत्री को सम्मान मिला है और पंडित जवाहरलाल नेहरू से संबंधित हिस्सों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विपक्षी पार्टी देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने वाले अपने नेताओं का भी अपमान करने से नहीं हिचकती। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, पीवी नरसिंह राव, राजीव गांधी और कांग्रेस के मनमोहन सिंह सहित सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। ब्रिटिश काल में बना तीन मूर्ति भवन स्वतंत्रता के बाद देश के पहले प्रधानमंत्री का आधिकारिक आवास था। आजादी का अमृत महोत्सव की वेबसाइट के अनुसार, पंडित नेहरू 27 मई, 1964 को अपने निधन तक 16 से अधिक साल तक यहां रहे।

आईपीएस अफसर...

उन्हें जमानत दे दी और अपील के लिए 30 दिन का समय दिया है। दास पर महिला पुलिस अधीक्षक ने 2021 की शुरुआत में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था, जब वह विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) पद पर कार्यरत थे। इससे पहले, तमिलनाडु सरकार ने राजेश दास को पदावनत करते हुए निलंबित कर दिया था।

यूक्रेन संकट के समाधान करने की भूमिका में भारत उपयुक्त : अमेरिकी सांसद

भाषा। वाशिंगटन

भारतीय-अमेरिकी सांसद अमी बेरा ने कहा है कि रूस के साथ पुराने संबंधों के कारण भारत, यूक्रेन संकट के समाधान में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए चीन की तुलना में अधिक उपयुक्त है। बेरा ने कहा कि उन्हें भारतीय प्रशासन को यूक्रेन संकट को समाप्त करने में अपनी पूर्ण राजनयिक क्षमता का इस्तेमाल करते देखकर खुशी होगी।अमेरिकी सांसद ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ओवल कार्यालय में अगले सप्ताह होने वाली अपनी बैठक में यूक्रेन पर रूस द्वारा किए गए युद्ध को लेकर चर्चा करेंगे या नहीं। बेरा ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे नहीं पता कि ऐसा (इस मामले पर बात) होगा या नहीं, लेकिन मुझे निश्चित ही लगता है कि भारत, रूस-यूक्रेन संकट को सुलझाने के लिए मदद करने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। भारत के रूस के साथ जाहिर तौर पर पुराने संबंध हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वह बातचीत कर सकते हैं, जो हम नहीं कर सकते। मुझे लगता है कि इस संघर्ष का समाधान सभी के हित में हैं। आप देख रहे हैं कि (चीन के राष्ट्रपति) शी चिनफिंग एक प्रकार का संघर्ष विराम लागू करने या समाधान करने के लिए बातचीत की कोशिश कर रहे हैं। मुझे वास्तव में लगता है

●चीन की तुलना में भारत आगे आए

कि व्लादिमीर पुतिन के साथ भारत के संबंधों के मद्देनजर वह (भारत) इस भूमिका के लिए अधिक उपयुक्त है। रूस ने पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर हमला किया था, जिसके बाद मोदी ने पुतिन और यूक्रेन से राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कई बार बात की है और इस दौरान प्रधानमंत्री ने वार्ता एवं कूटनीति के जरिए संघर्ष के समाधान पर जोर दिया है। बेरा ने बताया कि इस सप्ताह व्हाइट हाउस में होने वाली बैठक में बाइडन और मोदी आर्थिक साझेदारी पर बात करेंगे। उन्होंने कहा, व्यापारिक संबंधों को लेकर कुछ बातचीत होगी। मुझे लगता है कि वे आपूर्ति श्रृंखलाओं पर बात करेंगे। भारत कच्चे माल का एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता हो सकता है। उसका फार्मास्युटिकल क्षेत्र और प्रौद्योगिकी क्षेत्र निश्चित रूप से परिपक्व है। बेरा ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच भू-राजनीतिक सुरक्षा के बारे में भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान चीन के साथ लगती भारत की सीमा संबंधी गतिविधियों और सीमा पर घुसपैठ को लेकर भी वार्ता होगी। उन्होंने कहा समुद्री क्षेत्र पर भी वार्ता होगी। मुझे लगता है कि रक्षा संबंधों एवं सह-निर्माण के कुछ अवसरों के बारे में बातचीत होगी। जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 21 जून से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी 22 जून को मोदी के लिए राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रधानमंत्री इस यात्रा के दौरान 22 जून को कांग्रेस का संयुक्त सत्र भी संबोधित करेंगे। बेरा ने कहा कि मोदी का अमेरिका का राजकीय दौरा भारत और अमेरिका के संबंधों की ताकत को दर्शाता है।

भारत और अमेरिका के संबंध अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए और भी अहमः पूर्व नासा अधिकारी

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के एक पूर्व शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध पृथ्वी पर बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन अंतरिक्ष में ए संभवतः और भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने भारत को एक ऐसी बड़ी उभरती ताकत बताया, जिसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। नासा में अंतरिक्ष नीति एवं साझेदारियों के लिए पूर्व एसोसिएट प्रशासक माइक गोल्ड ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब अगले सप्ताह व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से यहां मुलाकात करेंगे तो उनके बीच जिन अहम विषयों पर चर्चा होगी, उनमें से अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग भी एक होगा। इस समय अमेरिकी कंपनी रेडवायर स्पेस में मुख्य विकास अधिकारी के तौर पर सेवाएं दे रहे गोल्ड ने पीटीआई से बृहस्पतिवार को कहा, पृथ्वी पर भारत और अमेरिका के संबंध बहुत अहम हैं, लेकिन अंतरिक्ष में ए संभवतः और भी महत्वपूर्ण हैं। भारत जल्द ही ऐसा चौथा देश बन जाएगा जो अंतरिक्ष में अपने नागरिकों को भेज सकेगा और इस तरह वह इस क्षेत्र में एक वैश्विक नेता बन जाएगा। उन्होंने कहा, भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। गोल्ड ने कहा, भारत चंद्रयान के जरिए चांद पर जा रहा है। भारत सूर्य पर जा रहा है। मुझे लगता है कि भारत के सूर्य और चंद्र मिशन के बीच बेहतर तालमेल और संतुलन है। उन्होंने कहा, और निश्चित ही वह गगनयान मिशन पर भी काम कर रहा है, जिसके जरिए वह पहले चालक दल को अंतरिक्ष में भेजेगा। किफायती और कम लागत पर इन अति महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रमों को लागू करने के संबंध में भी भारत असाधारण रूप से नवोन्मेषी रहा है। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक क्षेत्र की इस नई दुनिया में कार्यक्रमों को केवल क्रियान्वित करना पर्याप्त नहीं है और यदि आप इन्हें ऐसे तरीके से कर सकते हैं जो किफायती होने के बावजूद मजबूत और सफल भी हो, तो यह असाधारण रूप से महत्वपूर्ण है।

क्विक न्यूज

उत्तर कोरिया ने फिर शुरू किया मिसाइल परीक्षण

अमेरिकी गाइडेड मिसाइल पनडुब्बी द कोरिया पहुंची

सियोल। अमेरिका ने करीब 150 टॉमहॉक मिसाइलों को ले जाने में सक्षम परमाणु शक्ति से लैस पनडुब्बी को शुक्रवार को दक्षिण कोरिया में तैनात किया। एक दिन पहले उत्तर कोरिया ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया के अभ्यास के विरोध में फिर से मिसाइल परीक्षण करना शुरू किया था। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों के अनुसार, नियमित अंतराल पर कोरियाई प्रायद्वीप में अमेरिकी सामरिक हथियारों के प्रदर्शन को बढ़ाने से संबंधित द्विपक्षीय समझौते तथा उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रमों में विस्तार के जवाब में यह तैनाती की गई है और इसी के तहत छह साल में पहली बार यूएसएस मिशिगन दक्षिण कोरिया पहुंची है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूएसएस मिशिगन की तैनाती से अमेरिका और दक्षिण कोरिया की नौसेनाएं अपनी विशेष संचालन क्षमताओं तथा उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरे से निपटने के लिए संयुक्त क्षमता को बढ़ाने के लिए अभ्यास करेंगी। मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी पनडुब्बी दक्षिण पूर्व बंदरगाह बुसान पहुंची लेकिन मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि पनडुब्बी कितने समय तक दक्षिण कोरिया के समुद्री क्षेत्र में वहां रहेगी। उत्तर कोरिया के पिछले साल से परमाणु परीक्षणों में तेजी के जवाब में दक्षिण कोरिया और अमेरिका सेनाओं ने अपने सैन्य अभ्यास में विस्तार किया है। उत्तर कोरिया की दलील है कि उसके विरोधी ने सैन्य अभ्यास बढ़ा दिए है जिसके जवाब में उसने भी अपनी परीक्षण गतिविधियों को बढ़ा दिया है। उत्तर कोरिया दोनों देशों के इस सैन्य अभ्यास को आक्रमण के उद्देश्य से पूर्वाभ्यास बताता है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया का अंतिम लक्ष्य अपने हथियारों का आधुनिकीकरण करना और कूटनीति में इसका लाभ उठाना है। अप्रैल में वाशिंगटन में बैठक के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि अमेरिका कोरियाई प्रायद्वीप में नियमित अंतराल पर अपने सामरिक हथियारों के प्रदर्शन को बढ़ाएगा। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने बाइडन-यून की बैठक के दौरान हुए समझौते की निंदा की थी।

संयुक्त अरब अमीरात में नहीं रिलीज होगी स्पाइडर-मैन : अक्रॉस द स्पाइडर-वर्स

लास एंजिलिस। स्थानीय सेंसरशिप दिशा-निर्देशों को पूरा करने में विफल रहने के बाद एनिमेटेड फिल्म स्पाइडर-मैनः अक्रॉस द स्पाइडर-वर्स संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रिलीज नहीं होगी। इस फिल्म का निर्माण कोलंबिया पिक्चर्स और सोनी पिक्चर्स एनिमेशन ने मार्वल एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया है। यह फिल्म 22 जून को यूएई में रिलीज होनी थी। यूएई मीडिया काउंसिल ने एक बयान में कहा कि वह यूएई के मूल्यों और सिद्धांतों का उल्लंघन करने वाली किसी भी सामग्री के वितरण की अनुमति नहीं देगी। यूएई मीडिया काउंसिल ने अपने बयान में कहा, अमीरात मीडिया काउंसिल स्थानीय रूप से प्रसारित होने वाली मीडिया सामग्री की निगरानी और मूल्यांकन करती है, और परिषद इसकी पुष्टि करती है कि यह यूएई के मूल्यों और सिद्धांतों और देश में लागू मीडिया सामग्री के मानकों के विपरीत सामग्री के प्रसार या प्रकाशन की अनुमति नहीं देगी। इस फिल्म में किन्नरों के अधिकारों को प्रदर्शित करने वाले एक दृश्य को लेकर विवाद है।

सिम्मी माधव सिंक्रोनी को मिली भारत में उपलब्धि

मुंबई। प्रमुख उपभोक्ता वित्तीय सेवा कंपनी सिंक्रोनी को काम करने के लिये भारत की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों के बीच ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया द्वारा मान्यता मिली है। कंपनी को यह उल्लेखनीय उपलब्धि अपने कर्मचारियों के लिये एक समावेशी, सहयोगी और प्रेरक काय-वातावरण को बढ़ावा देने पर सिंक्रोनी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। टॉप-5 रैंक मिलने पर अपना आभार जताते हुएए एंडी पोन्नेरी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बिजनेस लीडर. इंडिया सिंक्रोनी ने कहा हमारे कर्मचारी ही सिंक्रोनी को काम करने के लिये बेहतरीन जगह बनाते हैं। हम ग्रेट प्लेस टू वर्क से मिली इस प्रतिष्ठित मान्यता के लिये प्रसन्न हैं। यह उपलब्धि अपने कर्मचारियों के लिये हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता दिखाती हैए क्योंकि वे हमारी कंपनी की सफलता का आधार हैं। लगभग 50 प्रतिशत के प्रभावशाली महिला प्रतिनिधित्वए 100से ज्यादा दिव्यांगों और 45 से अधिक भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिये हमारे अटल सहयोग के साथए हम ऐसा वातावरण बनाने की कोशिश करते हैं। जहाँ हर व्यक्ति बढ़ सके। गौरव सहगल सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ह्यूमन रिसोर्सेस. एशिया ने कहा कि सिंक्रोनी में हम सशक्त करने वाला एक वातावरण बनाने को महत्व देते हैं जहाँ हमारे कर्मचारी अपनी पूरी क्षमताओं को पहचान सकें।

अल पचीनो 83 वर्ष की उम्र में पिता बने

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड अभिनेता अल पचीनो 83 वर्ष की उम्र में एक बार फिर से पिता बन गए है। उनकी 29 वर्षीय प्रेमिका नूर अलफल्लाह ने एक बेटे को जन्म दिया। अभिनेता के एक प्रतिनिधि ने पीपुल पत्रिका को इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि पचीनो और उनकी प्रेमिका नूर अलफल्लाह ने अपने बेटे का नाम रोमन पचीनो रखा है। गौरतलब है कि पिछले महीने ही यह खबर आई थी कि 29 वर्षीय फिल्म निर्माता अलफल्लाह आठ महीने की गर्भवती है। अल पचीनो और अलफल्लाह अप्रैल 2022 से साथ-साथ है।

काठमांडू में आदिपुरुष की स्क्रीनिंग पर रोक लगाई गई

काठमांडू। काठमांडू के महापौर बालेंद्र शाह ने भारतीय फिल्म आदिपुरुष के निर्माताओं से सीता के जन्मस्थान को लेकर हुई गलती सुधारने के लिए कहा है, जिसके बाद शहर के सिनेमाघरों में फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई है। फिल्म में अभिनेता प्रभास ने राघव (राम), कृति सैनन ने जानकी (सीता), सनी सिंह ने शेष (लक्ष्मण) और सैफ अली खान ने लंकेश (रावण) की भूमिका निभाई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मोटे अनाज के फायदों पर ग्रैमी विजेता फालू के साथ मिलकर लिखा गीत

भाषा। न्यूयॉर्क

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटे अनाज के फायदों और दुनिया में भुखमरी को कम करने की उनकी क्षमता को बताने के लिए ग्रैमी पुरस्कार विजेता एवं भारतीय-अमेरिकी गायिका फालू के साथ मिलकर एक गीत लिखा है। अबंडेंस इन मिलेट्स गीत को मुंबई में जन्मी गायिका एवं गीतकार फाल्गुनी शाह और उनके पति एवं गायक गौरव शाह ने गाया है। शाह को फालू के नाम से जाना जाता है। यह गीत 16 जून को रिलीज होगा। भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है। फालू ने इस गीत के रिलीज होने से पहले पीटीआई से कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने मेरे और मेरे पति गौरव शाह के साथ मिलकर इस गीत को लिखा है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी और हिंदी में लिखा गया यह गीत हरेक के लिए उपलब्ध कराया जाएगा और यह मोटे अनाज के फायदों को रेखांकित करेगा। फालू की वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया, फालू और गौरव शाह अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष का जश्न मनाने के लिए 16 जून, 2023 को अबंडेंस ऑफ मिलेट्स गीत रिलीज करेंगे, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी नजर आएंगे। अबंडेंस ऑफ मिलेट्स गीत की रचना विश्व में भुखमरी को कम करने में इस अत्यंत पोषक अनाज की महत्ता को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए की गई है। फालू को ए कलरफुल वर्ल्ड के लिए सर्वश्रेष्ठ बाल एल्बम श्रेणी में ग्रैमी पुरस्कार से 2022 में सम्मानित किया गया था। फालू ने कहा कि ग्रैमी जीतने के बाद पिछले साल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान उनके मन में मोटे अनाज को लेकर एक गीत की रचना करने का विचार आया था। उन्होंने कहा कि उन्होंने परिवर्तन लाने और मानवता के उत्थान में संगीत की शक्ति पर मोदी से चर्चा की थी और इस दौरान प्रधानमंत्री ने उन्हें भुखमरी को समाप्त करने का संदेश देने वाला गीत लिखने का सुझाव दिया।

भारत और अमेरिका के बीच संबंध रणनीतिक तथा वैश्विक साझेदारी हैः रिपब्लिकन सांसद

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की आधिकारिक यात्रा से पहले रिपब्लिकन पार्टी की एक प्रभावशाली सांसद ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध सिर्फ गठबंधन नही है बल्कि यह रणनीतिक तथा वैश्विक साझेदारी है। सांसद सिंडी हाइड-स्मिथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अगले सप्ताह कांग्रेस के एक संयुक्त सत्र के संबोधित करेंगे और यह अमेरिकी सांसदों के लिए सम्मान की बात होगी। यह दुनिया के दो बड़े लोकतंत्रों के बीच संबंधों को रेखांकित करता है। राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 21 जून से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी 22 जून को मोदी के लिए राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रधानमंत्री इस यात्रा के दौरान 22 जून को कांग्रेस का संयुक्त सत्र भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 23 जून को वाशिंगटन में रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग और इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर में समुदाय के नेताओं को भी संबोधित करेंगे। सांसद ने बृहस्पतिवार को सदन में कहा, मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत करती हूं। भारत और अमेरिका के संबंधों के महत्व को रेखांकित करते हुए वह अगले सप्ताह कांग्रेस के एक संयुक्त सत्र के संबोधित करेंगे जो हमारे लिए सम्मान की बात होगी।

प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी में जुटे भारतीय-अमेरिकी नागरिक

वाशिंगटन। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग सत्र का नेतृत्व करने के बाद न्यूयॉर्क सिटी से अमेरिकी राजधानी पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए भारतीय-अमेरिकी नागरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी 21 जून को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पहली बार संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग सत्र का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21 से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा करने वाले है। वे 22 जून को मोदी के लिए राजकीय भोज की मेजबानी करेंगे। इस यात्रा के दौरान मोदी 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। मोदी 23 जून को वाशिंगटन में रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग एंड इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर में समूचे देश से आए।

पोप फ्रांसिस को नौ दिन के बाद अस्पताल से छुट्टी मिली

रोम। पोप फ्रांसिस (86) को यहां के एक अस्पताल से छुट्टी मिल गई है जहां हर्निया के इलाज से नौ दिन पहले उनकी आंतों की समस्या के लिए पेट की सर्जरी की गई थी। उनके सर्जन ने बताया कि अब वो पहले से बेहतरै हैं। इलाज के बाद पोप फ्रांसिस जिमेली पॉलिक्लीनिक के मुख्य दरवाजे से व्हीलचेयर पर बाहर निकले और मुस्कुराते हुए उन्होंने हाथ हिलाकर शुभचिंतकों को धन्यवाद दिया।

तूफान बिपारजॉय से काफी हद तक बच गया पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान काफी हद तक चक्रवात बिपारजॉय की तीव्रता से बच गया, जो शुक्रवार को गुजरात में तट से टकराने के बाद कमजोर पड़ गया। सिंध प्रांत के तटीय शहर केटी के लोगों के लिए चक्रवात की चेतावनी जारी की गई थी और वे अब अपने घरों को लौट रहे हैं। अब पाकिस्तान के मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) ने कहा है कि चक्रवात बिपारजॉय कमजोर होकर बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान (वीएससीएस)से गंभीर चक्रवाती तूफान (एससीएस) में बदल गया है। पीएमडी ने अपने नए परामर्श में कहा है कि बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान बिपारजॉय भारतीय राज्य गुजरात के तट (जखौ बंदरगाह के पास) को पार करने के बाद कमजोर होकर गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है।परामर्श में कहा गया है कि आज दोपहर तक इसके और कमजोर होकर चक्रवाती तूफान (सीएस) में बदलने का अनुमान है और बाद में शाम तक यह कम दबाव के क्षेत्र में बदल सकता है।लवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने ट्वीट किया, पाकिस्तान तैयार था, लेकिन काफी हद तक चक्रवात की तीव्रता से बच गया। सिंध में सुजावल जैसे तटीय इलाके समुद्री लहरों से जलमग्न हो गए, लेकिन ज्यादातर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया था। उन्होंने बचाव कार्य में समन्वय के लिए संबंधित सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

कनाडा में बस और ट्रक की टक्कर, 15 लोगों की मौत

भाषा। टोरंटो

कनाडा में बुजुर्गों को एक कसीनो ले जा रही एक बस और ट्रक के बीच मैनिटोबा प्रांत के एक ग्रामीण इलाके में राजमार्ग पर बृहस्पतिवार को टक्कर हो जाने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 10 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मैनिटोबा रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसएमपी) के कमांडिंग ऑफिसर रॉब हिल ने बताया कि बस में 25 लोग सवार थे। अधिकारी राहत एवं बचाव कार्य के लिए आवश्यक सभी संसाधनों को घटनास्थल पर तैनात कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 10 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरसीएमपी अधीक्षक रोब लेसन ने कहा, बस चालक और ट्रक चालक, दोनों जीवित हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने यह नहीं बताया कि क्या ए दोनों घायलों के रूप में सूचीबद्ध 10 लोगों में शामिल हैं या नहीं। मृतकों में मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। यह हादसा मैनिटोबा की राजधानी विनीपेग से 170 किलोमीटर पश्चिम में कैरबरी में हुआ। डौफिन सीनियर सेंटर के अधिकारी किम आर्मस्ट्रांग ने बताया कि बस बृहस्पतिवार सुबह सीनियर सेंटर से कसीनो के लिए रवाना हुई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने हादसे में लोगों की मौत होने पर शोक जताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर हृदय रोग से बच सकते हैं

भाषा। न्यूयॉर्क

ज्यादातर लोग जानते हैं कि हृदय रोग के जोखिम वाले कारकों में उच्च रक्तचाप, धूम्रपान, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल और अधिक वजन शामिल हैं। जिन लोगों को हालांकि दिल का दौरा पड़ता है उनमें इनमें से कोई भी पारंपरिक जोखिम कारक नहीं होता। एक शोध के अनुसार वात रोग , सोरायसिस, सूजन आंत्र रोग और संधिशोथ (गठिया) जैसी स्थितियां भी हृदय रोग के जोखिम वाले कारक हैं। एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर हालांकि हम सभी, हृदय रोग होने के खतरे को कम कर सकते हैं और अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं। सोरायसिस लम्बे समय तक रहने वाली त्वचा की एक बीमारी है जबकि संधिशोथ में शरीर की हड्डियों के जोड़ों में दर्द होता है। वास्तव में, कुछ शोधकर्ताओं ने हृदय रोग को धमनियों की बीमारी के रूप में बताया है। वैज्ञानिक कभी-कभी इसे एथेरोस्क्लेरोटिक हृदय रोग (एएससीवीडी) की सूजन के रूप में

बताते हैं। एएससीवीडी दिल के दौरे का कारण बन सकता है, जहां हृदय में पर्याप्त रक्त की आपूर्ति नहीं होती। यह समझने के लिए कि एएससीवीडी एक भयानक स्थिति क्यों है, हमें यह विचार करने की आवश्यकता है कि यह प्रक्रिया कैसे शुरू होती है। एथेरोस्क्लेरोसिस के उभरने के पहले चरण को एंडोथेलियम में चोट का कुछ रूप माना जाता है। एंडोथेलियल कोशिकाओं की एक परत है जो धमनियों को रेखाबद्ध करती है। सिगरेट में मौजूद विषाक्त पदार्थ धमनियों की परत को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं और इस प्रारंभिक चोट का कारण बन सकते हैं। जो लोग धमनियों में पुरानी सूजन की स्थिति से पीड़ित हैं, उनमें हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है। दिल का दौरा तब पड़ता है, जब हृदय धमनी में पट्टिका अस्थिर हो जाती है। इससे पट्टिका फट सकती है, जिससे धमनी में थक्का बन सकता है और हृदय की मांसपेशियों को रक्त की आपूर्ति बाधित हो सकती है।शरीर में सूजन को मापने का एक तरीका है। ऐसा करने का एक तरीका हाई-सेंसिटिविटी सी-रिएक्टिव प्रोटीन (एचएस-सीआरपी) नामक रक्त जांच है। कई अध्ययनों के अनुसार जिन लोगों में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल और एचएस-सीआरपी दोनों का उच्च स्तर होता है, उनमें हृदय रोग का खतरा सबसे अधिक होता है। कैंटोस नामक एक बड़े क्लीनिकल परीक्षण के जरिए उन रोगियों का इलाज किया गया जिन्हें दिल का दौरा पड़ा था और एचएस-सीआरपी का उच्च स्तर था।

सहूलियत और सुविधा का रखे ध्यान

मुंबई। ग्रीनसेल मोबिलिटी की ओर से भारत का सबसे बड़े प्रीमियम इलेक्ट्रिक बस ब्रांड न्यूगो यह सुनिश्चित करता है कि इस बस में सफ़र करने वाले यात्रियों को सफ़र करने जैसा अनुभव मिले। साथ उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखेगा। न्यूगो यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ एकदम नए जमाने की टेक्नोलॉजी और बेमिसाल सेवाओं पर बल देते हुएए सफ़र की शुरुआत से लेकर अंत तक ग्राहकों की संतुष्टि को सबसे ज्यादा अहमियत देता है। न्यूगो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में सबसे आगे है। जिसका उद्देश्य यात्रियों की सहूलियत और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बिना शोर.गुल वालेए पर्यावरण के अनुकूल और तकनीकी रूप से उन्नत इलेक्ट्रिक बसों की पेशकश के माध्यम से लोगों के आवागमन के तरीके में बड़े पैमाने पर बदलाव लाना है। इस मौके पर देवेंद्र चावला सीईओ एवं एमडी ग्रीनसेल मोबिलिटी ने कहा न्यूगो में हम मानते हैं किए सतत परिवहन का भविष्य सही मायने में इनोवेशन और ग्राहकों को सबसे ज्यादा अहमियत देने पर निर्भर है। भारत के सबसे बड़े प्रीमियम इलेक्ट्रिक बस ब्रांड होने के नातेए हमें इस बात का गर्व है कि हम अपने मूल्यवान ग्राहकों को बेहतरीन सफ़र का अनुभव प्रदान करते हैं।

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जसबीर कौर भोगल पत्नी श्री दविंदर सिंह भोगल Property Bearing No. 58, area measuring 53 Sq. Yds., out of Khasra No. 35/7, Situated at Navyug Block, Vishnu Garden, New Delhi, के Gift Deed dated 11.01.2021, as Doc. No. 276 द्वारा मालिक है और अब अपनी इस संपत्ति को श्रीमती कुलदीप कौर पत्नी श्री हरजिंदर सिंह नागि को बेच रहे हैं, जो की एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है।यदि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी प्राधिकरण को आपत्ति है तो कृपया हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा.

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +91-8076188328

PUBLIC NOTICE

This is to inform the Public at large that Sh. Aijaz Hussain Shah and Sh. Shawkat Hussain Shah both sons of Sh. Haji Saifuddin Shah are the 'Title Holders' in possession of 'Entire First Floor of Freehold Built Up Residential Property Bearing Plot No. A-14, Lajpat Nagar-III, New Delhi-110024 admeasuring 200.00 sq. yards', hereinafter referred to as 'Schedule Property' vide Sale Deed dated 20.02.2007, registered as Registration No. 1825, Book No. 1, Vol. No. 7019, pp. 125–135 on 20.02.2007 in the Office of the Sub Registrar–V, New Delhi. That the Original Documents w.r.t. the Schedule Plot, i.e. (i) Lease Deed (22.04.54), (ii) Sale Deed (24.10.69), (iii) Mutation Letter (18.08.70), (iv) Lease Deed (04.09.76), (v) Permission Letter (04.06.80), (vi) Relinquishment Deed (18.08.81), (vii) Mutation Letter (28.11.81), (viii) Conveyance Deed (23.12.93), (ix) Mutation Letter (14.09.95), (x) Collaboration Agreement (02.12.2005) and (xi) Sanction for Construction Letter, have been lost/misplaced and are untraceable as on date, in lieu of which Information Report dated 14.06.2023 bearing LR No. 550965/2023 is filled with Delhi Police. This notice is thus issued to the Public at Large, i.e. any Person(s), Company(ies), Authority(ies), Society(ies), Organisation(s), Financial Institution(s), Bank(s), HUFs etc., having any knowledge, custody or possession of the above mentioned lost/ misplaced original documents or otherwise having any claims, rights, title, interests, possession etc. either in the Schedule Property, by way of Ownership, Succession, Inheritance, Sale, Mortgage, Exchange, Charge, Lien, Gift, Trust, Encumbrance etc., or objection to the sale of the Schedule Property by the Title Holders, may come forward with supporting documents, to be delivered to the undersigned within 10 days from the date of this Publication, post expiration of which, any claim(s) or objection(s), if raised or received, shall be treated as null & void and as waived, and the Title Holder shall proceed to sell the Schedule Property as presently intended.

Parvesh Kumar (Advocate)
Office Address: 27, Basement, Shreshtha Vihar, Delhi-92
Chamber Address: 363, Saket Cantt, New Delhi
Cont. No : 9999228185

प्रकाशन
प्रपत्र सं. 3
खविनियम-15 (1) (क) / 16 (3) देखें.
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओए/1509/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 18032
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
इंद्रराज सिंह कठेरिया

सेवा में,
(2) अविनाश सिंह कठेरिया
पुत्र श्री राम शंकर
कठेरिया, फ्लैट नंबर टीएफ 310
ईडब्ल्यूएस अपार्टमेंट ई ब्लॉक
पालम विहार विहार,
गुरुग्राम, हरियाणा

सम्मन

जबकि, ओए/1509/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 24-04-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 79,61,590/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरुद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवेदक को मुहैया कराने तथा दिनांक 25-09-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 29-05-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) / 16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओए/4120/2017
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 17993
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
मोहित सेठ

सेवा में,
(1) मोहित सेठ
पुत्र श्री बी. एन. सेठ, निवासी ई 4456, दर्शन विहार, एडब्ल्यूएवओ, सेक्टर 68, मोहाली, पंजाब
(2) कीर्ति सेठ
पत्नी श्री मोहित सेठ, निवासी ई-4456, दर्शन विहार, एडब्ल्यूएवओ, सेक्टर-68, मोहाली, पंजाब

सम्मन

जबकि, ओए/4120/2017 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 26-05-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 16,17,212/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरुद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवेदक को मुहैया कराने तथा दिनांक 10-08-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 29-05-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) / 16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओए/229/2023
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 18023
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
संदीप सरीन

सेवा में,
(1) संदीप सरीन
डी/डब्ल्यू/एस/ओ - वी के सरीन संदीप सरीन पुत्र श्री वी.के. सरीन, निवासी फ्लैट नंबर 2-ए, ब्लॉक-6, अरावली व्यू, रेल विहार, सेक्टर-56, गुरूग्राम, हरियाणा-122003, गुरूग्राम, हरियाणा
(2) प्रतिवादी सं. 2 - रीना सरीन पत्नी श्री संदीप सरीन, निवासी फ्लैट नंबर 2-ए, ब्लॉक-6, अरावली व्यू, रेल विहार, सेक्टर-56, गुरूग्राम, हरियाणा-122003

सम्मन

जबकि, ओए/229/2023 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 06 05 2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 32,75,201/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरुद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवेदक को मुहैया कराने तथा दिनांक 27-10-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 29-05-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

बंगाल पंचायत चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण

● रिकॉर्ड पर्चे दाखिल हुए : ममता बनर्जी

नामखाना (प. बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के शांतिपूर्ण होने का जिक्र करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि विपक्षी दल नामांकन के दौरान हुई इक्का-दुक्का घटनाओं को आधार बनाकर इसे मुद्दा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने शुक्रवार को दक्षिण 24 परगना जिले में भंगोर का दौरा करने के बाद कहा कि राज्य में राजनीतिक हिंसा हर हाल में खत्म होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह पहले ही मौजूदा स्थिति पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ चर्चा कर चुके हैं। राज्यपाल की टिप्पणी के बाद तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की यह प्रतिक्रिया आई है। मुख्यमंत्री ने कहा, बंगाल के अलावा कोई दूसरा ऐसा राज्य नहीं है, जहां पंचायत चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया इतनी शांतिपूर्ण रहती है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान हुई एक-दो घटनाओं को लेकर विपक्षी दल - माकपा, कांग्रेस, भाजपा और आईएसएफ हम पर आरोप मढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। वह पार्टी के दो महीने लंबे अभियान तृणमूल एह नबोजोवार (तृणमूल में नई लहर) के समापन सत्र को संबोधित कर रही थीं। बनर्जी ने उन दावों को खारिज कर दिया कि विपक्षी उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने से रोका गया। उन्होंने कहा कि विपक्षी उम्मीदवारों द्वारा आठ जुलाई के चुनावों के लिए डेढ़ लाख से अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, क्या आपने कभी सुना है कि किसी अन्य राज्य में पंचायत चुनावों के लिए 2.31 लाख नामांकन दाखिल किए गए हों? अकेले विपक्षी दलों ने डेढ़ लाख से ज्यादा पर्चे दाखिल किए हैं, फिर भी आप दावा कर रहे हैं कि वे नामांकन दाखिल नहीं कर पाए। क्या यह विरोधाभासी नहीं है? उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों में, मैंने देखा है कि कैसे मेरे और मेरे तृणमूल परिवार के खिलाफ राजनीति की जा रही है। यह बाम (वाम) - राम (भाजपा)- श्याम (कांग्रेस) हाथ मिला चुके हैं और हमें हराने पर तुले हुए हैं। ममता बनर्जी ने माकपा शासनकाल में ग्राम सभा चुनावों के दौरान हुई कथित हिंसा और रक्तपात का जिक्र करते हुए पंचायत चुनावों के संचालन के लिए केंद्रीय बलों की मांग करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया, वर्ष 2021 के बंगाल (विधानसभा) चुनावों के दौरान, इन केंद्रीय बलों ने सीतलकुची में निर्दोष लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा, केंद्रीय बलों को मणिपुर क्यों नहीं भेजा जा रहा है, जहां इतने लोग मारे गए हैं? बनर्जी ने बंगाल में भाजपा और माकपा के साथ गठबंधन करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि पार्टी को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में राज्य स्तर पर तृणमूल कांग्रेस से समर्थन की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस चाहती है कि हम भाजपा के खिलाफ लड़ाई में संसद में उनका समर्थन करें। हम उनका समर्थन करेंगे क्योंकि हम भी भाजपा से लड़ना चाहते हैं। लेकिन, अगर उनका यहां (बंगाल) हमारे खिलाफ लड़ने के लिए माकपा और भाजपा के साथ तालमेल बना रहता है तो उन्हें हमसे बंगाल में समर्थन की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

राष्ट्रपति हैदराबाद पहुंची वायु सेना अकादमी मे संयुक्त स्नातक परेड का निरीक्षण करेंगी

हैदराबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को तेलंगाना की यात्रा पर यहां पहुंचीं। मुर्मू अपनी यात्रा के दौरान शहर में वायु सेना अकादमी (एएफए) की संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) का निरीक्षण करेंगी। राष्ट्रपति शनिवार को वायु सेना अकादमी, डुंडीगल में संयुक्त स्नातक परेड का निरीक्षण करेंगी। तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन, मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी और अन्य नेताओं ने यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति की अगवानी की। रक्षा विभाग ने विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की विभिन्न शाखाओं के उड़ान कैडेट के चुनौतीपूर्ण कमीशनिंग पूर्व प्रशिक्षण के सफल समापन के मौके पर 211वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड एएफए में आयोजित की जाएगी।

हैदराबाद में द्रौपदी मुर्मू का हवाई अड्डे पर स्वागत करते हुए तेलंगाना के राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन व मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव व अन्य।

धनशोधन मामले में एम3एम के निदेशकों की गिरफ्तारी मे दखल देने से दिल्ली उच्च न्यायालय का इनकार

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक पूर्व न्यायाधीश और अन्य के खिलाफ कथित रिश्वत मामले से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुग्राम के रियल्टी समूह एम3एम के निदेशकों बसंत बंसल और पंकज बंसल की गिरफ्तारी में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बुधवार को गिरफ्तार किए गए और पंचकूला की एक विशेष अदालत द्वारा पांच दिन की हिरासत में भेजे गए एम3एम निदेशकों ने दलील दी कि उनकी गिरफ्तारी से उच्च न्यायालय के उस आदेश की अनदेखी की गई है, जिसमें उन्हें धनशोधन के एक अन्य मामले में किसी कठोर कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया गया था। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को एक निचली अदालत ने गिरफ्तारी के बाद ईडी की हिरासत में भेज दिया है और वह इसकी वैधता तय नहीं कर सकती क्योंकि यह आदेश उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर की एक अदालत ने पारित किया है। याचिकाकर्ताओं की रिहाई के अनुरोध संबंधी याचिका पर न्यायाधीश ने कहा, मेरा विचार है कि एक बार पंचकूला में सक्षम क्षेत्राधिकार की अदालत द्वारा रिमांड का आदेश पारित कर दिया गया है, तो बेहतर उपाय पंजाब और हरियाणा के उच्च न्यायालय से संपर्क करना है। अदालत ने गिरफ्तारी के खिलाफ मुख्य याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को 10 दिन का समय दिया है। हम नोटिस जारी करेंगे। मेरा क्षेत्राधिकार क्षेत्र मुझे प्रतिबंधित करता है। मैं यह नहीं कह सकता कि यह आदेश सही नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी, एन हरिहरन और मोहित माथुर याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए और दलील दी कि एम3एम निदेशकों को तब गिरफ्तार किया गया था जब वे उच्च न्यायालय के आदेश के मद्देनजर धनशोधन के एक अन्य मामले में जांच में सहयोग करने के लिए एजेंसी के कार्यालय गए थे।

महाराष्ट्र सरकार ने कोरेगांव भीमा जांच आयोग को मुंबई में दफ्तर नही दिया

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह 2018 की कोरेगांव भीमा हिंसा की जांच कर रहे दो सदस्यीय जांच आयोग को प्रशासनिक कार्य के लिए मुंबई में अपना परिसर नहीं उपलब्ध करा सकती है इसलिए आयोग को पुणे से ही काम करना होगा। महाराष्ट्र सरकार ने ऐल्गार परिषद के आयोजन से एक दिन पहले एक जनवरी, 2018 में हुई हिंसा की जांच के लिए फरवरी 2018 में आयोग का गठन किया था। आयोग की अध्यक्षता उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे. एन. पटेल कर रहे हैं। राज्य के पूर्व मुख्य सचिव और पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त सुमित मलिक उसके सदस्य हैं। सरकार ने आयोग को पुणे में सुनवाइयों और प्रशासनिक कार्यों के लिए स्थाल उपलब्ध कराया है लेकिन, चूंकि कुछ गवाह मुंबई के थे इसलिए आयोग यहां से भी काम करता था। आयोग के सचिव पालनिटकर विश्राम ने पीटीआई भाषा को बताया, सरकार द्वारा आयोग को मुंबई में कभी स्थान नहीं दिया गया। हम मलिक के कार्यालय से काम किया करते थे। आयोग अपने प्रशासनिक कार्यों के लिए मलिक के कार्यालय का उपयोग करता था और सुनवाई मुंबई में सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए सह्याद्री अतिथि गृह में होती थी। उन्होंने कहा, चूंकि मलिक 12 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने वाले थे, आयोग ने काम करने की जगह देने का अनुरोध करत हुए सरकार को पत्र लिखा था। हालांकि, सरकार ने कहा कि उसके पास स्थान उपलब्ध नहीं है और आयोग से मुंबई में किराए की जगह देखने को कहा है। इसलिए आयोग अपना सारा प्रशासनिक कार्य पुणे से करेगा।

एनसीईआरटी पुस्तकों को तर्कसंगत बनाए जाने पर विवाद अनुचित: जेएनयू कुलपति

भाषा। नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने शुक्रवार को कहा कि एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों कसे तर्कसंगत बनाए जाने से जुड़ा हालिया विवाद अनुचितै है और संशोधित पाठ्यक्रम में नई खोज और ज्ञानै को शामिल किया जाना चाहिए। पंडित ने पीटीआई-वीडियो से कहा कि पाठ्यपुस्तकों को तर्कसंगत बनाए जाने के बाद हालिया घटनाक्रम ऐसी संस्कृति का हिस्सा है जहां एक वर्ग का मानना है कि उनकी राय ही अंतिम होनी चाहिए तथा किसी और को राय रखने का अधिकार नहीं है।कुलपति ने कहा, एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक को लेकर हालिया विवाद पूरी तरह से अनुचित है। इसका कारण यह है कि कोई भी किताब किसी एक लेखक की लिखी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि नेतागण इसे राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ए वे लोग हैं जो पाठ्यक्रम को तर्कसंगत बनाते हैं, पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण बहुत जरूरी है। पिछली बार 2006 में संशोधन किया गया था और वह हमेशा के लिए नहीं रह सकता। आपको नई खोजों और ज्ञान के अनुसार बदलते रहना होगा। एक दिन पहले ही, शिक्षाविदों के एक समूह ने राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को पत्र लिखकर पाठ्यपुस्तकों से अपना नाम हटाने की मांग करते हुए कहा था कि उनका सामूहिक रचनात्मक प्रयास खतरे में है। कुछ दिन पहले ही राजनीति शास्त्र के विशेषज्ञों सुहास पालसीकर और योगेन्द्र यादव ने पुस्तकों से मुख्य सलाहकार के रूप में उनका नाम हटाने को कहा था। बृहस्पतिवार को 73 शिक्षाविदों ने एक संयुक्त बयान में आरोप लगाया कि एनसीईआरटी को बदनाम करने की पिछले तीन महीने से जानबूझकर कोशिश की जा रही है और यह शिक्षाविदों के बौद्धिक अहंकार को दर्शाता है जो चाहते हैं कि छात्र 17 साल पुरानी पाठ्यपुस्तकों को ही पढ़ते रहें।

त्विक न्यूज

एम्स की नर्सिंग ऑफिसर भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले में सीबीआई ने दो को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)- दिल्ली की ओर से तीन जून को आयोजित नर्सिंग अधिकारी भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले मे दो लोगो को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक छापेमारी जारी है तथा कई और आरोपी पकड़े जा सकते है। सीबीआई ने एनओआरसीईटी-4 परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के मामले मे मोहाली स्थित ज्ञान ज्योति प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी संस्थान और एक आरोपी रितु पर मुकदमा दर्ज किया था। सीबीआई ने नौ जून को प्राथमिकी दर्ज करने के बाद हरियाणा, चंडीगढ़, मोहाली और दिल्ली सहित पांच स्थानो पर आरोपियो के परिसरो और मोहाली मे एक परीक्षा केंद्र पर तलाशी ली। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा, तलाशी और जांच के दौरान एनवीआर (नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर) जिसमे सीसीटीवी फुटेज, सर्वर लैपटॉप, पहचाने गए उम्मीदवारो के सीपीयू, विभिन्न मोबाइल फोन और संदिग्ध टीएफटी बरामद किए गए।

ज्ञानी रघबीर सिंह अकाल तख्त के नए जत्थेदार बने

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने शुक्रवार को ज्ञानी रघबीर सिंह को अकाल तख्त का नया जत्थेदार नियुक्त किया। ज्ञानी हरप्रीत सिंह की जगह ली है। ज्ञानी हरप्रीत सिंह को 2018 मे (एसजीपीसी का) कार्यवाहक जत्थेदार नियुक्त किया गया था। यहां एसजीपीसी के कार्यकारी सदस्यो की आपात बैठक मे ज्ञानी रघबीर सिंह (53) को नया जत्थेदार नियुक्त करने का फैसला किया गया। ज्ञानी हरप्रीत सिंह हालांकि बठिंडा मे तख्त दमदमा सहिब के जत्थेदार बने रहेंगे। दिल्ली मे आप के सांसद राघव चड्ढा और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की सगाई कार्यक्रम मे ज्ञानी हरप्रीत सिंह की उपस्थिति ने पिछले महीने एक विवाद खड़ा कर दिया था।

विहिप ने चंबा के युवक के हत्यारों को मृत्युदंड देने की मांग की

हमीरपुर (हिप्र)। विहिप की हिमाचल प्रदेश इकाई के अध्यक्ष लेखराज राणा ने चंबा हत्याकांड के दोषियो को मृत्युदंड देने की मांग की। आठ जून को चंबा जिले के सलूनी की बंदाल पंचायत स्थित एक नाले से युवक का आठ टुकड़ो मे विभक्त शव बरामद हुआ था। 28 वर्षीय मनोहर की हत्या के विरोध मे 19 और 20 जून को प्रदर्शन किया जाएगा। त्वरित जांच के लिए एक त्वरित अदालत का गठन किया जाना चाहिए। इस मामले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी से जांच कराने की विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की मांग का समर्थन भी किया।राणे ने कहा कि इन नृशंस घटना से शांतिप्रिय देवभूमि की बदनामी हुई है तथा इस हत्या को लेकर हिंदुओ मे बड़ा रोष है। आरोपी मुसाफिर हसन का घर भीड़ द्वारा जला दिए जाने बाद बृहस्पतिवार को सलूनी मे निषेधाज्ञा लगा दी गई।

दिशिता नीट यूजी में टॉपर

उन्नाव। परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश बायजूस की उन्नाव की छात्रा दिशिता दीक्षित ने प्रतिष्ठित नीट यूजी 2023 में सिटी टॉपर बनकर संस्थान को गौरवान्वित किया, जिससे उसके माता-पिता और आकाश बायजू के कर्मचारी पूरे खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कल रात नतीजों की घोषणा की। नीट क्रैक करने के लिए छात्रा दो साल के क्लासरूम प्रोग्राम में आकाश बायजूस में शामिल हुई थी। एनईईटी में टॉप पर्सेंटाइल की विशिष्ट सूची में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने और उनके सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन को दिया। मैं आभारी हूं कि आकाश की टीचिंग सामग्री और कोचिंग के लिए।

एक्का निर्माण क्षेत्र में तेज़ी से बना रहा है अपनी जगह

मुंबई। भारत के सबसे बड़े एलईडी टीवी कारखाने और अन्य उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों को पूर्ण बैकवर्ड इंटीग्रेशन और इन हाउस डिज़ाइन और विनिर्माण समाधान बनाने के लिए नए नोएडा कारखाने में 1,000 करोड़ का निवेश करने की। भारत में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में अग्रणी ब्रांडों के लिए ओईएम ओडीएम के रूप में सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले एलईडी टीवी और सहायक उपकरण के निर्माण में नवाचार और तकनीकी विशेषज्ञता के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स जल्द ही एक नई अत्याधुनिक यूनिट स्थापित करने जा रही है। नोएडा उत्तर प्रदेश में निर्माण की बेहतर सुविधा के साथ कंपनी का ध्येय न केवल एलईडी टीवी बल्कि अन्य उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों जैसे वाशिंग मशीनए स्मार्टवॉचए हीराबल्स और टीडब्ल्यूएस का निर्माण करने का भी है। इस यूनिट में मौजूद सुविधाओं को कार्यान्वित करने के लिएए कंपनी ने एक बड़े और महत्वपूर्ण निवेश की घोषणा की है। नोएडा में खुलने वाली इस इकाई में 15 अगस्त 2023 से पहले 1000 करोड़ निवेश किए जाएंगे। बढ़ती निर्यात मांग को पूरा करने के लिएए एक्का जल्द ही एक निर्यात शाखा भी लॉन्च करेगी। एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स के निदेशक सागर गुप्ता ने कहा कि 1,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश में से 40 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण, निर्माण, कार्यशील पूंजी, निर्माण और अनुसंधान एवं विकास के लिए पहले ही आवंटित किया जा चुका है।

नया डिजिटल पेमेंट समाधान विकसित किया

मुंबई। फिडीपे एक कनेक्टेड बैंकिंग समाधान प्रदान करता है जो वित्तीय सेवाओं और तकनीकों के एकीकरण को संभव बनाता है। फिडीपे ग्राहकों को अपनी वित्तीय जानकारी तक पहुंच और उनके पैसे को कई प्लेटफॉर्म और उपकरणों पर आसानी से प्रबंधित करने की सुविधा प्रदान करता है। फिडीपे ने नया डिजिटल पेमेंट समाधान विकसित किया है, जिसे एमएसएमई, स्थानीय सहकारी बैंक या सरकारी संस्थाएं अपनी मौजूदा सिस्टम में शामिल कर सकते हैं। इसका डैशबोर्ड जो उनके सिस्टम के साथ पूरी तरह से इंटीग्रेट होते हैं। कनेक्टेड बैंकिंग का उद्देश्य ग्राहकों को उनके वित्तीय विवरण प्रदान करना है और बैंकिंग को अधिक सुविधाजनक, अधिक दक्ष और व्यक्तिगत बनाना है।फिडीपे कुछ सालों से स्थानीय सहकारी बैंकों, सरकारी संस्थाओं, वित्तीय संस्थाओं में डिजिटल भुगतान को सक्षम बनाने के साथ-साथ एमएसएमई को डिजिटल भुगतान को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

राहुल और आतिशी की टिप्पणी को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं: केंद्रीय मंत्री पुरी

भाषा। जम्मू

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि राहुल गांधी और आप नेता आतिशी की टिप्पणियों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। पुरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अमेरिका में उनकी टिप्पणियों को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी टिप्पणियों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। पुरी ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी की टिप्पणियों को भी गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर है।

भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर राहुल गांधी के बयान पर पुरी ने उन्हें 1984 के सिख विरोधी दंगों और असम के नीली नरसंहार की याद दिलाई जिसमें 2000 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। यहां आयोजित जम्मू नगर निगम के कार्यक्रम के अंत में पुरी ने संवाददाताओं से कहा, यहां दो युवा नेता हैं। एक अमेरिका जाता है...यहां एक और युवा नेता हैं...वह इंग्लैंड जाकर कहती हैं कि भारत में 35 करोड़ लोग भूखे हैं। प्रधानमंत्री 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दे रहे हैं, तो फिर 35 करोड़ लोग कहां से आए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन दोनों नेताओं के बयानों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है।

कांग्रेस ने आप विधायक पर एनआरआई का मकान हड़पने का आरोप लगाया

भाषा। चंडीगढ़

कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी विधायक सर्वजीत कौर मानुके पर जगरांव में एक प्रवासी भारतीय के मकान को हड़पने का आरोप लगाया, जिसे विधायक ने खारिज कर दिया। बाजवा ने विधायक सुखपाल सिंह खैरा की मौजूदगी में कहा कि कनाडा निवासी 76 वर्षीय अमरजीत कौर ने लुधियाना पुलिस में शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया है कि मानुके ने जगरांव में उनके घर पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। बाजवा ने कहा कि शिकायत के अनुसार मानुके ने कथित रूप से घर को हड़प लिया है और यह स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार तथा पद के दुरुपयोग का मामला है।

विधायक खैरा ने आरोप लगाया, सभी को पता है कि आप दिल्ली से रिमोट कंट्रोल से पंजाब चला रही है, लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में भगवंत मान को दागी नेता के खिलाफ कार्रवाई का आदेश देना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की। जगरांव से विधायक मानुके ने आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया, मैं छह साल से अधिक समय से विधायक हूं लेकिन मेरे पति और मेरे पास कोई संपत्ति नहीं है।

हम कई साल से किराए के घर में रह रहे हैं। यह घर भी किराए पर था। हमारे पास रेंट एग्रीमेंट है और हमने हर महीने इसका किराया अदा किया। उन्होंने एक बयान में कहा, जब मुझे एनआरआई मालिक के घर को छोड़ने को कहा तो मैंने नया घर तलाशने और शिफ्ट होने के लिए डेढ़ महीने का वक्त मांगा, लेकिन उन्हें जल्दी थी। मानुके ने कहा कि जब विवाद हुआ तो मैंने घर छोड़ दिया। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले ही मैंने जगरांव की रॉयल कॉलोनी में किराए पर नया घर लिया है जहां हम शिफ्ट हो चुके हैं। मैंने घर की चाबियां मालिक को लौटा भी दी हैं।

ट्रेन यात्रा के दौरान हुई चोरी रेलवे की ओर से सेवा में कमी नहीं: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि रेल यात्रा के दौरान किसी के सामान की चोरी होना रेलवे की सेवा में कमी नहीं कहा जा सकता और अगर यात्री अपने सामान की रक्षा खुद नहीं कर पाता है तो इसके लिए सार्वजनिक ट्रांसपोर्टर को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की अवकाशकालीन पीठ ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के उस आदेश को निरस्त करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें रेलवे को एक व्यवसाई को एक लाख रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। व्यवसाई ने जिला उपभोक्ता मंच के समक्ष दावा किया था कि एक ट्रेन से यात्रा करते समय उसकी कमर में बंधी बेल्ट में रखे एक लाख रुपए खो गए थे और उसने अपने नुकसान के लिए रेलवे से प्रतिपूर्ति की मांग की थी।

पीठ ने कहा, हम यह समझने में विफल हैं कि चोरी को किसी भी तरह से रेलवे की सेवा में कमी कैसे कहा जा सकता है। यदि यात्री अपने सामान की रक्षा करने में सक्षम नहीं है, तो रेलवे को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। शीर्ष अदालत एनसीडीआरसी के उस आदेश के खिलाफ रेलवे द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें रेलवे को शिकायतकर्ता सुरेंद्र भोला को एक लाख रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। भोला 27 अप्रैल, 2005 को काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से नई दिल्ली आ रहा थे और आरक्षित बर्थ पर थे। भोला ने कहा कि उन्होंने कमर में बंधी बेल्ट में एक लाख रुपए रखे थे, जिसे उन दुकानदारों को देने थे, जिनके साथ उनका व्यापारिक लेन-देन था। अगले दिन ट्रेन से उतरने के बाद उन्होंने दिल्ली में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

बिहार में 2023 में विभिन्न अपराधों में 35 विदेशी गिरफ्तार

भाषा। पटना

बिहार पुलिस ने इस साल मई तक विभिन्न अपराधों के सिलसिले में 35 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें से अधिकतर पर देश में अवैध रूप से प्रवेश करने का आरोप है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार विदेशी नागरिक 11 देशों से हैं। राज्य पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, कुल 35 में से 20 को अवैध रूप से नेपाल से भारत में दाखिल होने जबकि छह विदेशी नागरिकों को मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में उनकी संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया। एक को अवैध हथियार रखने के आरोप में हिरासत में लिया गया। बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए लोग नेपाल, म्यांमा, रूस, चेक रिपब्लिक, युगांडा, उज्बेकिस्तान, बांग्लादेश और अमेरिका के नागरिक हैं।

दशरथ मांझी के बेटे भगीरथ, दामाद मिथुन जद(यू) में शामिल

पटना। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) ने शुक्रवार को दावा किया कि पहाड़ काटकर रास्ता बनाने वाले दशरथ मांझी के दो करीबी परिजनों के पार्टी में शामिल होने से उसे मजबूती मिलेगी। मांझी के बेटे भगीरथ और दामाद मिथुन यहां जद(यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, राज्यसभा सदस्य वशिष्ठ नारायण सिंह और मंत्रियों विजय कुमार चौधरी, अशोक चौधरी तथा संजय कुमार झा जैसे वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर पार्टी विधायक रत्नेश सदा भी मौजूद थे, जिन्हें आज दिन में ही संतोष सुमन की जगह मंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी। सुमन ने कुछ दिन पहले मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी द्वारा गठित हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख सुमन ने आरोप लगाया कि जद(यू) उनकी पार्टी (हम) पर विलय का दबाव बना रही है। जदयू

द्वारा दशरथ मांझी के परिवार के सदस्यों को शामिल करने को जीतन राम मांझी की काट के तौर पर देखा जा रहा है, जिनका गया जिले में काफी प्रभाव है। जीतन मांझी भी दशरथ मांझी की तरह मुसहर जाति से हैं। इस मौके पर जद(यू) नेताओं ने जीतन मांझी की आलोचना की और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति कृतज्ञता नहीं रखने का आरोप लगाया।

नेहरू से पहले ब्रिटिश काल में सेना के कमांडर इन-चीफ का आवास था तीन मूर्ति भवन

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के बीच में स्थित प्रतिष्ठित तीन मूर्ति भवन 90 साल पहले भारत में ब्रिटिश सेना के कमांडर-इन-चीफ के निवास के लिए बनाया गया था और 1947 में देश की आजादी के बाद, प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू उसी भवन में रहे। देश के पहले प्रधानमंत्री नेहरू 27 मई, 1964 को अपने निधन तक तीन मूर्ति भवन में ही रहे। बाद में तीन मूर्ति भवन को नेहरू की विरासत को कायम रखने के लिए एक स्मारक में बदल दिया गया। एक अप्रैल, 1966 को नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी (एनएमएमएल) नाम से एक स्वायत्त निकाय की स्थापना की गई और उसे स्मारक के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई। स्मारक में एक संग्रहालय के साथ एक समृद्ध पुस्तकालय भी है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी कर दिया है, जिसे लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है। कांग्रेस ने केंद्र पर संकीर्ण सोच और प्रतिशोध से काम करने का आरोप लगाया।करीब एक साल पहले तीन मूर्ति भवन परिसर में प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन किया गया था।

इस इमारत का निर्माण 1929-30 में नई राजधानी के हिस्से के तौर पर किया गया था, और रॉबर्ट टोर रसेल ने इसका डिजाइन तैयार किया था। उन्होंने ही शहर के प्रसिद्ध कनॉट प्लेस का भी डिजाइन तैयार किया था। इस भवन को शुरू में फ्लैगस्टाफ हाउस कहा जाता था और ब्रिटिश सेना के कमांडर-इन-चीफ इसमें रहते थे। आजादी का अमृत महोत्सव वेबसाइट के अनुसार, 1947 में आजादी के बाद, यह तय किया गया कि स्वतंत्र भारत के प्रधानमंत्री तीन मूर्ति भवन में निवास करेंगे। तत्कालीन कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल (सर क्लाउड) औचिनलेक को उस समय अन्य आवास मुहैया कराया गया। बाद में, इस भवन का नाम तीन मूर्ति भवन कर दिया गया।

ब्रिटिश मूर्तिकार लियोनार्ड जेनिंग्स द्वारा बनाई गई तीन कांस्य प्रतिमाओं के मद्देनजर इसका नाम तीन मूर्ति भवन रखा गया। तीनों मूर्तियां जोधपुर, हैदराबाद और मैसूर लांसर्स की याद में बनाई गई थी जो 1918 में 15वीं इंपीरियल सर्विस कैवेलरी ब्रिगेड का हिस्सा था। पत्थर और प्लास्टर से बने तीन मूर्ति भवन में विक्टोरियन और फ्रेंच वास्तुकला का संगम है। 30 एकड़ में फैले परिसर में नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय, नेहरू तारामंडल और प्रधानमंत्री संग्रहालय भी है। प्रधानमंत्री संग्रहालय को 21 अप्रैल, 2022 को आम लोगों के लिए खोला गया था।

इंडोनेशिया ओपनः प्रणय, चिराग-सात्विक सेमीफाइनल में

श्रीकांत बाहर हुए

भाषा। जकार्ता

भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शुक्रवार को यहां इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 स्पर्धा के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय फजर अलफियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो को सीधे गेम में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल में एचएस प्रणय ने क्वार्टर फाइनल में जापान के कोदाई नारोका को शिकस्त दी तो वहीं विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत हालांकि अंतिम आठ मुकाबले में चीन के ली शी फेंग से हारकर पुरुष एकल प्रतियोगिता से बाहर हो गए।श्रीकांत को एक घंटे और नौ मिनट तक चले कड़े मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी से 14-21 21-14 12-21 से शिकस्त मिली। इस जीत के साथ ही फेंग ने श्रीकांत से मिली पिछली हार का बदला भी चुकता कर लिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच दो मुकाबलों में दोनों ने एक-एक जीत दर्ज की है। सातवीं वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की जोड़ी को इंडोनेशिया की पुरुष युगल जोड़ी हराने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। भारतीय जोड़ी ने 41 मिनट तक चले मुकाबले को 21-13 21-13 से अपने नाम किया। सात्विक और चिराग के सामने सेमीफाइनल में कोरिया की मिन ह्यूक कांग एवं सेउंग जे सियो और इंडोनेशिया की लियो रोली कार्नांडो एवं डेनियल मार्टिन के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता की चुनौती होगी। भारतीय खिलाड़ियों के दिन के आखिरी मैच में प्रणय ने तीसरी वरीयता प्राप्त नारोका को 21-18 21-6 से शिकस्त दी। सेमीफाइनल में प्रणय का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त डेनमार्क विक्टर एक्सेलसेन और चीनी ताइपे के टिएन चेन चोउ के बीच खेले जाने वाले अंतिम आठ मैच के विजेता से होगा। पुरुष एकल में विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज श्रीकांत और फेंग दोनों इस स्पर्धा में गैरवरीय है। श्रीकांत ने शुरुआती सेट में 2-0 की बढ़त कायम की लेकिन इसके बाद उन्हें लगातार कई गलतियां करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। चीन के खिलाड़ी ने पहले गेम में ब्रेक के समय 11-7 की बढ़त बना ली।फेंग ने इसके बाद अपनी बढ़त जारी रखी और पहला गेम आसानी से अपने ना किया। दूसरे गेम की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच बराबरी का मुकाबला दिखा लेकिन श्रीकांत जल्द ही अपने पुराना लय हासिल कर ब्रेक तक 11-6 की बढत बना ली।उन्होंने आक्रामक खेल जारी रखते हुए यह गेम जीत लिया। वह हालांकि तीसरे गेम में इस लय को बरकरार नहीं रख सके और फेंग ने 11-6 की बढ़त बना ली। ब्रेक के दौरान चीन के खिलाड़ी को चिकित्सा मदद की जरूरत पड़ी। वह इसके बाद बाएं पैर में पट्टी के साथ कोर्ट में उतरे लेकिन उनके खेल में कोई कमी नहीं आई। फेंग ने तीसरा गेम 21-12 के बड़े अंतर से जीत कर सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया।

खबरें स्टेडियम से

नजमुल, मोमिनुल के शतक से बांग्लादेश जीत के करीब

मीरपुर। नजमुल हुसैन और मोमिनुल हक के शतकों की मदद से बांग्लादेश ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मे 662 रन का दुरूह लक्ष्य रखकर जीत का मार्ग लगभग प्रशस्त कर लिया। नजमुल ने पहली पारी मे 146 के बाद दूसरी पारी मे 124 रन बनाए। वह टेस्ट क्रिकेट की दोनो पारियो मे शतक जमाने वाले बांग्लादेश के दूसरे बल्लेबाज बन गए। यह कारनामा करने वाले पहले बल्लेबाज रहे मोमिनुल 121 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश ने दूसरी पारी चार विकेट पर 425 रन पर घोषित की। अफगानिस्तान ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर दो विकेट 45 रन पर गंवा दिए थे। खराब रोशनी के कारण तीसरे दिन का खेल जल्दी खत्म करना पड़ा। अफगानिस्तान अभी भी 617 रन पीछे है और दो दिन का खेल बाकी है। उसके कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी को तसकीन अहमद का बाउंसर सिर मे लगने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। अफगानिस्तान के गेदबाज कोई मौका नही बना सके जबकि बांग्लादेश के बल्लेबाज ढीली गेदो को नसीहत देते रहे। सलामी बल्लेबाज जाकिर हुसैन ने 95 गेदमे 71 रन बनाए लेकिन तीसरा रन लेने के प्रयास मे रन आउट हो गए। सीमित ओवरो के अंदाज मे खेलते हुए नजमुल ने अपना चौथा टेस्ट शतक 115 गेद मे पूरा किया।

चेनाई, मेदीरत्ता पुरुष ट्रैप निशानेबाजी में आगे , राजेश्वरी महिला वर्ग में अव्वल

भोपाल। ओलंपियन कीनन चेनाई और पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुके भवनीश मेदीरत्ता ने चौथे राष्ट्रीय चयन ट्रायल (शॉटगन) पुरुष वर्ग मे बढ़त बना ली जबकि महिला वर्ग मे राजेश्वरी कुमारी आगे है। क्वालीफिकेशन के दो दौर के बाद चेनाई और मेदीरत्ता दोनो ने 50 स्कोर किया जबकि राजेश्वरी ने 48 स्कोर किया। पुरुषो के ट्रैप वर्ग मे 55 प्रतियोगियो ने भाग लिया और शीर्ष आठ निशानेबाजो मे दो अंक का ही अंतर है। पूर्व विश्व चैम्पियन मानवजीत सिंह संधू 49 स्कोर कर सके। महिला वर्ग मे 32 प्रतियोगी दौड़ मे है। शगुन चौधरी राजेश्वरी से एक अंक पीछे है जबकि नीरू 46 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर है। निशानेबाज दो और राउंड खेलेंगे जिसके बाद फाइनल होगा। शीर्ष छह निशानेबाज फाइनल मे खेलेंगे।

यह प्रयोग नहीं था, हमारे पास अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, रोटेशन पर बोले स्टिमक

भुवनेश्वर। इंटरकांटिनेटल कप के पिछले दो मैचो मे अंतिम एकादश मे भारी बदलाव करने वाले भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि वह सिर्फ यह दिखाना चाहते थे कि उनके पास प्रतिभाओ की कमी नही है। मंगोलिया के खिलाफ पहले मैच के बाद स्टिमक ने वानुआतू के खिलाफ दूसरे मैच मे टीम मे नौ बदलाव किए। इसके बाद लेबनान के खिलाफ दस बदलाव किए गए। संदेश झिंगन अकेले खिलाड़ी है जो तीनो मैच खेले। भारत को रविवार को फाइनल मे लेबनान से खेलना है। इतने बदलावो के बारे मे पूछने पर स्टिमक ने कहा , यह प्रयोग या सही अंतिम एकादश तलाशने की बात नही है। हमारे पास काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और मै उन्हे इस्तेमाल करते रहना चाहता था। उन्होने कहा , लेबनान के खिलाफ टीम काफी अनुशासित और संगठित दिखी जिसे पता था कि क्या करना है। जब इतने सारे उम्दा खिलाड़ियो मे से चुनना हो तो ऐसा ही होता है।

तीन साल से भारतीय सुपरस्टार्स से निपटते हुए नितिन मेनन ने एशेज के लिए की तैयारी

नई दिल्ली। पिछले तीन साल से भारत के बड़े क्रिकेट सितारो के बीच भारी दबाव मे अंपायरिंग कर रहे नितिन मेनन इतने परिपक्व हो गए कि आईसीसी एलीट पेनल के इस अंपायर की अगले महीने एशेज मे पदार्पण की तैयारी भी पक्की हो गई। जून 2020 मे आईसीसी एलीट पेनल मे शामिल किए गए मेनन कोरोना महामारी के कारण विदेशियो की यात्रा पर प्रतिबंध के चलते भारत के अधिकांश घरेलू मैचो मे अंपायरिंग करते नजर आए। उन्होने यूएई और आस्ट्रेलिया मे टी20 विश्व कप के मैचो मे भी अंपायरिंग की और पिछले साल इंग्लैड मे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला मे अंपायरिंग करते दिखे। उन्होने जून 2020 से 15 टेस्ट, 24 वनडे और 20 टी20 मैचो मे अंपायरिंग की है।

रूट और बेयरस्टॉ की अर्धशतकीय साझेदारी से इंग्लैंड ने की वापसी

एशेज टेस्ट श्रृंखला

भाषा। बर्मिंघम

पूर्व कप्तान जो रूट और जॉनी बेयरस्टॉ की छठे विकेट के लिए 64 रन की अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने एशेज टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती मैच के पहले दिन चाय के विश्राम तक पांच विकेट पर 240 रन बना लिए। चाय के विश्राम के समय रूट 66 जबकि यॉर्कशर क्लब के उनकी साथ बेयरस्टॉ 33 रन बनाकर खेल रहे थे। इस जोड़े ने उस समय मोर्चा संभाला जब दिन के दूसरे सत्र में हैरी ब्रुक (32) और कप्तान बेन स्टोक्स (एक) के विकेट टीम ने एक रन के अंदर गंवा दिए। इंग्लैंड ने दिन के पहले सत्र में तीन विकेट पर 124 रन बनाए थे। इस दौरान टीम ने बाजबॉल रणनीति को पूरी तरह लागू करने की जगह सावधानी से बल्लेबाजी करने पर ध्यान दिया और इस सत्र में 12 चौके लगाने के साथ दौड़ कर रन चुराने पर जोर दिया।दूसरे सत्र में रूट के साथ देने क्रीज पर आए ब्रुक ने आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंन रूट के साथ तेजी से अर्धशतकीय साझेदारी की।

वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे व श्रीलंका ने दिखाया दम

विश्व कप क्वालीफायर से पहले अभ्यास मैच जीते

दुबई। वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने आईसीसी पुरूष क्रिकेट वनडे विश्व कप 2023 क्वालीफायर से पहले अपने दोनों अभ्यास मैच जीत लिए हैं। नीदरलैंड ने भी पिछले मैच में आयरलैंड को हराया जबकि नेपाल ने ओमान पर जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज ने रोवमैन पॉवेल के शतक की मदद से संयुक्त अरब अमीरात को 114 रन से हराया। एक समय पर वेस्टइंडीज के सात विकेट 198 रन पर गिर गए थे। इसके बाद पॉवेल ने कीमो पॉल के साथ आठवें विकेट के लिए 139 रन जोड़े। पॉवेल 55 गेंद में 105 रन बनाकर आउट हुए और निकोलस पूरन ने भी 74 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने नौ विकेट पर 374 रन का स्कोर खड़ा किया। यूएई के लिए बासिल हमीद ने नाबाद 122 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। वेस्टइंडीज के लिए यानिक कारिया ने 58 रन देकर चार विकेट लिए। जिम्बाब्वे ने दूसरे मैच में टॉस जीतकर स्कॉटलैंड को बल्लेबाजी के लिए भेजा। ब्रेंडन मैकमुलेन अर्धशतक से एक रन से चूक गए और उनकी टीम 163 रन पर आउट हो गई। जवाब में जिम्बाब्वे ने 25 ओवर में छह विकेट बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रीलंका ने बुलावायो में अमेरिका को 198 रन से हराया। दिमुथ करूणारत्ने ने 100 गेंद में 111 रन बनाए जबकि कुसाल मेंडिस ने 91 गेंद में 105 रन की पारी खेली। श्रीलंका ने पांच विकेट पर 392 रन बनाए। जवाब में अमेरिका की टीम 198 रन पीछे रह गई।

गास्क्वेत ने शीर्ष वरीयता प्राप्त सिटसिपास को हराया

स्टटगार्ट। फ्रांस के अनुभवी खिलाड़ी रिचर्ड गास्क्वेत ने शीर्ष वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास को स्टटगार्टओपन मे 7-6, 2-6, 7-5 से हराकर एटीपी टूर पर 600वी जीत दर्ज की। जीत के बाद उन्होने कहा , मै 20 साल से टूर पर खेल रहा हूं और यह उपलब्धि अद्भुत है। अब उनका सामना स्थानीय खिलाड़ी जान लेनार्ड स्ट्रफ से होगा जिसने अमेरिका के टॉमी पॉल को 7- 6, 7- 6 से हराया। टेलर फ्रिट्स ने असलान कारात्सेव को 7- 6, 6- 3 से मात देकर अंतिम आठ मे जगह बनाई। अब उनका सामना हंगरी के मार्टोन फुक्सोविक्स से होगा जिसने वू यिबिग को 6- 4, 4- 6, 6- 4 से हराया।

नॉटिंघम ओपन में सभी वरीय खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल से पहले बाहर

नॉटिंघम। विम्बलडन की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले नॉटिंघम ओपन टेनिस मे सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल से पहले ही बाहर हो गए।तीसरी वरीयता प्राप्त पोलैड की मागडा लिनेट को ब्रिटेन की जोडी बुराज ने 7-5, 6-3 से हराया। इससे पहले अमेरिका की एलिजाबेथ मेडलिक ने सातवी वरीयता प्राप्त इटली की कैमिला जियोर्जी को 7-5, 5-7, 6-3 से मात दी। पांचवी वरीयता प्राप्त यूक्रेन की अनहेलिना कलिनिना को ब्रिटेन की हैरियट डार्ट ने 6 -0, 7 -5 से हराया। कैटी बूल्टर ने डारिया स्निगुर को हराया।

ट्रायल 19 को

लखनऊ। बरेली में अण्डर-19 स्टेट बैड़मिंटन चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल का लखनऊ बैड़मिंटन एसोसिएशन द्वारा राइजिंग स्टार बैड़मिंटन अकादमी में 19 जून को गोमती नगर में प्रातः 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी सचिव लखनऊ के अनिल ध्यानी जी से बैड़मिंटन अकादमी में सम्पर्क करें । प्रवेश की अन्तिम तिथि 17 जून शाम 5 बजे से पहले ।

अवध स्काई और गोयल अकादमी की जीत

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच आकाश सरकार की सटीक गेंदबाजी 4 विकेट एवं शिवम यादव की शानदार बल्लेबाजी 55 रन की मदद से अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी ने समर कप क्रिकेट प्रतियोगिता में चंदौली क्रिकेट अकादमी को 34 रनों से पराजित किया। दिन के दूसरे मैच में गोयल क्रिकेट अकादमी ने सीसीए को 6 विकेट से हराया।केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेले गए मुकाबलों में पहले मैच में अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 163 रन बनाए। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीसीए ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 128 रन बनाए। हनी केसरी ने 46 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 50 रन बनाए। जवाब में गोयल क्रिकेट अकादमी ने 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर 4 विकेट पर 132 रन बनाकर मैं जीत लिया।

स्विस साइक्लिस्ट की मौत

जिनेवा। टूर दे स्विटजरलैड रेस के दौरान हादसे मे चोटिल हुए स्विस साइक्लिस्ट जिनो माडेर ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। जिनो रेस के दौरान पर्वतीय पांचवे चरण के आखिर मे तेजी से नीचे की ओर उतरते समय दुर्घटना का शिकार हुए। उनकी टीम बहरीन विक्टोरियस ने एक बयान मे कहा , जिनो चोटो से लड़ नही सका डॉक्टरो के अथक प्रयासो के बावजूद उन्हे बचाया नही जा सका। हमारी पूरी टीम इस हादसे से शोक मे है।

इटली को हराकर स्पेन नेशंस लीग फाइनल में

एंसशेडे (नीदरलैंड)। स्पेन ने यूरोपीय चैम्पियन इटली को 2-1 से हराकर नेशंस लीग फुटबॉल फाइनल मे जगह बना ली जहां उसका सामना लुका मोडरिच की क्रोएशियाई टीम से होगा। स्पेन ने इससे पहले 2021 मे नेशंस लीग फाइनल मे जगह बनाई थी जहां उसे फ्रांस ने हराया। फाइनल मे रविवार को रोटरडम मे स्पेन का सामना क्रोएशिया से होगा जबकि इटली की टक्कर नीदरलैंड से होगी।

अंजलि ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता

भाषा। भुवनेश्वर

चोट के कारण लगभग चार साल के बाद चोट से वापसी करने वाली अंजलि देवी ने राष्ट्रीय अंतरराज्यि चैम्पियनशिप के महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से स्वर्ण पदक के साथ एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल में अपनी जगह भी पक्की कर ली।हरियाणा की 24 साल की इस खिलाड़ी पिछली बार अक्टूबर 2019 में राष्ट्रीय स्तर पर 400 मीटर में चुनौती पेश की थी। उन्होंने शुक्रवार को 51.58 सेकंड के समय के साथ राज्य की अपनी साथी हिमांशी मलिक (51.76 सेकंड) को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले अंजलि का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 51.53 सेकंड था, जो उन्होंने लखनऊ में हासिल किया। उन्होंने एशियाई खेलों के क्वालीफिकेशन स्तर 52.96 सेकंड से लगभग डेढ़ सेकंड कम समय लिया। इक्कीस साल की मलिक और कांस्य विजेता तमिलनाडु की आर विद्या रामराज (52.49 सेकंड) और चौथे स्थान पर रहने वाली महाराष्ट्र के ऐश्वर्या कैलाश मिश्रा (52.79 सेकंड) ने भी एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग मानक से कम समय लिया।इन दोनों में से हालांकि इस स्पर्धा के लिए एशियाई खेलों के लिए सिर्फ दो का ही चयन होगा।

इससे पहले दिन के सत्र में सेमीफाइनल में अंजलि ने 52 . 03 सेकंड का समय निकाला था। उसमें भी विद्या (52 . 43) दूसरे, हिमांशी (52 . 46) तीसरे और ऐश्वर्या (52 . 73) चौथे स्थान पर रही थी। चार महिला धावकों के 53 सेकंड से कम समय निकालने के बाद में एशियाई खेलों में 2002 के बाद लगातार छह स्वर्ण जीतने वाली चार गुणा 400 रिले में भारतीय टीम से उम्मीदें फिर से जाग गई है।पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में श्रीलंका के कलिंगा कुमारेज ने 45.64 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक केरल के मोहम्मद अनस याहिया ने 45.76 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता।केरल के ही मोहम्मद अजमल और दिल्ली के अमोज जैकब ने क्रमशः 45.90 और 45.91 सेकंड के समय के साथ तीसरे और चौथे स्थान पर रहे।इन चारों ने एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग समय 46.17 से बेहतर प्रदर्शन किया, जो महिलाओं की तरह भारतीय पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले के लिए अच्छी खबर है।तमिलनाडु के बी शीवा कुमार चैंपियनशिप के सबसे तेज पुरुष एथलीट के रूप में उभरे। उन्होंने 100 मीटर की दौड़ को 10.37 सेकंड के समय के साथ निकाला, जबकि पंजाब के हरजीत सिंह (10.45 सेकेंड) और तमिलनाडु के एलाकियादासन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इनमें से कोई भी एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग समय 10.19 सेकंड के करीब नहीं आ सका।सौ मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकार्डधारी आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी 11.46 सेकंड के समय के साथ चैंपियनशिप की सबसे तेज महिला धाविक बनी।

मंजू रानी ने महिलाओं की 35 किमी पैदलचाल जीती लेकिन एशियाड के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी

भुवनेश्वर। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी पंजाब की मंजू रानी ने राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स चैम्पियनशिप मे महिलाओ की 35 किलोमीटर पैदल चाल जीती लेकिन एशियाई क्वालीफाइंग मार्क नही छू सकी। 24 वर्ष की रानी ने बेहद गर्मी और उमस के बीच तीन घंटे 21 मिनट और 31 सेकंड मे रेस पूरी की। एशियाई खेलो का क्वालीफाइंग मार्क 2 : 58 . 30 है। उसने फरवरी मे रांची मे भारतीय पैदल चाल चैम्पियनशिप मे 2 : 58.30 का समय निकाला था। हरियाणा के जुनैद खान ने पुरुष वर्ग मे तीन घंटे 37 सेकंड का समय निकालकर जीत दर्ज की लेकिन एशियाई खेलो का दो घंटे 35 मिनट का क्वालीफाइंग आंकड़ा नही छू सके। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी राम बाबू ने इस टूर्नामेट मे भाग नही लिया। उन्होने रांची मे दो घंटे 31 मिनट 36 सेकंड का समय निकालकर खिताब जीता था। महिलाओ की 400 मीटर दौड़ सेमीफाइनल मे चार खिलाड़ियो ने 52 . 96 सेकंड का एशियाई खेल क्वालीफाइंग मार्क पार किया। हरियाणा की अंजलि देवी ने 52 . 03 सेकंड का समय निकाला। तमिलनाडु की विद्या राज (52 . 43) दूसरे, हरियाणा की हिमांशी मलिक (52 . 46) तीसरे और महाराष्ट्र की ऐश्वर्या मिश्रा (52 . 73) चौथे स्थान पर रही। पुरुष वर्ग मे केरल के मुहम्मद अजमल (45 . 51) ने टूर्नामेट का रिकॉर्ड तोड़ा।वही केरल की ही राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी मुहम्मद अनस 45 . 63 सेकंड का समय निकालकर सेमीफाइनल हीट मे दूसरे स्थान पर रहे। ओडिशा की सबानी नंदा ने 11 . 69 सेकंड का समय निकालकर महिलाओ के 100 मीटर फाइनल मे प्रवेश कर लिया। ज्योति याराजी ने 11 . 72 सेकंड के साथ फाइनल मे जगह बनाई।

मलेशिया ने सेमीफाइनल में भारत को हराया

स्क्वाश विश्व कप:फाइनल में मिस्र से सामना

चेन्नई। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत शुक्रवार को यहां चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया के हाथों 0-3 से हराकर एसडीएटी डब्ल्यूएसएफ स्क्वाश विश्व कप से बाहर हो गया। मलेशिया शनिवार को फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन मिस्र से भिड़ेगा। मिस्र ने दूसरे सेमीफाइनल में जापान को 4-0 से हराया।मलेशिया को साई हंग ओंग केने ने शुरुआती मुकाबले में ही बढ़त दिला दी। उन्होंने 37 मिनट तक चले मुकाबले में अभय सिंह को 7-4, 5-7, 1-7, 7- 1, 7-6 से हराया। इसके बाद 18 साल की ऐरा आजमन ने अनुभवी जोशना चिनप्पा को 21 मिनट तक चले मुकाबले में 7-3, 7-3, 5-7, 7-4 से शिकस्त देकर मलेशिया को 2-0 की बढ़त दिला दी। भारत को मुकाबले में बनाए रखने की जिम्मेदारी अनुभवी सौरव घोषाल के पास थी। विश्व रैंकिंग में 134 स्थान पर काबिज डोरेन प्रागसाम ने हालांकि रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी को 7-5, 2-7, 7-6, 7-5 हराकर बड़ा उलटफेर किया।

एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में वियतनाम के खिलाफ भारत की नजरें विजयी शुरुआत पर

भाषा। पथुम थानी

भारतीय टीम एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) एशियाई कप के अपने शुरुआती मुकाबले में वियतनाम के खिलाफ शनिवार को यहां जब मैदान में उतरेगी तो पिछले डेढ़ साल की उसकी तैयारियों की असल परीक्षा होगी। भारतीय टीम मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस की देखरेख में टूर्नामेंट के 2018 सत्र में सेमीफाइनल में पहुंची थी। उन्होंने खिलाड़ियों में जीत की संस्कृति पैदा करने के महत्व पर जोर दिया।फर्नांडिस ने कहा, बेशक, खिलाड़ियों में सुधार महत्वपूर्ण है, लेकिन जीतना हमेशा सबसे अहम होता है। हम शीर्ष खिलाड़ियों को विकसित करना और तैयार करना चाहते हैं, और अगर हम जीत दर्ज करने में नाकाम रहे तो ऐसा नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा, मैच जीतना और फीफा अंडर-17 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हम इस उम्र में विश्व कप नहीं खेल सकते तो हम एक फुटबॉल राष्ट्र के रूप में विकसित नहीं हो पाएंगे। इस खेल का विकास हमारे दिमाग में है, लेकिन हम सभी का ध्यान मैच जीतने पर है।

रोहित, भरत और कृष क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

युवा राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप

भाषा। गंगटोक

एशियाई जूनियर चैंपियन रोहित चमोली, भरत जून और कृष पाल ने छठी युवा पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अंतिम 16 मुकाबले में उम्मीदों पर खरे उतरते हुए अपने अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले रोहित (54 किग्रा) ने अरुणाचल प्रदेश के जॉन लापुंग के खिलाफ 5-0 से जीत दर्ज कर अपना लोहा बनवाया। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें दिल्ली के उमेश कुमार की चुनौती का सामना करना होगा। मौजूदा एशियाई जूनियर मुक्केबाजी चैम्पियन कृष ने अपनी विजई लय जारी रखते हुए तेलंगाना के मोहम्मद जुनैद को 48 किग्रा के प्री-क्वार्टर फाइनल में शिकस्त दी। चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे कृष ने शुरुआत से ही रिंग में अपना दमखम दिखाया। उनके दबदबे के कारण रेफरी को पहले ही दौर में मुकाबला रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना हरियाणा के विशेष से होगा। हरियाणा के भरत (92 किग्रा) ने उत्तर प्रदेश के ऋषभ पांडे के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज की। वह अगले दौर में उत्तराखंड के रिद्धिमान सुब्बा से भिड़ेंगे।

लखीमपुर व इटावा के खिलाड़ियों ने पहले दिन जीते तीन-तीन स्वर्ण

यूपी स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप

लखनऊ। लखीमपुर व इटावा के खिलाड़ियों ने यूपी स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2023 के पहले दिन पूमसे के मुकाबलों में कमाल दिखाते हुए तीन-तीन स्वर्ण पदक जीतते हुए अपनी धाक कायम की। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित 39वीं सब जूनियरए 7वीं कैडेटए 41वीं जूनियरए सीनियर क्योरगी एवं 7वीं पूमसे चैंपियनशिप में 2000 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे है। चैंपियनशिप के पहले दिन पूमसे व क्योरगी के मुकाबले खेले गए जिसमें पहले दिन लखनऊ के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण सीनियर पेयर पूमसे के 30 साल से कम वर्ग में जीता। इसके अलावा सब जूनियर पेयर पूमसे व जूनियर बालिका टीम पूमसे में मेजबान के खातें में दो रजत पदक आये। आज बागपत व आगरा ने भी एक.एक स्वर्ण जीते। दूसरी ओर आज क्योरगी में विभिन्न आयु वर्गो में प्रारंभिक दौर के मुकाबले खेले गए। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगामी राष्ट्रीय ताइक्वांडो टूर्नामेंट्स में भाग लेने वाले उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने करते हुए बताया कि इस चैंपियनशिप के माध्यम से चयनित स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

एशियाई खेलों से पहले स्पेन दौरे से अच्छा अनुभव मिलेगा : सविता

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता का मानना है कि एशियाई खेलों से पहले स्पेन दौरे से टीम को अपनी कमजोरियों के बारे में जानने का मौका मिलेगा और जूनियर खिलाड़ी भी खुद को साबित करके एशियाई खेलों के लिए टीम में चयन का दावा पुख्ता कर पाएंगे। भारतीय टीम स्पेनिश हॉकी महासंघ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ पर स्पेन खेलने जाएगी। यह टूर्नामेंट 25 से 30 जुलाई के बीच खेला जाएगा। सविता ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , हमारे लिए यह अहम टूर्नामेंट है क्योंकि इससे उन पहलुओं के बारे में पता चलेगा जिनमें सुधार करना है। चार देशों के टूर्नामेंट में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और मेजबान स्पेन से होगा। सविता ने कहा , हम टूर्नामेंट में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलेंगे लिहाजा एशियाई खेलों से पहले खुद को आंकने का अच्छा मौका है। एशियाई खेल सितंबर अक्टूबर में चीन के हांगझोउ में खेले जाएंगे। इसमें स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी। जूनियर टीम ने पिछले सप्ताह जापान में चार बार की चैम्पियन कोरिया को 2 .। से हराकर महिलाओं का जूनियर एशिया कप जीता। सुनेलिटा टोप्पो जैसी जूनियर खिलाड़ियों को एशियाई खेलों के लिए 33 सदस्ईय कोर ग्रुप में रखा गया है जो बेंगलुरू में 11 जुलाई तक राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग लेंगी। सविता ने कहा , जूनियर टीम में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जिन्होंने हाल ही में एशिया कप जीता।